# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 23 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 316, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## इंडिगो की मूल कंपनी 22 दिसंबर से बीएसई में शामिल होगी

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाले इंटरग्लोब एविएशन 22 दिसंबर से बीएसई सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी। } 14

## श्री सत्य साईं बाबा ने सेवा मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पूज्य आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साई बाबा ने लाखों लोगों को सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। } 16





लखनऊ के हस्तशिल्प महोत्सव में प्रस्तुति देते गायक यो–यो हनी सिंह, पंजाबी गानों पर खूब थिरके राजधानी के युवा

# वैश्विक विकास मानदंडों पर गहन पुनर्विचार करने का आह्वान

### मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने के वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल बनाने का प्रस्ताव

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक विकास मानदंडों पर गहन पुनर्विचार का शनिवार को आह्वान किया और मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल तथा एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल बनाने का प्रस्ताव रखा।

वहीं दूसरी ओर शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले शासनाध्यक्षों ने अमेरिका की अड़चन के बावजूद एक घोषणापत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग मामलों के मंत्री रोनाल्ड लामोला ने सरकारी प्रसारक एसएबीसी के साथ बातचीत में इस घोषणापत्र को बहुपक्षवाद की पुष्टि करार दिया। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए एक महान पल है, क्योंकि हमारा मानना है कि इससे ( अफ्रीकी ) महाद्वीप में क्रांति आएगी। मोदी ने यहां जी-20 नेताओं की बैठक



के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20 ने लंबे समय से वैश्विक वित्त और विकास को आकार दिया है, लेकिन प्रचलित मॉडलों ने बड़ी आबादी को संसाधनों से वंचित किया है और प्रकृति के अति-दोहन को बढ़ावा दिया है और ये चुनौतियां अफ्रीका में तीव्रता से महसूस की जा रही हैं। मोदी ने एकात्म मानववाद के सिद्धांत को भी प्रस्तुत किया-जो भारत के सभ्यतागत मूल्यों का हिस्सा है। इसके बारे में उन्होंने कहा कि यह विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाने का मार्ग दिखाता है।

प्रधानमंत्री ने चार अग्रणी नयी पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत की-वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार, जी-20 अफ्रीका कौशल विकास पहल, जी-20 वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रतिक्रिया टीम, तथा मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने पर जी-20 पहल। उन्होंने कहा कि जी-20 नेताओं का शिखर सम्मेलन पहली बार अफ्रीका में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने पर ध्यान केंद्रित करना अधिक उपयुक्त है, क्योंकि यह महाद्वीप प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन का शिकार रहा है। मोदी ने समावेशी और सतत आर्थिक विकास, जिसमें कोई पीछे न छूटे विषय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो गिरफ्तार

साओ पाउलो। ब्राजील की संघीय पुलिस ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया, जब तख्तापलट की कोशिश के लिए उनकी 27 साल की जेल की सजा अगले सप्ताह शुरू होने वाली थी। बोल्सोनारो (70) के एक करीबी सहयोगी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति को राजधानी ब्रासीलिया में पुलिस फोर्स मुख्यालय ले जाया गया। बोल्सोनारो का नाम लिए बिना फोर्स ने एक बयान में कहा कि उसने ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के आदेश पर कार्वाई की। बोल्सोनारो 2019 से 2022 तक ब्राजील के राष्ट्रपति रहे थे। ब्राज़ील की संघीय पुलिस और उच्चतम न्यायालय ने मामले में कोई और जानकारी नहीं दी। बोल्सोनारो के सहयोगी एंड्रीली सिरिनो ने पुष्टि की है कि गिरफ्तारी शनिवार सुबह करीब छह बजे हुई। सिरिनो ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति को जार्डिम बोटानिको इलाके में उनके आवास से संघीय पुलिस मुख्यालय ले जाया गया।

### बीएलओ ने लगायी फांसी आयोग को बताया जिम्मेदार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के रूप में कार्यरत एक महिला का शव शनिवार को उसके आवास पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि महिला के परिवार के सदस्यों का दावा है कि महिला काम की वजह से काफी तनाव में थी और इसी वजह से आत्महत्या कर ली। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बीएलओ की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि यह अब वास्तव में चिंताजनक हो गया है। मुख्यमंत्री द्वारा साझा किए गए एक सुसाइड नोट में महिला कर्मी ने इस कदम के लिए निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार ठहराया।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- उत्तर प्रदेश में इको–टूरिज्म को मिलेगा बूस्ट (पृष्ठ–02)
- खादी महोत्सव है स्वदेशी, नवाचार का उत्सव (पृष्ठ–02)
- सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देंगी श्रम संहिताएं (पृष्ठ–14)
- बायजू रवींद्रन पर एक अरब डॉलर का जुर्माना (पृष्ठ–14)
- मक्का, मूंग की कीमतें घटाये केन्द्र : सिद्धरमैया (पृष्ठ–14)


# घुसपैठियों को निरुद्ध केन्द्र में रखेगी सरकार : योगी

### ❍ मुख्यमंत्री का जिलाधिकारियों को दिये निर्देश ❍ घुसपैठियों को चिन्हित करें ❍ बनाये जायें अस्थायी डिटेंशन सेंटर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को घुसपैठियों की पहचान कर उन पर त्वरित और सख्त कार्वाई करने के स्पष्ट निर्देश शनिवार को जारी किए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में मौजूद घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करें और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करें। इसमें कहा गया मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिलों में अवैध घुसपैठियों के लिए अस्थायी निरुद्ध केंद्र बनाने के निर्देश भी दिए हैं। बयान में कहा गया कि इन केंद्रों में विदेशी नागरिकता वाले अवैध प्रवासियों को रखा जाएगा और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक वहीं आवास सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिटेंशन सेंटर में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के तहत उनके मूल देश वापस भेजा जाएगा। उत्तर प्रदेश, नेपाल से खुली सीमा साझा करता हैं जहां दोनों देशों के नागरिक बिना रोक-टोक आ-जा सकते हैं, लेकिन अन्य देशों के लोगों पर जांच लागू होती है। योगी आदित्यनाथ ने तीन नवंबर को बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि यदि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में लौटता है, तो घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकाला जाएगा और उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठ पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करे और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि घुसपैठियों को रखने के लिए प्रत्येक जनपद में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाएं।

## सीएम योगी ने माघ मेले की तैयारियों का लिया जायजा

जिला संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को माघ मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की, फिर पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। सीएम ने कहा कि मेले की प्रगति युद्ध स्तर पर है। कल्पवासियों व श्रद्धालुओं के साथ पूरे आयोजन को भव्यता-दिव्यता के साथ संपन्न करेंगे। उन्होंने बताया कि माघ मेले की तिथि 15 दिन पहले आ रही है। तीन जनवरी को पौष पूर्णिमा, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, पहली फरवरी को माघ पूर्णिमा व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि (छह प्रमुख स्नान) होंगे। तीन जनवरी से 1 फरवरी तक यहां कल्पवासियों



की बड़ी संख्या रहेगी। लगभग 20 से 25 लाख कल्पवासी एक माह तक मेले में प्रवास कर मां गंगा की साधना व तपस्या करते हैं। इनके साथ ही मुख्य स्नान पर्वों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने आते ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शीतकालीन सत्र के लिए 10 विधेयक सूचीबद्ध

नयी दिल्ली। सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पेश करने के लिए कुल 10 विधेयकों को सूचीबद्ध किया है जिनमें निजी कंपनियों के लिए असैन्य परमाणु क्षेत्र को खोलने के प्रावधान वाला एक विधेयक भी शामिल है।

परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025 भारत में परमाणु ऊर्जा के उपयोग और विनियमन को नियंत्रित करने के उद्देश्य लाया जा रहा है। इस सत्र के लिए उच्च शिक्षा आयोग विधेयक भी सरकार के एजेंडे में है। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, प्रस्तावित कानून विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वतंत्र और स्वशासी संस्थान बनने और मान्यता और स्वायत्तता की एक मजबूत और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भारत के एक उच्च शिक्षा आयोग की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक भी परिचय के लिए सूचीबद्ध है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए तेज़ और पारदर्शी भूमि अधिग्रहण सुनिश्चित करना है। कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 भी एजेंडे में शामिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# प्रदेश में नहीं बढ़ेगा बिजली बिल

### लगातार छह साल से बिजली की दर में नहीं हुई है बढ़ोतरी

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। यूपी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। बिजली की नई दरें नहीं बढ़ाई जाएंगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने शनिवार को बिजली की नई दरें जारी कर दी हैं। दिन रात के लिए टैरिफ श्रेणी पिछले साल जैसे ही रहेंगे। यानी, अभी इन्हें प्रभावी नहीं किया जाएगा। यह लगातार छठा साल जब है जब प्रदेश में बिजली की दरों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। बिजली की नई दरों को बढ़ाने को लेकर पावर कारपोरेशन ने प्रस्ताव रखा था जिसे नियामक आयोग ने खारिज कर दिया है।

बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का 18,592 करोड़ रुपये बकाया निकला है। अब कुल बकाया राशि 51



हजार करोड़ रुपये के पार जा चुकी है। बिजली दरों में इजाफे के पहले पावर कार्पोरेशन को यह बकाया चुकता करना होगा। लिहाजा अब एक लंबे समय तक उत्तर प्रदेश में बिजली दरों में इजाफे के आसार न के बराबर रह गए हैं। उपभोक्ता परिषद पहले ही बकाये की वजह से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत की मांग कर रहा है। लगातार छठे साल दरों में इजाफा न करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 37 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हैदराबाद। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी शिवधर रेड्डी के समक्ष शनिवार को 37 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से तीन शीर्ष स्तर के माओवादी थे।

रेड्डी ने संवाददाताओं को बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में तीन राज्य समिति सदस्य, तीन संभागीय समिति सदस्य, नौ क्षेत्र समिति सदस्य और 22 अन्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सदस्य शामिल हैं। डीजीपी ने बताया कि तीन राज्य समिति के सदस्य कोय्यदा सांबैया (49) उर्फ आजाद, अप्पासी नारायण उर्फ रमेश (70), और मुचाकी सोमादा हैं। सांबैया और नारायण तेलंगाना समिति से संबंधित हैं, जबकि सोमादा माओवादियों की दंडकारण्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखण्ड में हुआ निर्णायक और सकारात्मक परिवर्तन

### शासन प्रशासन तेज, पारदर्शी व परिणाम आधारित कार्यशैली अपनायें : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। अगले पांच वर्ष उत्तराखंड के लिए निर्णायक होंगे ,हमें अपने राज्य को ऐसे मोड़ पर लेकर जाना है, जहां हर नागरिक यह महसूस करे कि राज्य निर्णायक और सकारात्मक परिवर्तन से गुजर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की एक अनौपचारिक बैठक को संबोधित करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन सहित सभी वरिष्ठ एवं युवा कअर अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक वर्तमान में चल रहे प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन (एओसी) के संदर्भ में थी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ने अपनी 25 वर्ष की यात्रा में अनेक चुनौतियों का सामना किया है और इन उपलब्धियों के पीछे राज्य के प्रशासनिक तंत्र की कड़ी मेहनत, निष्ठा और दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी ने कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और संवेदनशील प्रशासन का परिचय दिया है। इसके लिए मैं आप सभी को हृदय से साधुवाद देता हूं। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** अमेरिकी राष्ट्रपति की नयी योजना में यूक्रेन का नाटो से हमेशा के लिए दूरी, अपनी सेना में कटौती, जमीन देने का भी प्रस्ताव

# रूस–यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने के लिए ट्रंप ने पेश की 18 सूत्री योजना

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने के लिए 28 सूत्री नयी योजना पेश की और साथ ही साफ कर दिया है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के पास लड़ाई को लंबे समय तक जारी रखने का विकल्प नहीं है और उन्हें इस योजना को स्वीकार करना होगा जो रूस की ओर झुकी प्रतीत होती है।

ट्रंप पहले भी जेलेंस्की की सहमति के बिना ही यूक्रेन-रूस युद्ध को समाप्त करने की अपनी योजना पर आगे बढ़ चुके हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति उनकी सरकार की युद्ध समाप्त करने की नई योजना पर अगले बृहस्पतिवार तक प्रतिक्रिया देंगे। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हम मानते हैं कि हमारे पास शांति स्थापित करने का एक तरीका है। उन्हें



(जेलेंस्की को) इसे मंजूर करना होगा। यूक्रेन की जेलेंस्की सरकार पर भ्रष्टाचार के साथ-साथ युद्ध के मैदान से मिल रही चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है रूस लगातार उसके ऊर्जा अवसंरचना पर बमबारी कर रहा है जिससे एक बार फिर यूक्रेनवासियों के लिए सर्दी का मौसम कठिनाई भरा होने की आशंका है। जेलेंस्की का भी मानना है कि यूक्रेन अब शायद अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर का सामना कर रहा है। ट्रंप द्वारा योजना के सार्वजनिक किये जाने के बाद से जेलेंस्की ने उनसे बात नहीं की है। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा है कि आने वाले दिनों में उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत होने की उम्मीद है। ट्रंप ने नयी योजना में यूक्रेन पर दबाव ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमेरिका की शांति योजना पर यूरोपीय नेता करेंगे बैठक

कीव। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेता शनिवार को दक्षिण अफ्रीका में एक बैठक में भाग लेंगे, जहां वे रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका की प्रस्तावित योजना के विकल्प तलाशेंगे। इसी बीच, एक उच्चस्तरीय यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन के साथ सीधे वार्ता की तैयारी कर रहा है।

क्रेमलिन की आक्रामकता समाप्त करने के लिए तैयार 28-सूत्री खाका कीव और यूरोपीय राजधानियों में चिंता का कारण बना, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि इस योजना के चलते यूक्रेन एक कठिन स्थिति में आ सकता है, जहां उसे अपनी संप्रभुता की रक्षा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बंगलुरु में हुई 7.11 करोड़ रुपये की लूट

एजेंसी

बेंगलुरु। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि शहर में 7.11 करोड़ रुपये की लूट के सिलसिले में एक पुलिस कांस्टेबल समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सिंह ने कहा कि अब तक 5.76 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं और शेष राशि का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

**❍ 11 टीमें गठित कर 200 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को किया था तैनात**

सिंह ने कहा हमने 11 टीम गठित की थीं और इस काम के लिए 200 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को तैनात किया था। पूछताछ 30 से अधिक लोगों से की गई और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वाहन प्रभारी, सीएमएस इन्फोसिस्टम्स के एक पूर्व कर्मचारी और गोविंदपुरा पुलिस थाने में तैनात एक कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में कांस्टेबल अन्नप्पा नाईक, सीएमएस इन्फो सिस्टम का पूर्व कर्मचारी जेवियर और वाहन प्रभारी गोपी शामिल है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल लोगों का पता लगाने के लिए सभी दक्षिणी राज्यों और गोवा में छह टीम भेजी गई थीं। अधिकारी के अनुसार, गिरोह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म को मिलेगा बूस्ट

## कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य में बोट सफारी की क्षमता दोगुनी करने का प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म विकास बोर्ड की हालिया बैठक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य जैसे क्षेत्रों को इको टूरिज्म का हब बनाने के उद्देश्य से थारू जनजाति की सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय व्यंजनों और वन्यजीव सफारी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के प्रस्ताव पेश किए गये। इसके साथ ही पर्यटकों को विशेष अनुभव के लिए 'अनुभव - थारू संस्कृति' योजना के तहत शिल्पग्राम को विकसित करने व व थारू-थाली का विशेष प्रचार करने का प्रस्ताव भी पेश किया गया है। यूपी इको टूरिज्म की इन पहलों से न केवल पर्यटकों को अनोखा अनुभव मिलेगा, बल्कि स्थानीय समुदायों के आर्थिक उत्थान व समावेशी विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

- **थारू-थाली और चंदन चौकी शिल्पग्राम को किया जायेगा विकसित**
- **दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अनुभव-थारू संस्कृति योजना के क्रियान्वयन का प्रस्ताव**

उत्तर प्रदेश, नेपाल सीमा क्षेत्र में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य में गेरुआ नदी पर बोट या नदी सफारी का विस्तार करने का प्रस्ताव रखा गया है। वर्तमान में वन विभाग द्वारा गेरूआ नदी में दो बोटों का संचालन किया जा रहा है। नदी सफारी के लिए पर्यटकों की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने दो अतिरिक्त बोटों के संचालन की योजना पेश की है। इससे वन्यजीव अभ्यारण्य में नदी सफारी की क्षमता दोगुनी हो जाएगी और पर्यटकों को अधिक सुविधा मिलेगी। बोर्ड ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इन बोटों को पर्यावरण-अनुकूल तकनीक से लैस करने पर जोर दिया है, ताकि नदी तट पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े।




यूपी इको टूरिज्म विकास बोर्ड दुधवा राष्ट्रीय उद्यान व कतर्निया घाट के तराई क्षेत्र में रहने वाली थारू जनजाति की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने वाली 'अनुभव - थारू संस्कृति' योजना का भी प्रस्ताव भी पेश किया है। जो न केवल इन अभ्यारण्य एवं राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले पर्यटकों को एक विशेष अनुभव प्रदान करेगा साथ ही थारू समुदाय के सामाजिक-आर्थिक उत्थान व समावेशी विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी क्रम में बोर्ड 'थारू थाली' को सक्रिय रूप से प्रचारित कर रहा है। यह थाली, थारू जनजाति के पारंपरिक व्यंजनों से युक्त है, जो स्थानीय जड़ी-बूटियों, अनाज और मसालों से तैयार की जाती है। क्षेत्र के होटलों और रिसॉर्ट्स संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने मेन्यू में थारू थाली को अनिवार्य रूप से शामिल करें। साथ ही टूरिज्म बोर्ड ने ट्रेनिंग प्रोग्राम्स की भी योजना बनाई है, जहां थारू समुदाय के युवाओं व महिलाओं को खान-पान और आतिथ्य कला सिखाई जाएगी। जिससे न केवल प्रदेश में जनजातिय सांस्कृतिक संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा बल्कि समुदाय के लोगों को आय व रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

समीक्षा बैठक में एक अन्य प्रस्ताव चंदन चौकी शिल्पग्राम के विकास के लिए भी पेश किया गया है। जनजातीय विकास विभाग द्वारा निर्मित यह शिल्पग्राम पूरी तरह तैयार है, लेकिन वर्तमान में बंद पड़ा है। दुधवा क्षेत्र में स्थित यह केंद्र थारू और अन्य जनजातीय संस्कृति के कौशल व कला के प्रदर्शन स्थल के रूप में पुनः विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है। यहां हस्तशिल्प प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने सुझाव दिया कि जनजातीय विकास विभाग की सहमति से पर्यटन विभाग, इकोटूरिज्म बोर्ड या पर्यटन निगम इसे निजी निवेश के माध्यम से संचालित करेगा। इससे पर्यटकों की सुविधाएं बढ़ेंगी और इको-टूरिज्म को नया आयाम मिलेगा। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से सीएम योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश को इको टूरिज्म का हब बनाने की कार्ययोजना को बल मिलेगा साथ ही राजस्व वृद्धि व जैव विविधता संरक्षण के साथ-साथ थारू जनजाति के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

## किसान 30 नवंबर तक बीज खरीद लें : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि रबी फसलों की समयबद्ध बुवाई किसानों के लिए अधिक उत्पादन और बेहतर आय का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज अनुदानित दरों पर उपलब्ध करा रही है, ताकि गेहूँ, चना, मसूर, मटर और सरसों जैसी प्रमुख फसलों की पैदावार बढ़ाई जा सके।

कृषि विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर किसान तक समय पर बीज पहुँचे और किसी को किसी प्रकार की चिंता न करनी पड़े। कृषि मंत्री ने शनिवार को बीज उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी जिलों में पर्याप्त प्रमाणित बीज की उपलब्धता रहे। मंत्री शाही ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विभागीय आकलनों के अनुसार समय से की गई बुवाई से फसल अधिक पुष्ट विकसित होती है और उत्पादन उल्लेखनीय रूप से बढ़ता है। उन्होंने जानकारी दी कि गेहूँ की विलंबित बुवाई से प्रतिदिन उपज में कमी की संभावना तो होती है, परंतु समय पर की गई बुवाई खेती को अधिक लाभकारी बनाती है और किसानों की मेहनत का पूरा प्रतिफल सुनिश्चित करती है। प्रदेश के सभी अन्नदाताओं से अपील करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसलिए सभी किसान 30 नवम्बर 2025 के पूर्व अपने नजदीकी बीज बिक्री केंद्र से अनुदानित बीज प्राप्त कर बुवाई का कार्य पूरा कर लें। इससे वे न केवल अधिक उत्पादन और मुनाफा प्राप्त करेंगे, बल्कि प्रदेश को खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ दिलाने में भी सहभागी बनेंगे।

बैठक में कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख तथा वरिष्ठ विभागीय अधिकारी प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, विशेष सचिव कृषि ओ.पी. वर्मा, निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी, बीज विकास निगम के निदेशक पीयूष शमा आदि मौजूद थे।

# एआई के माध्यम से कृषि क्षेत्र में बड़ी क्रांति की ओर यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को तकनीकी दृष्टि से अत्याधुनिक बनाने की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश खेती के क्षेत्र में तकनीक आधारित अभिनव प्रयोगों के क्रियान्वयन एक अनुकरणीय मॉडल के तौर पर प्रस्तुत हो रहा है।

- **योगी सरकार की प्रभावी नीतियां खेती में डिजिटल तकनीकों को बढ़ावा देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने का बन रही हैं जरिया**
- **एआई संचालित तकनीकों के अभिनव प्रयोगों से खेती में कुशलता, उत्पादन व लाभप्रदता में उल्लेखनीय वृद्धि**

राज्य में योगी सरकार ने पारंपरिक खेती को आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधानों का विस्तार किया है, जिससे न केवल उत्पादन बढ़ा है, बल्कि किसानों की आय में भी बड़ा सुधार देखने को मिल रहा है। एआई के इस्तेमाल से मौसम, मिट्टी और फसल के अनुसार वैज्ञानिक परामर्श, कीट और रोग नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन तथा मार्केट एक्सेस के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश में एआई-संचालित ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली तथा डिजिटल कृषि प्लेटफॉर्म्स के कुशल क्रियान्वयन से कृषि कार्यों की पूर्ति और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है। डिजिटल कृषि मिशन के तहत लगभग 300 कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और प्रगतिशील किसान खेती को स्मार्ट बनाने के अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। एआई आधारित कीट एवं रोग निगरानी व्यवस्था के जरिए फसलों को होने वाले नुकसान में भारी कमी आई है, जिससे किसानों को राहत मिली है। मक्का की उपज 29 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक पहुंचाने तथा धान की उपज 45 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से अधिक करने की दिशा में भी प्रगति हो रही है। इससे प्रदेश तेजी से राष्ट्रीय स्तर पर उच्च उत्पादकता वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल हो रहा है।

विश्व बैंक और गूगल साझेदारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन चुका है जिसने एआई आधारित कृषि और शासन प्रणाली को बड़े पैमाने पर अपनाया है। यह प्रणाली किसानों को वास्तविक समय में मिट्टी, मौसम और फसल के अनुसार डिजिटल सलाह उपलब्ध करा रही है।

ई-नाम जैसे प्लेटफॉर्मों ने किसानों को मार्केट एक्सेस आसान बनाया है, जबकि एआई ने ऋण, बीमा और सब्सिडी जैसी सेवाओं का लाभ भी तीव्र गति से उपलब्ध कराया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फोकस कृषि से जुड़े हर किसान को तकनीक से जोड़ने और गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर है, जिसके परिणामस्वरूप किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास अब बड़े पैमाने पर सफल होते दिखाई दे रहे हैं। इन प्रयासों के जरिए उत्तर प्रदेश की एआई आधारित कृषि क्रांति न केवल राज्य के भविष्य को बदल रही है, बल्कि देश के लिए भी एक नए आदर्श मॉडल के रूप में उभर रही है।

# खादी महोत्सव है स्वदेशी, नवाचार और सशक्तीकरण का उत्सव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के तहत स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खादी महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

- **यूपी के विभिन्न जिलों से आये 160 से अधिक उद्यमी स्वदेशी व ग्रामीण उत्पादों का कर रहे प्रदर्शन**
- **खादी महोत्सव का विशेष आकर्षण हैं कौशल विकास कार्यशालाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम व आधुनिक उपकरणों का वितरण**

प्रदेश की राजधानी में आयोजित दस दिवसीय खादी उत्सव 2025 में आधुनिक संदर्भ में स्वदेशी आंदोलन को पुनर्जीवित करने, स्वदेशी शिल्पकला, स्थानीय उद्यमिता और पारंपरिक कलाओं को एक बड़े पैमाने पर सर्व समावेशी मंच के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों से 160 से अधिक उद्यमी इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं, जो पारंपरिक उत्पादों की विविध श्रृंखला प्रस्तुत कर रहे हैं। हाथ से काती गई खादी के वस्त्रों से लेकर टेराकोटा कला, हर्बल उत्पादों, आभूषणों और पर्यावरण-अनुकूल वस्तुओं तक यह प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विशिष्टता और विविधता को प्रदर्शित करती है। खादी महोत्सव में जहां एक ओर प्रदेश के विभिन्न जिलों के विशिष्ट शिल्प को जानने व खरीदने का अवसर मिल रहा है, तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण व कुटीर के उद्यमियों को अपने उत्पाद आमजन तक पहुंचाने का मंच भी मिल रहा है।



इस वर्ष खादी महोत्सव 2025 का एक प्रमुख आकर्षण लाभार्थियों को आधुनिक उपकरणों का वितरण किया जाना है। जिसके तहत दोना बनाने वाली मशीनें, पॉपकॉर्न यूनिट और इलेक्ट्रिक कुम्हार चाक शामिल हैं। यह पहल ग्रामीण व कुटीर उत्पादों की उत्पादकता बढ़ाने, महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों का समर्थन करने और ग्रामीण युवाओं के लिए सार्थक आजीविका के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। ऐसे कदम प्रदेश के परंपरागत व ग्रामीण के उद्योगों में तकनीकी उन्ययन व नवाचार को को बढ़ावा दे रहे हैं। जिससे न केवल उत्पादों की लागत में कमी आएगी बल्कि उनकी गुणवत्ता में भी सुधार होगा। बाजार स्थल और कौशल विकसित करने की जगह दोनों के रूप में डिजाइन किया गया यह खादी महोत्सव 2025 में कौशल विकास, ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, पैकेजिंग और व्यवसाय प्रबंधन पर आधारित कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं के माध्यम से खादी व ग्रामीण उत्पादों को स्थानीय बाजारों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक विस्तार करने एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था में स्वदेशी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चुनाव आयोग बिना किसी तैयारी के एसआईआर करा रहा : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग बिना किसी तैयारी के एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) करा रहा है। बीएलओ को ट्रेनिंग नहीं दी गई। चुनाव आयोग सभी राजनैतिक दलों के लिए एक एसओपी जारी करे और एसआईआर का समय को बढ़ाया जाय।

- **सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर उठाये सवाल**



समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और उसके अधिकारी 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन विधान सभा सीटों पर समाजवादी पार्टी और इण्डिया गठबंधन जीता है वहां पर एसआईआर के बहाने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पचास हजार वोट काटने की साजिश कर रहे है। यही षडयंत्र बंगाल में भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 में लोक सभा चुनाव के बाद भाजपा और चुनाव आयोग सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल पर फोकस कर रहा है। यही दोनो राज्य सबसे जाता टार्गेट पर है।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव देखने के बाद पता चलता है कि भाजपा चुनाव आयोग से मिल कर उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में बड़ी तैयारी कर रही है। हम लोग चुनाव आयोग संस्था से निष्पक्षता की उम्मीद करते है। हम चाहते है कि आयोग हमारी शिकायते सुने और उन पर कार्यवाही करे। उत्तर प्रदेश के विधान सभा उप चुनाव और रामपुर लोक सभा उप चुनाव में सभी लोगों ने चुनाव आयोग की भूमिका को देखा है। उप चुनाव निष्पक्ष नहीं हुए सपा ने तमाम शिकायते की लेकिन आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की इससे पहले सपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद उन मतदाताओं की सूची दी, जो वोट नहीं डाल पाए। जिनका नाम मतदाता सूची से जानबूझ कर डिलीट कर दिया गया था या इधर उधर कर दिया गया था। जिसके कारण 2022 में सपा सरकार नहीं बना पाई सपा ने काटे गए नामों की जो सूची दी थी उस पर कुछ जिलाधिकारियों ने बाते कहीं लेकिन जब हमने सवाल किये तो उनके पास कोई जवाब नहीं था। अखिलेश यादव ने कहा कि बीएलओ एसआईआर में पूरा सहयोग नहीं कर रहें है। उन्हें ट्रेनिंग नहीं दी गई। गणना पत्र फार्म भरने में तमाम तरह की समस्यायें आ रहीं है। लोगो को 2003 की मतदाता सूची से जानकारियां हासिल करने में बहुत दिक्कते हो रही है। बीएलओ एक ही जगह बैठ जाते है। उन्हे ढूंढना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओ से अपील की कि पूरे जिम्मेदारी के साथ वोटर लिस्ट ठीक कराये जो वोट बनने वाले है। बीएलओ से मिल कर उन सभी को बनवाए कोई भी वोट कटने न पाये जो भी शिकायतें मिलें उसे सपा प्रदेश कार्यालय तक जरूर पहुंचाये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार साजिश के तहत कन्नौज समेत कई जिलो में बड़े पैमाने पर वोटो में हेता फेरी करा रही है। वोट हटा रही है। कार्यकर्ताओं को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। भाजपा हर विधानसभा में 50 हजार वोट हटाने की जो साजिश कर रही है। उससे निपटने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता तैयार रहें।

## योगी आदित्यनाथ, अखिलेश समेत कई नेताओं ने दी जयंती पर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव समेत राज्य के कई नेताओं ने शनिवार को सपा के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने एक्स पर पोस्ट कर कहा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। अपने पिता और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपा प्रमुख एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, सिद्धांत आपके, संकल्प हमाराउ नेता जी की जयंती पर नये संकल्पों से भरा हार्दिक नमन।

यादव ने कहा, समाजवादी मूल्यों को समर्पित आपका जीवन हम सबके लिए वो अखंड प्रकाश स्तंभ है जो हमेशा राह दिखाता रहा है और दिखाता रहेगा। सपा सांसद डिंपल यादव ने एक्स पर कहा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण श्रद्धेय नेताजी मा. मुलायम सिंह यादव जी की जयंती पर शत शत नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। उनका जीवन राष्ट्र और समाज के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवंबर 1939 को इटावा जिले के सैफई गांव में हुआ था। वह 1989 में पहली बार, फिर 1993 और 2003 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। वह देश के रक्षा मंत्री भी रहे। यादव 1977 में जनता पार्टी की सरकार में पहली बार मंत्री बने थे। मुलायम सिंह यादव ने 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना की। समाजवादी विचारक और नेता राम मनोहर लोहिया से प्रेरित यादव जमीनी स्तर पर अपने गहरे जुड़ाव और पिछड़े वर्ग की लामबंदी के लिए जाने जाते थे। मुलायम को मरणोपरांत वर्ष 2023 में पद्म विभूषण से भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया। उनका 10 अक्टूबर 2022 को 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

## हर जगह एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भ्रम : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने सरकार द्वारा लागू की जा रही एसआईआर प्रक्रिया को पूरी तरह अव्यवस्थित, अपारदर्शी और आम जनता के लिए कष्टदायी मानते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है। आयोग द्वारा 96.22 प्रतिशत गणना प्रपत्र (फॉर्म) बांटने का दावा किया जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार 60 प्रतिशत से अधिक नागरिकों को अब तक गणना प्रपत्र उपलब्ध ही नहीं कराए गए हैं। यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि सरकार और संबंधित विभागों द्वारा किये जा रहे दावों तथा वास्तविक स्थिति में भारी अंतर है। ग्रामीण और शहरी—दोनों क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। सिंह ने आरोप लगाया है कि आम लोगों को बिना किसी स्पष्ट दिशा-निर्देश के बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गरीब, मजदूर, वंचित और हाशिये पर रहने वाले वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं, जो बेवजह अपनी पहचान से संबंधित दस्तावेज बनवाने में समय और धन खर्च करने पर मजबूर हैं। किसी भी प्रक्रिया का उद्देश्य जनता को सुविधा देना होना चाहिए, न कि उन्हें भय, भ्रम और अनावश्यक बोझ तले दबाना।

### बिल सही आने की गारंटी चाहिए : लोकदल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार छठे वर्ष बिजली दरें न बढ़ना स्वागतयोग्य है, लेकिन यह जनता की मूल समस्या का समाधान नहीं है। प्रदेशभर में उपभोक्ता जिस संकट से जूझ रहे हैं, वह स्मार्ट मीटरों की गड़बड़ियों का है। लाखों उपभोक्ताओं के बिल अचानक कई गुना बढ़ गए हैं, मीटर तेज दौड़ रहे हैं और शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने बयान जारी कहा कि बिजली दर स्थिर रखना तभी सार्थक है जब उपभोक्ता सही बिलों से राहत महसूस करें। स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली पर प्रदेश-व्यापी स्वतंत्र तकनीकी ऑडिट कराया जाए, उपभोक्ता शिकायत निवारण को समयबद्ध बनाया जाए और जिनके बिल गलत आए हैं, उन्हें तत्काल सुधार एवं समायोजन दिया जाए। सरकार को यह समझना होगा कि जनता को दर न बढ़ाने की नहीं, बिल सही आने की गारंटी चाहिए।

# अयोध्या का वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में बड़ा योगदान, सालाना 4 लाख करोड़ का होगा कारोबार

## जनवरी से जून के बीच लगभग 23 करोड़ पर्यटक आये, वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में मिलेगी मदद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अयोध्या में ध्वजारोहण कार्यक्रम से रामनगरी का गौरव विश्व में अपने व्यापक स्वरूप में आलोकित होने लगेगा। श्रीराम मंदिर की ध्वजा पर भगवान सूर्यदेव विराजमान हैं। सूर्यवंशी प्रभु श्रीराम की नगरी में ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद पर्यटन में तेजी के संकेत मिल रहे हैं। आध्यात्मिकता, प्राचीनता और दैवीय गुणों को समेटे हुए ध्वज की छटा देखने के लिए विश्व से बड़ी संख्या में पर्यटक अयोध्या पहुंचेंगे। इससे अयोध्या के पर्यटन में पहले से ज्यादा उछाल आने वालीहै






**पर्यटन से राजस्व के 4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान :** अयोध्या में जनवरी-जून 2025 के बीच करीब 23 करोड़ पर्यटक आए थे। दिसंबर 2025 तक करीब 50 करोड़ पर्यटकों के शहर पहुंचने की उम्मीद है। पर्यटकों की संख्या में वृद्धि से आने वाले कुछ वर्षों में अयोध्या का पर्यटन 4 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2029 तक उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने को लेकर एक व्यापक कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं। अयोध्या का पर्यटन सीएम योगी के इस मिशन को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। अयोध्या उत्तर प्रदेश के जीएसडीपी में अभी 1.5% योगदान कर रहा है। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से अयोध्या की हिस्सेदारी और बढ़ जाएगी।

**अयोध्या बन रहा है पर्यटन का सबसे बड़ा हब :** श्रीराम मंदिर बनने के बाद अयोध्या में पर्यटकों का तांता लगा रहता है। राम मंदिर और उससे जुड़े निर्माण कार्य में अब तक लगभग 2150 करोड़ रुपए खर्च किया जा चुका है। यहां के होटल, रेस्टोरेंट, दुकानें, टूर एंड ट्रैवेल्स, पूजा सामग्री और प्रसाद के कारोबार रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रहे हैं। अयोध्या में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 76 से ज्यादा होटल खुल चुके हैं। निजी क्षेत्र की होटल कंपनियां आईएचसीएल, मैरियट, रैडीशन, कामट, लेमन ट्री बड़ी मात्रा में निवेश कर रही हैं। देश और दुनिया से आने वाले पर्यटकों की सुख-सुविधा का पूरा ध्याम रखा जा रहा है।

**उत्तर प्रदेश के पर्यटन में अयोध्या की हिस्सेदारी बढ़ी :** 2028 तक उत्तर प्रदेश का पर्यटन सेक्टर 70,000 करोड़ का उद्योग बन जाएगा। इसमें अकेले अयोध्या का योगदान लगभग 25% होगा। अगर इसी तरह की ग्रोथ पर्यटन क्षेत्र में आगे देखने को मिलती है तो 4 लाख करोड़ राजस्व का टारगेट आसानी से प्राप्त कर लिया जाएगा। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद तीर्थयात्रा से जुड़े उ ?द्योगों का वार्षिक कारोबार दिनों दिन बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में केवल आर्थिक विकास ही नहीं हुआ, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिल रही है। उत्तर प्रदेश में मंदिर और उससे जुड़ी गतिविधियों ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में करीब ?1.25 लाख करोड़ का योगदान किया है।

**आध्यात्म से आर्थिक विकास की यात्रा :** अयोध्या केवल धार्मिक केंद्र न रहकर आर्थिक क्रियाकलापों का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। रामनगरी की पर्यटन वृद्धि केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के एक बहुआयामी आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की कहानी है। इससे अयोध्या विकास के नए मापदंड स्थापित कर रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के पहले से ही सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में हो रहे दीपोत्सव ने साल दर साल नया कीर्तिमान स्थापित किया और देश-विदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या की तरफ आकर्षित किया। अब अयोध्या में होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे न केवल स्थानीय व्यापारियों के रोजगार में और वृद्धि होगी, बल्कि लघु उद्यमियों और हस्तशिल्पियों के व्यापार को भी गति मिलेगी।

संक्षेप

## पुरानी रंजिश में हुई मारपीट, केस दर्ज

**प्रतापगढ़**। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे शिवावैश्य गांव निवासी नितेश यादव पुत्र जगदीश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस नवंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के मोहित सिंह पुत्र रणजीत सिंह, बजरंगी सिंह, रणजीत सिंह उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोप है कि गालीगलौज करते हुए आरोपियों ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## डीएम ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर**।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बहुउदेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति /राजकीय धान क्रय केन्द्र पीसीएफ/बी पैक्स इटवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन द्वारा स्टाक रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर, सम्पर्क रजिस्टर आदि को देखा गया। डीएम ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानो से वार्ता कर धान को क्रय केन्द्र पर बेचने हेतु प्रोत्साहित करें तथा रजिस्टर में उसका अंकन भी करे। धान की खरीद करने के पश्चात धान को अनुबन्ध किये गये राइस मिल पर समय से धान की कुटाई हेतु भेजें। क्रय केन्द्र पर धान का स्टाक न रखें। किसानों को 48 घंटे के अन्दर उनके खाते में भुगतान करायें। डीएम द्वारा समिति पर खाद वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों में खाद वितरण करने का निर्देश दिया।

## सांसद पाल ने दिव्यांगों को उपकरण बांटे

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**। डुमरियागंज ब्लाक परिसर में दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग ने पूर्व में चिन्हित तहसील क्षेत्र के दिव्यांगजनों को शनिवार को सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल और विशिष्ट अतिथि डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने 68 दिव्यांगो मे सहायक उपकरण जिसमे 34 ट्राईसाईकिल, 60 बैसाखी, 11 व्हीलचेयर, 9 श्रवण यंत्र (कान मशीन) आदि वितरण किया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार न केवल उपकरण वितरण कर आवागमन सुगम बनाने बना रही साथ ही दिव्यांगता पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, दुकान निर्माण के साथ दिव्यांगजनों की शादी में अनुदान देकर मुख्य धारा में शामिल करने की अनेक योजनाएं चला रही है। जबसे पीएम मोदी बने तथा प्रदेश में योगी की सरकार बनी है यदि कोई बच्चा जन्म के समय या घटना में दिव्यांग हो जाता तो उसके लिए पढ़ाई से लेकर खेलकूद व रोजगार तक अवसर उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अमर नाथ सिंह सोनू, राम कुमार उर्फ चिंकू यादव, नासिर, राजू पाल, कमलेश चौरसिया, कसीम रिजवी आदि मौजूद रहे।

## बीएलओ को स्पष्टीकरण जारी

**सिद्धार्थनगर**। गत 22को डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने जनपद के विभिन्न तहसीलो का दौरा कर हाल जाना, गत शनिवार को डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान- 2025 के अंतर्गत तहसीलों का निरीक्षण किया गया, जिसमे पाया गया कि कुछ इछड द्वारा 10% से भी कम रक्क्रका कार्य किया ग्है। 10% से कम काम करने वाले इछड को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया गया साथ ही साथ कठोर चेतावनी के निर्देश भी दिये।

# डीएम ने एसआईआर कार्य की प्रगति जानी



**श्रावस्ती**। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एस आई आर-2026) के तहत जनपद में निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने तहसील भिनगा के वार्ड संख्या-08 में स्थित प्राथमिक विद्यालय बनकटवा एवं प्राथमिक विद्यालय बगुरैया का औचक निरीक्षण कर एस.आई.आर. कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद बी0एल0ओ0 से भरे गए प्रपत्रों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य एक शुद्ध, पारदर्शी एवं सटीक निर्वाचक नामावली तैयार करना है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे। साथ ही मृत, डुप्लीकेट, शिफ्टेड अथवा अनुपस्थित मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित बी0एल0ओ0 एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर**। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2025 के अंतर्गत तहसील इटवा एवं तहसील डुमरियागंज के मतदाता पुनरीक्षण कार्य का डीएम शिवशरणप्पा जीएन द्वारा निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 के अन्तर्गत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा को बांटे गये गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) एवं जमां किये गये प्रपत्र के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। डीएम ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि लेखपाल द्वारा अपने क्षेत्र के बीएलओ से समन्वय स्थापित करते हुये सभी मतदाताओं को घर घर जाकर गणना प्रपत्र प्राप्त करा दें तथा मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र भरने के बाद उसको बीएलओ, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधानों के माध्यम से प्राप्त कर लें। गणना प्रपत्र की फीडिंग में प्रगति लायें। जो लेखपाल अच्छा कार्य कर रहे हैं उनको फील्ड में भेजकर कार्य में प्रगति लायें। जिन बीएलओ की प्रगति कम है उनके सहयोग में किसी कर्मचारी को लगाकर कार्य में प्रगति लायें। तहसील डुमरियागंज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में बेहतर कार्य करने पर डीएम ने बीएलओ को सम्मानित किया।

## नपाध्यक्ष चमन आरा राईनी व पूर्व नपा.मो. इद्रीश ने मुलायम सिंह को दी श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता (vol)

**बांसी, सिद्धार्थनगर**। बांसी कस्बे में स्थित समाजवादी पार्टी के नगर कार्यालय में शनिवार को समाजवादी पार्टी के संस्थापक भारत के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने मुलायम सिंह यादव के




चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव और नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव गरीबी, मजलूमों, किसानों, मजदूरों के सच्चे हितैषी थे उन्होंने पूरा जीवन समझ के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए संघर्ष किया।कार्यक्रम को पूर्व नपा अध्यक्ष, मोहम्मद इदरीस पटवारी ने भी महत्वपूर्ण बचनों से संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला सचिव सैयद मोहम्मद कुतुब , नगर अध्यक्ष कपिल देव , सभासद साकिर अली , सब्बू खान ,करीम राईनी, अजहरुद्दीन खान, अब्दुल कयूम शेख,पवन यादव, मैनुद्दीन अभिषेक सहित तमाम सपा के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया ।

## 261 वाहनों का चालान और 286500 रुपये लगाया शमन शुल्क की।

**सिद्धार्थनगर**। यातायात प्र0 अमरेश कु0 ने यातायात माह के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप /पुलिस लाइन परिसर मे स्कूली बच्चों की जागरूकता के संबंध मे निबंध/चित्रकला प्रतियोगिता कराने के साथ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने वालो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर की गयी प्रवर्तन की न सिर्फ कार्यवाही किया, अपितु 261 वाहनों का चालान करते हुए 286500 रूपए शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए पुलिस सिनियर अधिकारियों के अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकेत दिया है। गत 22.नवमबर को पुलिस अधीक्ष डाङ्ग अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में , अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात विश्वजीत शौर्ययान के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात में टीम द्वारा यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, कस्बा बाँसी, बाँसी रोडवेज आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट्स वितरण किया गया एवं कुहरो मे दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाया गया साथ ही आज के विशेष अभियान के तहत दुर्घटना से बचाव हेतु रघुवर प्रसाद इङ्कङ्काङ्ग, केंद्रीय विद्यालय, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, जयकिसान इंटर कालेज बच्चों को यातायात जागरूकता हेतु पुलिस लाइन परिसर मे चित्रकला/निबंध प्रतियोगिता कराते हुए पम्पलेट्स वितरित किया गया एवं सघन चेकिंग अभियान चलाकर दो पहिया पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना थी उनका ट. श. अूइ, के तहत कुल 261 वाहनों का चालान करते हुये 286500 रुपए शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

## जिला अस्पताल में एमआरआई सुविधा शुरू



श्रावस्ती। जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश सरकार के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग तथा श्रावस्ती के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्थापित अत्याधुनिक एमआरआई (मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग) मशीन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर शुभारंभ किया।

इस सुविधा की शुरूआत से अब जिला स्तर पर ही मरीजों को एमआरआई जांच उपलब्ध हो सकेगी, जिससे अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी तथा समय व धन दोनों की बचत होगी।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। जिला अस्पतालों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार नजदीक ही मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई मशीन से गंभीर बीमारियों जैसे ट्यूमर, मस्तिष्क व रीढ़ की जांच, जोड़ व अन्य जटिल रोगों का सटीक निदान संभव होगा।

जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि एमआरआई मशीन की क्षमता प्रतिदिन लगभग 20-25 मरीजों की जांच की है। शासन द्वारा निर्धारित रियायती दरों पर यह जांच सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीज भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि मशीन का संचालन सुचारू रखा जाए और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कार्यक्रम में विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद पद्मसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, जनप्रतिनिधि व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संसद में शीतकालीन सत्र में पारित हो अधिवक्ता सुरक्षा कानून

- **रायबरेली कलेक्टेज्ट कचहरी में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर वकीलों ने भरी हुंकार, किया प्रदर्शन**

**रायबरेली**। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर शनिवार को यहां आल इण्डिया रूरल बार एसो# के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की संयुक्त अगुवाई में लखनऊ से चलकर अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा रायबरेली पहुंची। एसोसिएसन के प्रांतीय सचिव आशुतोष ओझा व वरिष्ठ अधिवक्ता नरेन्द्र पाण्डेय क्रांतिकारी के साथ बडी संख्या में अधिवक्ताओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर कलेक्टेज्ट कचहरी में अधिनियम के समर्थन में नारेबाजी करते हुए साथी अधिवक्ताओं को जागरूकता प्रदान की। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में केन्द्र विधि एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा यदि अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर कानून नही लाया गया तो एसोसिएसन के द्वारा संसद सत्र के दौरान संसद भवन के सामने अनवरत विरोध प्रदर्शन जारी दिखेगा। उन्होने कहा अधिवक्ताओं की सुरक्षा करना सरकार का संविधान में वर्णित सबसे बड़ा मौलिक कर्तव्य है। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के जरिये देश में अन्याय के खिलाफ न्याय के संघर्ष को मजबूती मिलेगी। अधिवक्ताओं ने विधेयक के समर्थन में यात्रा के दौरान जमकर नारेबाजी भी की। वहीं कलेक्टेज्ट में अधिवक्ता सुरक्षा तथा बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन व कल्याणकारी योजनाओं को लेकर संवाद का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रायबरेली कलेक्टेज्ट बार एसोसिएसन के अध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता महासुख चौधरी ने किया। इस मौके पर राजेश यादव, मो0 अरफाज, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, आराधना, सोनिका सोनी, अभिषेक त्रिपाठी, कमलेश मौर्या, लाल बहादुर यादव, पूनम मौर्या, बृजेश बहादुर सिंह, विश्वपाल सिंह, धनेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव, रत्नेश तिवारी, रामदास चौधरी, सुशील कुमार श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

## 30 किलो मांस के साथ दो महिलाएं पकडीं

मथुरा। छाता कोतवाली क्षेत्र में गौ रक्षक दल टीम कमल ठाकुर ने 30 किलो मांस के साथ दो महिलाओं को पकड़ा है। उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया है। गौ रक्षक दल के कार्यकताओं ने बताया कि ये महिलाएं मथुरा की ओर जा रही थीं। उनके पास एक पोटली थी, जिससे अजीब तरह की बदबू आ रही थी। मांस होने की आशंका पर उन्हें छाता कोतवाली लाया गया। महिलाओं ने पुलिस को बताया कि वे किसी से कच्चा मांस लेकर आ रही थीं और इसे अपने घर ले जा रही थीं। छाता थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने जानकारी दी कि इस मामले में तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी गई है। बरामद मांस को परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## शहीद सुशील चौधरी की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न

**कटरा, श्रावस्ती**। पंचायत भवन कटरा प्रांगण में शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील चौधरी के सम्मान में शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील चौधरी का जन्म 18 अप्रैल 1970 को कटरा के चौधरी परिवार में हुआ था। वे जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मंडी सेक्टर में तैनाती के दौरान 22 नवंबर 2005 को आतंकियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में शहीद हो गए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए विधायक प्रतिनिधि अवधेश कुमार पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि चौधरी परिवार ने राष्ट्रहित में सर्वोच्च बलिदान देकर पूरे क्षेत्र को गर्व से ऊँचा कर दिया है। देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों की शौर्यगाथा हमेशा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। गोष्ठी का संचालन करते हुए महेश चौधरी ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील चौधरी की देश सेवा और वीरता अविस्मरणीय है। वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जनपद के लिए प्रेरणा-स्तंभ बने रहेंगे। इस दौरान अभिनव चौधरी, ग्राम प्रधान छांगुर प्रसाद, पुलूर निषाद, आचार्य देवमणि पांडेय, मनोज कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।




## समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण करायें निस्तारण : एसपी




**प्रतापगढ़**। जिले के पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर शनिवार को लीलापुर थाने पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने शिकायतों पर सुनवाई करते हुए मातहतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होने समाधान दिवस के बाद अपराध रजिस्टर, मालखाना, आगन्तुक पंजीकरण, शस्त्र रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, सीसी टीएनएस से सम्बन्धित अभिलेखों एवं उसके रखरखाव का निरीक्षण किया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को पारदर्शिता से जनता की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के कड़े निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में कुल बारह शिकायतें आयी। जिनमे निस्तारण शून्य रहा। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय ने वांछित सूचनाएं उपलब्ध करायीं। वहीं कोतवाली लालगंज में कुल आयी छः समस्याएं में से एक का मौके पर निस्तारण कराया गया। यहां प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने सुनवाई की। वहीं सांगीपुर में आयी कुल सत्रह शिकायतो मे दो का निस्तारण हुआ। वही उदयपुर में एक शिकायत आयी। जिसके निस्तारण के लिए टीम भेजी गयी।

## भागवत कथा श्रवण से मिला करता है मोक्ष

**प्रतापगढ़**। नगर के मनीपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास बिठूर धाम कानपुर से पधारे अखिलेश जी महराज ने कहा कि कलियुग में भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्त हुआ करती है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही उनकी बाल लीलायें भी आरम्भ हो गयीं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर समूचा पाण्डाल नंद के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में नृत्य करने लगे। कथाव्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का वध करने के लिये कंस ने पूतना समेत कई शक्तिशाली राक्षसों को भेजा लेकिन सभी मारे गये। कथाव्यास आचार्य अखिलेश जी महराज ने कहा कि भागवत कथा को सुनने मात्र से मन को शांति मिला करती है और अहंकार का नाश होता है। मुख्य यजमान गया प्रसाद तिवारी, जानकी देवी तथा ओमप्रकाश तिवारी फौजी व शांती देवी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजन जमुना प्रसाद तिवारी ने किया। लाल बिहारी तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर दिनेश तिवारी, राकेश तिवारी, अखिलेश मिश्र, धर्मेन्द्र तिवारी, मनोज तिवारी, रवीन्द्र मिश्र, दीपक तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजेश तिवारी, सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे।

## डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

सिद्धार्थनगर। शासन के मंशा अनुरूप डीएम शिवशरणप्पा जीएन अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में थाना कोतवाली जोगिया में थाना समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा सुना गया। ज्यादातर प्रकरण भूमि विवाद एवं नाली से संबधित था। समस्त राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, वरासत, बंटवारा आदि के जो प्रकरण हैं उनका मौके पर जाकर सही ढंग से निस्तारण करायें। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देश दिया कि मौके पर जाकर नाली का विवाद, चकमार्ग का विवाद व जमीन बटवारा व अवैध कब्जा/पट्टा प्रकरणो को शिकायतकर्ता की उपस्थिति में निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल के साथ मौके पर जाये। अधिकतम प्रकरणो को निस्तारण करायें, प्रकरण लम्बित कदापि न रखा जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में आये सभी शिकायतकताओं से अपील करते हुए कहा कि आपस में मिलकर रहे। किसी प्रकार का लड़ाई-झगड़ा न करे। जो भी प्रकरण आये है उसका निस्तारण मौके पर जाकर राजस्व के अधिकारी/कर्मचारी करायेंगे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सुजीत राय, थानाध्यक्ष जोगिया, राजस्व निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूचना का अधिकार व्यवस्था को पारदर्शी बनाने में उपयोगी



**प्रतापगढ़**। राज्य सूचना आयुक्त ने शनिवार को यहां सूचना अधिकार 2005 को लेकर अधिवक्ताओ तथा प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद किया। वही राज्य सूचाना आयुक्त के यहां अझारा लालगंज पहुंचने पर अधिवक्ताओं तथा सामाजिक संगठनो से जुडे लोगों ने स्वागत भी किया। राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने कहा कि सूचना का अधिकार व्यवस्था को पारदर्शिता बनाने में सर्वाधिक उपयोगी साबित हुआ है। उन्होने कहा कि प्रशासनिक इकाई में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सूचना के अधिकार को मजबूत आयाम दिया जा रहा है। उन्होने लोगों से कहा कि इन कानून के तहत यदि निर्धारित समय के भीतर उन्हें सूचना नही प्राप्त होती तो वह राज्य सूचना आयोग को शिकायत कर सकते हैं। कार्यक्रम में दीपेन्द्र तिवारी व पप्पू तिवारी ने राज्य सूचना आयुक्त का माल्यार्पण व शॉल तथा भगवान श्रीराम का चित्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। वहीं राज्य सूचना आयुक्त ने रानीगंज में भी अधिवक्ताओं, प्रबुद्ध वर्गो व मीडियाकर्मियों के साथ बैठक की। इस मौके पर प्रदीप मिश्र, अजय मिश्र, अशोक तिवारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेष मिश्र, सिद्धार्थ ओझा, सौरभ तिवारी, अरविंद पाण्डेय, पंकज द्विवेदी, अरविंद द्विवेदी, चैतन्य मिश्र, रवि शुक्ल, आदि रहे।

# कुश्ती भारतीय खेल की है स्वर्णिम धरोहर : प्रमोद तिवारी

- **सेमरा में राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में दिल्ली के नवाज पहलवान को मिला चैम्पियनशिप खिताब**





**प्रतापगढ़**। अठेहा क्षेत्र के सेमरा में दो दिवसीय राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में कई राज्यों के पहलवानो का रोमांचक दमखम देखने को मिला। छियासी हजार की रोमांचक फाइनल कुश्ती दिल्ली के नवाज पहलवान तथा राजस्थान के राजू पहलवान के बीच हुई। इसमें दिल्ली के नवाज ने राजू को पटखनी देते हुए फाइनल कुश्ती का खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार की देर शाम हुए समापन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विजेता पहलवानों को चैम्पियनशिप व शील्ड प्रदान किये। उन्होने क्षेत्रीय एवं जिले के पहलवानों के साथ अन्य राज्यों से आये हुए पहलवानों की हौसला आफजाई करते हुए स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से नकद पुरस्कार भी बांटे। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कुश्ती भारतीय खेल प्रतियोगिता की स्वर्णिम धरोहर है। उन्होने कहा कि भारत के खिलाड़ियों के द्वारा कुश्ती के साथ अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी आज सफलताओं के साथ तिरंगे का परचम लहराया जा रहा है। उन्होने हाल ही में महिला विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता में देश को मिली विश्व चैम्पियनशिप को भारतीय बेटियों के शौर्य का शानदार प्रदर्शन कहा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने विश्वस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भी भारतीय बेटियों के द्वारा हासिल किये गये सात स्वर्ण पदकों को भी देश के नाम अनूठा कीर्तिमान कहा। राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में फकीर बाबा व शैतान सिंह की कुश्ती देखकर हजारों दर्शक दांतो तले उंगली दबा बैठे। इसमें फकीर बाबा को विजय मिली। वहीं लकी थापा व ज्वाला सिंह के बीच कुश्ती में लकी बाबा व लॉडी बाबा एवं जल्लाद पहलवान की कुश्ती में लाडी बाबा ने जीत हासिल की। इसके पहले दंगल प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष अनवारूल हसन ने समिति की ओर से सांसद प्रमोद तिवारी को सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने किया। ग्राम प्रधान अशोक ने स्वागत तथा लव सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर सरवर खान, इबरार खान, रियाजुल, अयूब, राममिलन गुप्ता, नसीम, बृजेश, रामगरीब, राजू मिश्र, रोहित सिंह, त्रिभु तिवारी आदि मौजूद रहे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्व0 राम प्रकाश | भवन संख्या-3/1391 सेक्टर-3 | जानकीपुरम विस्तार योजना | 19.01.2023 | श्रीमती बिन्देश्वरी पत्नी स्व0 राम प्रकाश | 1. रोहित पुत्र, 2. राहुल पुत्र, 3. ज्योति पुत्री, 4. मनीषा पुत्री | पत्नी |
| 2 | स्व0 सुशीला वर्मा | भवन संख्या- DS/576 सेक्टर-सी | सीतापुर रोड योजना | 27.06.2022 | श्री दीपक वर्मा | 1. ज्योति वर्मा पुत्री, 2. रामचन्द्र वर्मा पति 3. जूली वर्मा पुत्री | पुत्र |
| 3 | स्व0 तपन कुमार भट्टाचार्जी | भूखण्ड संख्या-सी-229 सेक्टर-ए | महानगर | 16.01.2021 | श्री अभिजीत भट्टाचार्जी एवं श्री आशुजीत भट्टाचार्जी पुत्र स्व0 तपन कुमार भट्टाचार्जी | – | पुत्र |
| 4 | स्व0 चन्द्रा सिंह | व्या0 भूखण्ड संख्या- डी-156, विभूति खण्ड | गोमती नगर योजना | 08.11.2024 | 1. श्रीमती रश्मि सिंह | – | पुत्री |
| 5 | स्व0 ओम प्रकाश अग्रवाल | व्या0 भूखण्ड संख्या- टी0सी0वी0-99, विभूति खण्ड | गोमती नगर योजना | 12.06.2019 | श्री आशीष कुमार अग्रवाल | 1. श्रीमती प्रमिला अग्रवाल-पत्नी 2. श्रीमती प्रिया अग्रवाल-पुत्री | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## झोलाछाप डॉक्टर के यहां छापेमारी

**बकेवर, इटावा।** स्वास्थ्य विभाग के झोलाछाप नोडल अधिकारी डा. सत्येन्द्र यादव द्वारा टीम के साथ शनिवार को ग्राम अहेरीपुर में संचालित एक क्लीनिक पर छापेमारी करके वहां मरीजों से पूंछतांछ करते हुए एलोपैथिक दबाएं व इन्जेक्शन बरामद किये। इसके अलावा महेवा में भी एक महिला की एक क्लीनिक पर हुई मौत की भी पहुंचकर जांच करते हुए दोनों को सीएमओ आफिस में रजिस्ट्रेशन के कागज प्रस्तुत करने को कहा गया। झोलाछाप डाक्टरों के यहां हो रही मरीजों की गलत इंजेक्शन व दवाएं देने से मौतों के चलते स्वास्थ्य विभाग सजग हुआ इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी झोलाछाप डा सत्येन्द्र यादव ने अपनी टीम के साथ ग्राम अहेरीपुर में संचालित चांदसी क्लीनिक तिवारी मार्केट में छापामारी की जहां पर अरुण विश्वास पांच मरीजों का इलाज करते हुए मिले। वहां पर मौजूद अरुण विश्वास से बात की व रजिस्ट्रेशन के बाबत पूछा तो उन्होंने इसका रजिस्ट्रेशन ओमप्रकाश सिंह निवासी नगला जगपुरा मॉट मथुरा के नाम पर बताया गया जो कि इटावा चले गये। लेकिन उपस्थित पांचों मरीजों ने अरुण विश्वास को ही डाक्टर बताया। इसके बाद उन्होंने महेवा में संचालित श्रीराम क्लीनिक पर पहुंचे जहां पर करीब 15 दिन पूर्व शकुन्तला देवी पत्नी अशोक कुमार निवासी शौहरी गढिया अजीतमल की गलत दबाई से मौत की खबर सोशल मीडिया पर चली थी। तो उनसे भी पूंछतांछ की गयी। नोडल अधिकारी डाक्टर सत्येन्द्र यादव की इस कार्रवाई से झोलाछाप बकेवर, लखना नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में संचालित झोलाछाप डाक्टरों में हडकम्प मचा हुआ है।

## जहरा की शहादत पर मजलिसें शुरू

**इटावा।** रसूले खुदा की इकलौती मजलूमा बेटी फातिमा जहरा की शहादत पर पांच दिवसीय मजालिसों का आयोजन शरीफ मंजिल सैदबाड़ा इटावा में शुरू हो गया। मजलिस में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शरीफ मंजिल में पहली मजलिस का शुभारंभ सलीम रजा व सफीर हैदर ने सोजख्वानी से किया। अश्शू रिजवी, सलमान रिजवी ने कलाम पेश किए। तनवीर हसन ने नोहा ख्वानी की। मजलिस में तकरीर करते हुये जनपद कानपुर से आये मौलाना फीरोज हैदर ने कहा अल्लाह फरमाया कि मोहम्मद न होते तो कायनात में कुछ न होता, पूरी कायनात मोहम्मद के सदके में बनाई। अल्लाह फिर फरमाता है कि अगर फातिमा न होतीं तो न रसूल होते, न अली होते और न ही कायनात होती।

# मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन गोड़धोइया नाले का निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने निर्माणाधीन गोड़धोइया नाला का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में रेलवे कालोनी शाहपुर, मैत्रीपुरम कालोनी, आदित्यपुरी कालोनी तथा फातिमा अस्पताल रोड का निरीक्षण कर निमार्णाधीन नाला की भौतिक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने नाले के निमार्णाधीन हिस्सों, स्लैब निर्माण, बेसमेंट स्ट्रक्चर, जलनिकासी चौनल तथा मार्ग विस्तार कार्य को स्थल पर जाकर परखा।

मैत्रीपुरम कालोनी के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था जल निगम ने बताया कि कार्य तेजी से चल रहा पाइप लाइन भी बिछायी गयी है, मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था को कार्य को दिन रात लगकर युद्ध स्तर पर करने का निर्देश दिया और कहा कि पाइप लाइन डालने पर क्षतिग्रस्त हुई रोड को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करना भी सुनिश्चित करें। श्रमिकों की कार्यप्रणाली, मशीनरी की उपलब्धता एवं कार्यस्थल सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्यबल एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाकर कार्य प्रगति को तेज करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि गोडधोइया नाला नगर के प्रमुख जलनिकासी मार्गों में से एक है और इसके निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर, पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके उपरांत मण्डलायुक्त ने सुभाष चंद्र बोस नगर बिलंदपुर खत्ता मैं निमार्णाधीन पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था नगर निगम से भौतिक स्थिति की जानकारी लेने के उपरांत उन्होंने कार्यदायी संस्था को संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य को अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में विरासत गलियारे के ध्वस्तीकरण के कार्यों की भौतिक स्थिति का भी जायजा लिया और ध्वस्तीकरण के मलबे को युद्ध स्तर पर हटाने का निर्देश दिया इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## साम्हो में रेलवे ट्रैक में खराबी, दो ट्रेनें 45 मिनट तक रोकी गयीं

**इटावा।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर इटावा के पास शनिवार सुबह रेल ट्रैक में फ्रैक्चर हो गया। इस घटना के कारण भरथना रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई और दो ट्रेनों को करीब 45 मिनट तक रोकना पड़ा। सुबह लगभग 5.56 बजे साम्हों रेलवे स्टेशन के निकट पोल पर डाउन लाइन में फ्रैक्चर की सूचना मिली। इसके बाद रेल प्रशासन तुरंत सतर्क हो गया। स्टेशन मास्टर ने कंट्रोल रूम और भरथना स्टेशन को अलर्ट भेजा। सुरक्षा कारणों से डाउन ट्रैक पर आ रही 09617 समस्तीपुर स्पेशल ट्रेन को भरथना स्टेशन की डाउन मेन लाइन पर रोका गया। इसी तरह, 19623 अमृत भारत एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म नंबर एक की डाउन लूप लाइन पर रोक दिया गया। दोनों ट्रेनें 45 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रहीं। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे का पीडब्ल्यूडी स्टाफ मौके पर पहुंचा और ट्रैक की मरम्मत का काम शुरू किया। तकनीकी टीम ने फ्रैक्चर वाले हिस्से को समय रहते ठीक कर दिया और ट्रैक को सुरक्षित घोषित किया। इसके बाद दोनों ट्रेनों को 30 किमी प्रति घंटे की गति सीमा कॉशन के साथ आगे रवाना किया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह एक तकनीकी कमी थी जिसे समय रहते ठीक कर लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मरम्मत के बाद रेल सेवा पूरी तरह सामान्य हो गई।

## रंजिश में मारपीट, कई गंभीर रूप से घायल

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के शिवपुर बिन टोलियां निवासी उदयभान निषाद, पुत्र लक्ष्मी प्रसाद ने अपने ही गांव के आठ नामजद व चार पांच अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के शिवपुर बिन टोलियां निवासी उदयभान निषाद ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश में गांव के पट्टीदार बीती रात लगभग आठ बजे लगभग दर्जन भर लोगों के साथ मेरे दरवाजे पर चढ़ आये। और गाली गुप्ता देने लगे। मना करने पर चाकू लोहे की राड व लाठी डंडे से मारपीट कर कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिए। लोगों के प्रहार से उदयभान, उनकी पत्नी सरिता, पुत्र सत्यम तथा विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका आरोप कि लोगों को इकट्ठा होते देख जान-माल की धमकी देते हुए आरोपित भाग गये। आरोप है कि मारपीट के दौरान लोगों ने पत्नी सरिता का मंगल सूत्र व एक कान का झुमका छिन लिये। स्थानीय पुलिस चौरीचौरा तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

## एसआईआर पर माकपा चिंतित समय बढ़ाने की मांग की



**इटावा।** मार्कर्पा की शहर ब्रांचों की संयुक्त बैठक जिला कार्यालय में समपन्न हुयी। माकपा राज्य मंत्रिपरिषद सदस्य कामरेड मुकुट सिंह ने भी भाग लिया। माकपा जिलामंत्रिपरिषद सदस्य डा. शौकीन सिंह ने आगे बताया कि नीचे से शिकायतें मिल रही हैं कि एसआईआर के फार्म कई क्षेत्रों, घरों में अभीतक नही पहुंचाये गये हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची मतदाताओं को उपलब्ध नही करायी जा रही है। बीएलओ कई जगह फार्म दो कापियो में ने देकर कहते हैं कि फोटो खींच लों, इटरनेट की सुविधा न होने से आनलाइन वोटर लिस्ट देखेन में भी समस्या आ रही है। कुछ बीएलओ पूर्वागह से काम कर रहे हैं माकपा शहर कमेटी ने उपरोक्त समस्यायें दूर करने की जिलाधिकारी से मांग करते हुए आशंका जाहिर की है कि इस तरह से 4 दिसम्बर तक एसआईआर के फार्म भर कर एकत्रित होने का काम नही हो पायेगा। इसके लिए और समय बताये जाने के लिए चुनाव आयोग से मांग की गई है, माकपा ने अपने पार्टी सदस्यो-पार्टी के बीएलए से पूरी गम्भीरता से इस काम में जुटने की अपील की है। माकपा ने अन्य सांगठनिक और जनमुददो पर चर्चा की। अध्यक्षता वरिष्ठ माकपा नेता प्रेमशंकर यादव ने और संचालन डा. शौकीन सिंह ने किया। विश्राम सिंह यादव सहित सभी ब्रांच मंत्रियो और प्रमुख कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

## एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ घर घर नहीं जा रहे है

**इटावा।** भाजपा की सरकार पर आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी से प्रदेश कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा कि पूरे देश प्रदेश व जिले में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है उन्होंने कहा शासन प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कि बीएलओ घर घर नहीं पहुंच रहे जो पहुंच रहे वो ज्यादातर रिसिविंग नहीं दे रहे हे एक जाती धर्म के लोगों का टारगेट किया जा रहा उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखके शिकायत भी दर्ज करवाई बताया कि क्षेत्र से जब काफी सूचना मिली तब खुद जाकर बीएलओ से मिला दिव्या गुप्ता से उनके बात करने एवं काम न करने का तरीका समझ आया इससे साफ हे कि सरकार की मंशा है कि वोट ज्यादातर काटे जाए एवं तिवारी ने कहा कि भाजपासरकार में कभी नोट बंदी की लाईन कभी पैन आधार के लिंक करवाने की लाईन कभी जीरो बेलेंस के खाते के लिए लाईन में आज एसआईआर के लिए लाईन में लगवा रहे हे कभी राशन के लिए लाईन में जनता को इतनी क्यों परेशानी हो रही तिवारी ने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि बीएलओ हर घर पहुंचे।

## सीओ ने चौकीदारों को समझायी गांव की जिम्मेदारी

**सैफई, इटावा।** शुक्रवार को थाने में होने वाले मोइना में पहुंचे सीओ सैफई उस समय सभी की नजरें ठहर गईं, जब शस्त्र परीक्षण में दरोगा पिस्टल तो समय पर खोल ले गए, लेकिन उसे तय समय में वापस बंद नहीं कर पाए। पूरे निरीक्षण में सीओ ने थाने की व्यवस्था, शस्त्र संचालन और गांव से सूचना तंत्र पर खास ध्यान दिया। निरीक्षण क्षेत्राधिकारी सीओ केपी सिंह ने किया। थाने में पहुंचने पर उन्हें सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल, इंडेक्स और मुंशी कार्यालय में रजिस्टर नंबर 4 व 8 सहित विभिन्न अभिलेखों की जांच की। सीसीटीएनएस कार्यालय में लंबित प्रविष्टियों और ऑनलाइन कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी पूरे निरीक्षण में साथ रहे। शस्त्रागार पहुंचने पर सीओ ने शस्त्रों की स्थिति देखी और वहां मौजूद विभिन्न प्रकार के शस्त्रों व कारतूसों की जानकारी ली। इसी दौरान उन्होंने दरोगा राजकुमार व हेमत से पिस्टल खोलने और बंद करने का अभ्यास कराया। दरोगा ने पिस्टल समय पर खोल तो ली, लेकिन उसे निर्धारित समय में बंद नहीं कर पाए। इस पर सीओ ने शस्त्र संचालन में दक्षता को जरूरी बताते हुए स्टाफ से पूछा कि अभ्यास कितनी बार किया जाता है और सामान्य समय कितना माना जाता है। निरीक्षण में सीओ ने चैकीदारों को बुलाकर अलग से बातचीत की। उन्होंने कहा कि गांव की हर छोटी-बड़ी जानकारी सबसे पहले चैकीदार को ही पता चलती है। चैकीदार ही गांव की सुरक्षा का पहला स्तंभ होता है। उन्होंने कहा, आप समय पर सूचना देते रहेंगे तो कई गंभीर घटनाएं होने से पहले ही रोकी जा सकती हैं। सीओ ने हर चैकीदार से उनके गांव की स्थिति और रात में गश्त के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान सीओ ने हवालात, साफ-सफाई, पुलिस आवास व सुरक्षा व्यवस्था भी देखी। अंत में उन्होंने स्टाफ से कहा कि वर्दी, समयपालन और जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। थाने की हर कार्रवाई में अनुशासन और तत्परता दिखनी चाहिए।

# बांसगांव में राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर



**मझगांवा, गोरखपुर।** बांसगांव विधानसभा क्षेत्र के गगहा स्थित पड़ाव मैदान में शनिवार को ह्लसांसद-विधायक खेल स्पर्धाह्व का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि बांसगांव सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान तथा विशिष्ट अतिथियों में बांसगांव विधायक डा विमलेश पासवान और गगहा ब्लॉक प्रमुख शिवाजी चंद व बांसगांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवाजी सिंह रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने इस दिशा में कई कल्याणकारी योजनाएँ तैयार की हैं।

उन्होंने बताया कि बांसगांव विधानसभा में एक राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को उच्च स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम को विधायक डा विमलेश पासवान, गगहा ब्लॉक प्रमुख शिवाजी चंद व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री विभ्राट चंद कौशिक संबोधित करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

सांसद-विधायक स्पर्धा में फुटबॉल, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल, जूडो और एथलेटिक्स के विभिन्न वर्ग आयोजित किए गए। समारोह के समापन सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस सफल आयोजन में भाजपा जिला महामंत्री सबल सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह व गगहा मंडल अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी गण एवं विद्यालय व स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## ठंड में पिता पुत्र की हुई मौत

चकरनगर, इटावा। तहसील के एक गांव में पुत्र वियोग में पिता ने भी प्राण तज दिए। बेटा को जल प्रवाह कर पहुंचे स्वजन सहित रिस्तेदारों ने पिता का भी अंतिम संस्कार किया। पिता पुत्र की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। उक्त घटना को लेकर एसडीएम ने जांच कराने की बात कही।

तहसील चकरनगर के गांव गढ़ाकास्दा में स्वजन के मुताबिक शुक्रवार 19 नवंबर को 16 वर्षीय करन दोहरे पुत्र अमर सिंह दोहरे की ठंड लगने से मौत हो गयी थी। अमर सिंह दोहरे का दूसरा बेटा शैलेन्द्र मुंबई मे मजदूरी करता है, जो भाई की मौत की खबर सुन मुंबई से चलकर शुक्रवार को अपने गांव गढ़ाकास्दा पहंचा, स्वजन रोते हुए मृतक करन सिंह के शव को यमुना घाट पर जल प्रवाह करने गए थे, इतने में ही घर पर मौजूद अन्य स्वजन के द्वारा फोन पर सूचना दी गई कि मृतक के पिता ने भी दम तोड़ दिया। यह खबर सुनते ही स्वजन में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। उक्त घटना को लेकर क्षेत्र के लोग भी संवेदना व्यक्त करने के लिए मौके पर एकत्रित हो गए। शैलेन्द्र दोहरे ने बताया कि छोटे भाई करन सिंह को एक सप्ताह पहले शर्दी लग गयी थी, वह बीमार पड़ गया और बुधवार को उसकी मृत्यु हो गई, जबकि पिता अमर सिंह दोहरे काफी समय से बीमार चल रहे थे, बेटा की मौत के सदमे में उन्होंने भी प्राण त्याग दिए। इस संदर्भ में एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने ऐसी कोई जानकारी न होने के साथ अभी ऐसी अधिक सर्दी न पड़ने की बात कही कि जिससे किसी की मृत्यु हो सके। उन्होंने फिर भी उक्त मामले में जांच करने का आश्वासन दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर,** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1. ई–निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरणः टेण्डर नं.:** "34–जीकेपी–एमडब्ल्यूएस–2025–26" "एडवान्सड मेकैनाइजड इन्टेन्सिव डी–रस्टींग एण्ड एंटी–कोटिंग ऑफ ब्रेक डिस्क यूजिंग एसपीएम एज पर स्कोप ऑफ वर्क इन आरडीएसओ लेटर नंबर एमसी/एलएचबी/ब्रेक, डेटेड 10.06.2024 इन सेड्यूल मेन्टेनन्स फॉर 12 मन्थ्स एट मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर "। **अनुमानित लागत (₹ में): ₹2,06,94,309.00; धरोहर राशि (₹ में): ₹2,53,500/-; निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः** 11:00 बजे, 13.12.2025 **निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹शून्य। संविदा की अवधिः** 12 मन्थस। उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in** पर देखें।

**उप मुख्य यॉत्रिक इंजीनियर/रिपेयर**
**मुजाधि/यांत्रिक–94 गोरखपुर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना (दो पैकेट प्रणाली)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:–

क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्या:-NER-LJN-2025-182 (Two Packet System), कार्य का नाम:-पूउरे–लजं मंडल–वमइं/मुख्यालय/लजं के परिक्षेत्र में स्वीकृत कार्यो **(1)** Barhni-Balrampur (SL)-TBR-67.000 Tkm (Km 113/0-180/0) and **(2)** Barhni-Gonda (SL)-TBR-41.000 Tkm (Km 180/0221/0) के विरुद्ध ट्रैक बैलास्ट का टी.बी.आर./डीप स्क्रीनिंग कार्य। अनुमानित लागत (रू०):₹ 17,87,99,901.04, अग्रिम धन (रू०): ₹ 10,44,000/-, समापन अवधि: 18 माह।

**(1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-182 (Two Packet System) के लिये ई-निविदा दिनांक 05-12-2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट ***www.ireps.gov.in*** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
मुजाधि/डब्लू-343 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### सूचना

सूचित करना है मैने अपने पुत्र सोनू को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। **सुरेश चन्द्र पुत्र जगेसर निवासी- ग्राम बहादुरपुर, थाना कोठी, बाराबंकी।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथिनी के आधार कार्ड व हाई स्कूल की मार्कशीट में उसका सही नाम SYED FABIYA FATIMA अंकित है परंतु शपथिनी के पासपोर्ट में त्रुटिवश उसका नाम SYED FABIA अंकित हो गया जो कि गलत है। मुझे सईयद फाबिया फातिमा (SYED FABIYA FATIMA) के नाम से जाना व पहचाना जाये। **सईयद फाबिया फातिमा पुत्री सईयद सलमान हुसैन निवासिनी - 442/283, मिश्रीबाग नियर कैटल कॉलोनी, जल निगम रोड, बालागंज, लखनऊ, 226003**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथिनी के आधार कार्ड में उसका सही नाम NAHID SIDDIQUI अंकित है परंतु शपथिनी के पासपोर्ट में त्रुटिवश उसका नाम NAHID SIDDIQUE अंकित हो गया है, जो कि गलत है शपथिनी पासपोर्ट में उसका सही नाम NAHID SIDDIQUI अंकित किया जाना आवश्यक है। मुझे सही नाम NAHID SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये। **नाहिद सिद्दीकी पत्नी शिराज उद्दीन निवासिनी-241/15, बाग काजी मुर्तजा हुसैन रोड, टिवंकलिंग स्टार ए प्ले स्कूल हियागंज लखनऊ**

## बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन

ब्लूमिंग बड्स स्कूल पर धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। बाल दिवस पर बाल मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो ने जमकर लुफ्त उठाया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंध निदेशक विनय कुमार चतुवेर्दी व प्रधानाचार्य रिमझिम सिंह ने मां सरस्वती व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया।

बाल दिवस के अवसर बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसके तहत गीत, संगीत, नृत्य, नाटक इत्यादि के विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रकार के खाद्य व्यंजनों, रंगोली फूड स्टाल, आर्ट गैलरी, साहित्य गैलरी के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की झांकी भी लगाई गई। जो आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य विनय कुमार शुक्ला ने उपस्थित सभी बच्चों व अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया कि जिनके सहयोग से बाल दिवस के उपलक्ष पर यह बाल मेला कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर सोनी पाठक, संगीता सिंह सिसोदिया, पवन मिश्रा, अजीत शर्मा, ऋचा वर्मा, कृष्ण मोहन सिंह, रिनी तिवारी, सरफराज खान, सुमीत शर्मा, प्रियांशी वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खेल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भाग लिया




**भरथना, इटावा।** होली प्वाइंट एकेड़मी में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्व. भागचन्द्र अवतानी की स्मृति में आयोजित खेल सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय निदेशक डा. प्रदीप चन्द्र पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि विनय अवतानी द्वारा ज्ञान की देवी माता सरस्वती एवं स्व. भागचन्द्र अवतानी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन भी किया गया। जिसमें रेस, सेक रेस, फ्रॉग रेस, बैलून रेस, दिया मेकिंग, बेस्ट बैग, राखी मेकिंग और इंटर हाउस बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 की छात्राओं आदर्शिका एवं अनु ने खेलभावना पर अपने विचार भी प्रस्तुत किये।

इस मौके पर विद्यालय निदेशक डा. प्रदीप चन्द्र पांडेय ने कहा कि खेल भी एक ऐसा माध्यम है, जिसमें अपनी मेहनत और लगन के बल पर अपना भविष्य सँवारा जा सकता है। तत्पश्चात विभिन्न छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मनोज मिश्रा, अरूण मोटवानी, मनोज त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव, गौरव वर्मा, दीपक सिंह चैहान, गोविन्द शाक्य, हिमांशु सिंह, रीना शर्मा, रिया विश्नोई, अनुराधा पाठक, सोनू दुबे, तान्या दुबे, गौरव शाक्य, राहुल चैहान, आदि का विशेष योगदान रहा।

## किसी भी मामले का नहीं हुआ निस्तारण

**गगहा, गोरखपुर।** गगहा थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता वरिष्ठ उपनिरीक्षक इन्द्रसेन की देखरेख में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस पर कुल पांच मामले आए सभी मामले राजस्व से सम्बंधित थे किसी का निस्तारण नहीं हो सका।

शनिवार को थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस पर गजपुर के सुदर्शन यादव, चिऊटहा बसावनपुर के मुनि महेश त्रिपाठी, जमीन लौहरपुर के नियाज अहमद, भलुवान के बेचू और भैसहा की दुलारी देवी शिकायती पत्र समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ उपनिरीक्षक इन्द्रसेन सिंह को दी. सभी पांचो शिकायत राजस्व से सम्बंधित होने के कारण निस्तारण नहीं किया जा सका। समाधान दिवस पर राजस्वकर्मी मौजूद नहीं थे। समाधान दिवस पर उपनिरीक्षक शमशेर सिंह, शेषराम चौधरी, रविन्द्र प्रताप यादव व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मुलायम सिंह की सपाइयों ने मनायी जयंती



**गोला, गोरखपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती को गोला में वरिष्ठ समाजवादी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य घनानंद यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकताओं ने मनाई। सपाईयों ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन करते उनके सिखाए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजवादी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य घनानंद यादव ने कहा कि सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव जननायक, किसानों-मजदूरों की आवाज और सामाजिक न्याय के संघर्षशील प्रहरी रहे। वे भारतीय राजनीति का वह नाम हैं जिन्होंने अपनी सरलता, धरातली नेतृत्व और जनमानस से अटूट जुड़ाव के बल पर एक युग की रचना की। जिस कारण उन्हें 'धरती पुत्र' और 'नेता जी' के नाम से भी ख्याति मिली।

पूर्व जिपंस श्री यादव ने आगे कहा कि मुलायम सिंह यादव का जीवन संघर्ष, परिश्रम और जनसेवा का प्रतीक था। बेहद साधारण कृषक परिवार से निकलकर वे न केवल उत्तर प्रदेश के तीन बार के मुख्यमंत्री बने, बल्कि देश के रक्षा मंत्री के रूप में भी उत्कृष्ट नेतृत्व दिया। उनकी राजनीतिक यात्रा इस बात का प्रमाण है कि सच्ची निष्ठा और निरंतर संघर्ष किसी भी व्यक्ति को शिखर तक पहुँचा सकते हैं। जो आज के युवा पीढ़ी के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उनके पद चिन्हो पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रमाशंकर यादव ने किया। इस अवसर पर हरेंद्र यादव, सुनील मौर्या, पवन कुमार उमेश यादव, सदानन्द यादव, वृजानन्द यादव, सिराजुद्दीन, आदित्य यादव, यूनूस अंसारी, अविनाश यादव, नीरू यादव आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शहीद परिजन के घर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खुर्द निवासी चौरी चौरा जन क्रांति में शहीद हुए एवं अग्रणी भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारी शहीद नजर अली के आवास पर पहुंच कर उनके पोते कल्लन अहमद के देहांत होने पर शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त किया। तथा मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि विडंबना है कि महान क्रांतिकारी शहीद नजर अली के पोते के देहांत पर कोई भी जनप्रतिनिधि और ना ही शासन का व्यक्ति उनके घर पहुंचा। यह वास्तव में बड़े ही दुख की बात है। उन्होंने कहा कि इससे पता चल रहा है कि किस प्रकार से शहीदों के परिजनों की उपेक्षा हो रही हैजिसको ओबीसी पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद सरैया, वि.ख.-दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-22.11.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत- मुस्तफाबाद सरैया, विकासखंड दोस्तपुर, जनपद- सुलतानपुर राज्य वित/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक- 23.11.2025 से दिनांक- 27.11.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- मुस्तफाबाद सरैया पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 27.11.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पिचरोड से चारागाह तक खण्डजा मरम्मत कार्य। माप-270 मी.। | 2.50 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- मुस्तफाबाद सरैया, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 15.12.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | 01192025 दिनांक 21.11.2025 |
| 1 | कार्य का नाम | 1. वरि. मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ.रे./ लख. के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/ वाराणसी के अधीन वाराणसी स्टेशन पर रनिंग रूम में महिला कर्मचारियों के लिए संलग्न शौचालयों का प्रावधान तथा वाराणसी में नयी सी.डी.ओ. भवन में 01 लिफ्ट के प्रावधान के संबंध में सिविल कार्य।<br>2. वरि. मण्डल इंजीनियर–तृतीय/उ.रे./लख. के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता/ वाराणसी के अधीन पुरानी वाशिंग लाइन सं. 2 तथा 4 में क्षतिग्रस्त बेड ब्लाक्स के सुधार/उन्नयन का कार्य तथा वाराणसी यार्ड में समपार सं. 5 पर नयी वाशिंग लाइन में पाइप लाइन का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | 1. रु. 45,09,534.78 2. रु. 1,59,05,609.44 |
| 3 | धरोहर राशि | 1. रु. 90,200.00 2. रु. 2,29,500.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 01 से 02 तक के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 01 से 02 के लिए : 01.12.2025 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 01 से 02 के लिए : 15.12.2025 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोट** : तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3639/25

संक्षेप

## चौकी इंचार्ज समेत दो निलंबित

लखीमपुर खीरी। मिल रही शिकायत के आधार पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने महेवागंज चौकी इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी एवं आरक्षी दुष्यंत को निलंबित कर दिया। निलंबित होने की खबर फैल गई। बताया जाता है कि महेगंज चौकी इंचार्ज खनन एवं अवैध कटान में लापरवाही बरत रहे थे। शिकायत के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने निलंबन की कार्यवाही की है।

## दलित बच्ची ने दुष्कर्म का लगाया आरोप, केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दलित बच्ची को झांसा देकर अगवा कर ले जाने का आरोप लगाया पुलिस ने घटना के दो दिन बाद केस दर्ज कर उसे बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है वही बच्ची ने आरोपी पर दुष्कर्म समेत तमाम गंभीर आरोप लगाने पर सनसनी फैल गई हैं। पीड़िता के पिता ने बताया मंगलवार को उसकी 13 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी जिसे झांसा देकर गांव का युवक लेकर चला गया खेत से वापस लौटने पर पुत्री को घर पर न पाकर तलाश शुरू की जानकारी न मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस को दी पुलिस ने मामले में बृहस्पतिवार को अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू की जिसको घटना के तीसरे दिन बरामद कर लिया बच्ची ने अपने परिजनों को आपबीती बताने पर पैरों तले जमीन खिसक गई पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र के उदयपुर निवासी संदीप कुमार वर्मा ने ऑनलाइन ठगी का शिकार होने की तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि 20 अगस्त 2025 को उसके मोबाइल नंबर पर एक अंजान व्यक्ति ने कॉल कर खुद को एक कंपनी का प्रतिनिधि बताया और मोबाइल पर आए एक ऑफर की जानकारी देते हुए बड़ा लाभ देने का झांसा दिया। कॉलर ने भरोसा दिलाया कि ऑफर सक्रिय करने पर उसे मोटा फायदा मिलेगा। पीड़ित ने जैसे ही बताए गए निर्देशों का पालन किया, उसके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 46,706 रुपये बिना अनुमति के काट लिए गए। कटे हुए पैसे को लेकर पीड़ित ने तत्काल बैंक और पुलिस दोनों को अवगत कराया। संदीप कुमार वर्मा ने हैदराबाद पुलिस से खाते से कटे हुए पैसे वापस दिलाए जाने की मांग की है।

## विद्यालय से अभिभावक की स्कूटी चोरी, घटना सीसी कैमरे में कैद

मोहम्मदी खीरी। दून स्कूल में बच्चों की फीस जमा करने गए अभिभावक की स्कूटी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। कस्बा निवासी नवनीत वाजपेई ने बताया वह अपने पुत्र की फीस जमा करने विद्यालय गया था स्कूटी बाहर खड़ी कर अंदर चला गया फीस जमा कर वापस लौटने पर वाहन न मिलने पर तलाश शुरू कर पुलिस को सूचना दी थी पुलिस ने मामले चार दिन बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# खीरी में 25 को लगेगा खुशियों का महाकुंभ

जिला संवाददाता(vol)



- परिणय सूत्र में बंधेंगे 451 जोड़े
- सीडीओ अभिषेक कुमार ने तैयारियों को दिया अंतिम स्वरूप परखी हर व्यवस्था

लखीमपुर खीरी। डीएस कॉलेज मैदान इन दिनों मानो एक महाविवाह उत्सव की देहरी पर खड़ा है। अभी सिर्फ जर्मन हैंगर टेंट की स्टील/फ्रेमिंग उठी है, पर माहौल में त्योहार जैसा कम्पन पहले ही घुल चुका है। इतनी हलचल कि लगता है जैसे हवा भी तैयारियों का हिस्सा बन गई हो।

शनिवार सुबह सीडीओ अभिषेक कुमार जब स्थल पहुँचे, तो टेंट कर्मियों की हथौड़ों की टिक-टिक और रस्सियों की फट-फट से मैदान गूंज रहा था। कहीं कपड़े चढ़ रहे थे, कहीं स्टेज का एंगल नापा जा रहा था। पूरा परिसर एक बड़े सपने की शुरूआती नींव जैसा दृश्य पेश कर रहा था।सीडीओ ने मौके पर पहुंचकर 451 नवयुगलों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को बारीकी से परखा। उनके साथ डीएसडब्लूओ वंदना सिंह, तेजस्वी मिश्रा, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीसी-एनआरएलएम जितेंद्र कुमार मिश्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने वेदिकाओं के प्रस्तावित स्थान, बैठने की संभावित व्यवस्था, साफ-सफाई की रूपरेखा, रजिस्ट्रेशन काउंटर की प्लानिंग, ग्रीन रूम की लोकेशन, सामग्री वितरण प्वॉइंट, खानपान की लाइनिंग और सुरक्षा व्यवस्था हर बिंदु का मौके पर जाकर अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यवस्था में सौहार्द, गरिमा और सुगमता स्पष्ट झलके। यह आयोजन हर जोड़े के जीवन में अविस्मरणीय स्मृति बने।

जिला प्रशासन इस बार समारोह को केवल सुव्यवस्थित ही नहीं, बल्कि भावनात्मक अनुभव से भरपूर बनाना चाहता है। इसी दिशा में स्थल पर आकर्षक सेल्फी पॉइंट, बड़ी एलईडी स्क्रीन और वधुओं की तैयारी के लिए विशेष मेकओवर कॉर्नर की जगह पहले ही चिन्हित कर दी गई है। परंपरागत माहौल को जीवंत करने के लिए शहनाई और मंगल ध्वनियों की निरंतर व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह सिर्फ सरकारी आयोजन नहीं, 451 परिवारों के भविष्य को रोशन करने वाला सामाजिक पर्व है। हर व्यवस्था को हम व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर कर रहे हैं ताकि कोई भी कमी न रह जाए। 25 नवंबर को डीएस कॉलेज परिसर में खुशियों, सद्भाव और नवजीवन के मिलन का अनूठा दृश्य देखने को मिलेगा, जब 451 जोड़े एक साथ नए सफर की ओर कदम बढ़ाएंगे।

## एमपी का युवक भटककर पहुंचा भटपुरवा कलां

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत में मध्यप्रदेश निवासी मंदबुद्धि युवक लगभग एक हफ्ते पहले भटककर गांव पहुंचा। तभी से उपरोक्त युवक गांव निवासी एक घर में रह रहा है इस मामले की सूचना गांव के चौकीदार व प्रधान/ग्रामीण ने कोतवाली पुलिस को मौखिक रूप में बताया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भटपुरवा कलां में मध्यप्रदेश के जिला व तहसील सेथंवा थाना सेथंवा ग्रामीण बड़वानी निवासी मंदबुद्धि 20 वर्षीय जय पुत्र प्रकाश आदिवासी भटककर पहुंच गया था तो गांव निवासी परसुराम निषाद ने उपरोक्त के संबंध में चौकीदार रोज अली से लेकर प्रधान जीत राम वर्मा को सूचित किया।इसी कृम में शुक्रवार को मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने युवक का नाम पता नोट करके युवक की देखभाल करने के लिए उपरोक्त लोगों से कहा। इस मामले में जानकारी देते हुए कोतवाली के उप निरीक्षक व हल्का नंबर 5 के प्रभारी अरुण तिवारी ने बताया कि युवक की देखभाल करने के लिए ग्रामीणों से कहा है नाम पता नोट करके जांच होगी।

# बिझौली में फल-फूल रहा कच्ची शराब के कारोबार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बिझौली गांव में कच्ची शराब के अवैध कारोबार ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। लगातार बढ़ रही दबंगई, गाली गलौज और मारपीट की घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध धंधा खुलेआम चल रहा है जिससे गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है और युवाओं पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कच्ची शराब का निर्माण, बिक्री और सप्लाई रात-दिन जारी रहती है। विरोध करने पर दबंगों द्वारा धमकी, हाथापाई और अशांति फैलाने की घटनाएं आम हो गई हैं। कई बार शिकायतें थाने पर की गईं लेकिन उचित कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले और अधिक बढ़ गए हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अवैध शराब के चलते आए दिन नशे में धुत लोगों की लड़ाई झगड़े की घटनाएं सामने आती रहती हैं जिससे गांव में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। महिलाओं और बुजुर्गों का शाम के बाद बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पीड़ितों ने एसपी से मांग की कि गांव में चल रहे अवैध कारोबार की निष्पक्ष जांच कराई जाए और शराब बनाने वालों तथा दबंगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## परमहंस आश्रम में संतवाणी सुनने उमड़ पड़े श्रद्धालु

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के जयकर परमहंस आश्रम में गुरुवार को सत्संग और कथा का माहौल ऐसा रहा कि सुबह से ही श्रद्धालु संतवाणी सुनने उमड़ पड़े। भक्ति, भजन और आध्यात्मिक चर्चा के बीच भावानंद महाराज ने जीवन, अनुशासन और ज्ञान पर विस्तार से उपदेश दिया। महाराज ने कहा कि जीवात्मा को हंस इसलिए कहा गया है कि वह सार को ग्रहण कर सकता है और व्यर्थ को छोड़ सकता है। उन्होंने बताया कि मनुष्य के चेतन में दो प्रमुख दोष, मोह और अहंकार जमे रहते हैं। जिन्हें केवल सद्गुरु की शरण ही दूर कर सकती है। उन्होंने कहा कि गुरु के संरक्षण में आने से मन के पाप, रोग और दोष नष्ट हो जाते हैं और मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानने लगता है।भावानंद महाराज ने कहा कि संसार में स्थायी सहारा केवल भगवान राम ही हैं। बाकी दुनिया अस्थायी है।इसलिए मनुष्य को अपनी आशा और विश्वास उसी ईश्वर से रखना चाहिए जो सर्वोच्च और सर्वशक्तिमान है। उन्होंने कहा कि मनुष्य भगवान का अंश है।इसलिए उसे अपने भीतर दिव्यता खोजनी चाहिए।नशे को उन्होंने गरीबी, मूर्खता और पतन की जड़ बताया। महाराज ने कहा कि नशा मनुष्य को बुद्धिहीन बना देता है। त्याग और संयम ही वास्तविक धन हैं। अनुशासनहीन व्यक्ति जीवनभर दुख और भटकाव में रहता है, जबकि अनुशासित व्यक्ति ही आगे बढ़ता है। सत्संग की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि संत किसी दल के नहीं होते, वे भगवान के होते हैं। संतों की संगति से सद्भाव, सद्विचार और कल्याण की दिशा मिलती है।उन्होंने यथार्थ गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण की वाणी मन को पवित्र करती है।पवित्रता जल स्नान से नहीं ज्ञान से आती है।आश्रम परिसर में दिनभर आध्यात्मिक कार्यक्रम चलता रहा। अंत में भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## एमआरएफ सेंटर तक सीसी रोड का उद्घाटन



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद ने विकास कार्यों को गति देते हुए 15वें वित्त योजना के तहत कोटवारा रोड से एमआरएफ सेंटर तक बनाई गई सीसी रोड का रविवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। नई सीसी रोड बनने से अब इस क्षेत्र में न केवल आवाजाही आसान होगी बल्कि सफाई व्यवस्था और नगर की कूड़ा निकासी प्रणाली भी सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी। उद्घाटन समारोह में सिल्वर सिटी एकेडमी के प्रबंधक हरमोहन खुराना शिक्षक राज कुमार मिश्रा गुरबाज सिंह ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की मौजूदगी में आचार्य लवकुश शास्त्री द्वारा सम्पन्न मन्त्र उच्चारण और पूजन के साथ रोड का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि इस रोड के निर्माण से एमआरएफ सेंटर तक नगर का कूड़ा सुगमता से पहुंच सकेगा जिससे सफाई व्यवस्था में और सुधार आएगा। इस अवसर पर राम गुलाम पाण्डेय सभासद सुफियान खान खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा जे ई सिविल अनिल यादव शत्रोहन मिश्रा रविन्द्र कटियार काके सहगल महेश पटवारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांधी विद्यालय में छात्रों को मिली कानून और यातायात नियमों की सीख



गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। गोला टूरिज्म संगठन द्वारा मोहम्मदी रोड स्थित गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उल्लास अभियान के अंतर्गत विधि तथा यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान श्री गोकर्ण फाउंडेशन द्वारा संचालित एक वार्षिक पहल है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, भविष्य के लक्ष्य, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों तथा विधिक और सामाजिक जागरूकता से जोड़ना है।

कार्यक्रम में विधिक सत्र का वक्तव्य अधिवक्ता शिवम मेहरोत्रा ने दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया और कानून से जुड़े कई महत्वपूर्ण नियमों तथा शिक्षा के अवसरों के बारे में बताया। यातायात जागरूकता सत्र में लखीमपुर निवासी आदर्श वर्मा ट्रैफिक वालंटियर ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों, राहवीर कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, हेलमेट की अनिवार्यता, बालिगों के लाइसेंस और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की मनाही के बारे में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों को नियम पालन की शपथ भी दिलवाई। श्री गोकर्ण शोध कला एवं संस्कृति संस्थान के प्रबंध निदेशक कमल नयन शुक्ल ने वीर दुगार्दास राठौर की पुण्यतिथि पर उनके त्याग, साहस और राष्ट्ररक्षा में योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में संगठन की ओर से विद्यार्थियों को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन इं. मिलिंद शुक्ल ने किया। संगठन प्रबंधक प्रेम गुप्ता संगठन सहमंत्री अवनीश प्रजापति तथा संगठन मीडिया समन्वयक और क्रिएटर्स क्लब प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता वीनू ने प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित आमंत्रित वक्ताओं शिक्षकों और कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम में मिली सीख को जीवन में उतारने की सलाह दी। इस अवसर पर अजय गुप्ता, नीलम संगठन के सदस्य और विद्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।

## छुट्टा गोवंश से बढ़ रहा दुर्घटनाओं का खतरा, सौंपा ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर क्षेत्र और आसपास के ब्लॉकों में छुट्टा गोवंश सड़कों पर बड़े पैमाने पर घूम रहे हैं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से रात के समय तथा सर्दी के मौसम में धुंध बढ़ने पर दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। आए दिन भारी वाहनों की टक्कर से गोवंश की मौत और राहगीरों के घायल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। इसी गंभीर समस्या को लेकर बुधवार को बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रहे छुट्टा गोवंश को तत्काल पकड़कर निकटवर्ती गौशालाओं में भेजा जाए ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार गौशाला संचालन पर प्रतिमाह करोड़ों रुपये व्यय कर रही है, इसके बावजूद गोवंश का खुले में भटकना जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने दोषी और लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल पदाधिकारियों ने एसडीएम से यह भी अपील की कि गौशालाओं में चारा, पानी और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि पशुओं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश मंत्री अशोक जोशी, जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता, अमित मिश्रा, हिमांशु जोशी, विनय महेश्वरी, सुमित गुप्ता, विकास कुमार, शिवम राज, अभिषेक पटेल, मनीष सिंह, राजेंद्र कुमार तिवारी, सूरज सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मियापुर रविंद्र नगर में ब्लॉक स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया और ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई मौजूद रहे। संचालन अभिषेक मिश्रा, शचीन्द्र दीछित ने किया है।

खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह के निर्देशन में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया मुख्य और विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया आयोजन में प्राथमिक बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में अब्दुल रहमान प्रथम और आयुष दूसरे स्थान पर रहे बालिका वर्ग में रुचि बौधी खुर्द प्रथम और डेलखेड़ा की प्रीति दूसरे स्थान पर रही है। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग की 400 मी दौड़ में मियांपुर के अर्पित प्रथम और भूडा पिपरी के देवराज दूसरे स्थान पर रहे बालिका वर्ग में रडोला की मंटोरा प्रथम और इसी विद्यालय की रिचा ने दूसरा स्थान हासिल किया है। विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने संयुक्त रूप से मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया है।

आयोजन में अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, शिल्पी भसीन, मनीष राठौर, अतीक खां, रिजवान खां, तुषार गर्ग, देवी चरण मिश्रा, गरिमा कुशबाहा, प्रिया पांडे और संजीव पाल ग्राम प्रधान मिथुन ढाली समेत शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा है।

# दिस्तापुर कन्या भोज के साथ संपन्न हुआ वार्षिक धार्मिक अनुष्ठान



पिपरिया धनी खीरी। वीओएल। ग्रंट साहबगंज के मजरा गांव दिस्तापुर में हर वर्ष होने वाली परंपरागत पूजा इस वर्ष भी उत्साह और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुई। भूमिहार बाबा मंदिर पर पुजारी नहर पंडित द्वारा विधि विधान से हवन पूजन और पूजा अर्चना कराई गई। गांव की प्राचीन बरोसी परंपरा के तहत पुजारी रामकिशुन कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों का जत्था देवस्थान से निकला जो पूरे गांव का भ्रमण करके वापस देवस्थान पर पहुंचा। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने धार्मिक आस्था और परंपरागत उत्साह का प्रदर्शन किया। पूजन के बाद परंपरा अनुसार लगभग 251 कन्याओं को सम्मानपूर्वक कन्या भोज कराया गया और सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में भक्तों की भारी भीड़ रही।इस मौके पर पुजारी प्रशांत यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, विनीत यादव, निर्विकार यादव, सुमित यादव, मुरारी लाल यादव, राम किशुन कश्यप, डॉ राजाराम कश्यप, शेर सिंह कश्यप, रामकुमार कश्यप, प्रदीप कश्यप, आसाराम यादव, तौलेराम यादव, रवि यादव सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा

पत्रांकः- 4819/98काम-गो0वृ0/25-26 दिनांक 14.11.2025

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड/ विधानसाभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | विधानसभा क्षेत्र-करनैलगंज | | | | | |
| 1 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | दुरौनी से पीडी बन्धा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 32.31 | 3.24 | 2600 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 2 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2/ | पासीपुरवा से अभईपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 34.30 | 3.43 | 2600 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 3 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2/ | सहजौरा से अन्दूपुर सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 32.64 | 3.27 | 2600 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 4 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2/ | सम्भलपुरवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 44.44 | 4.25 | 2600 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 5 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | सेमरी चन्दापुर मार्ग से खरथरी सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 37.35 | 3.74 | 2600 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 6 | गोण्डा/ निर्माण खण्ड-2/ | बल्दूपुरवा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य | 33.10 | 3.31 | 2600 | 2 माह | ए,बी,सी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 25.11.2025 से 02.12.2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 02.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 02.12.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्रटवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 02.12.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(विनोद कुमार त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, गोण्डा

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

UPID-241014 Date: 20.11.25 Website : www.upgov.nic.in

## उत्तर प्रदेश सरकार लोक निर्माण विभाग
## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., श्रावस्ती

पत्रांकः /ई-टेण्डर/2025-26 दिनांकः

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., श्रावस्ती द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद श्रावस्ती के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग मरम्मत हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधानसभा क्षेत्र-श्रावस्ती | | | | |
| 1 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत विकास खण्ड गिलौला में बहराइच भिनगा स्टेट हाईवे से बरदेहरा के बगल पलक भट्ठा तक सम्पर्क मार्ग सी.सी. रोड कार्य 130 मी.। | 20.06 | 2.01 | 945.00 | 02 माह |
| 2 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत विकास खण्ड गिलौला में बरदेहरा पलक भट्ठा के गेट से बरदेहरा मार्ग पर सी.सी. रोड कार्य 105 मी. | 7.60 | 0.76 | 945.00 | 02 माह |
| 3 | श्रावस्ती | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत विकास खण्ड गिलौला में बरदेहरा पलक भट्ठा के गेट से बरदेहरा मार्ग पर रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य 105 मी. (सौन्दीकरण)। | 18.72 | 1.88 | 945.00 | 02 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथिः- दिनांक 25-11-2025 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट आन-लाइन दिनांक 25-11-2025 से 09-12-2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आन-लाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब-साइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आन-लाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 09-12-2025 पूर्वान्ह 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 09-12-2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदादाता को निविदा प्रपत्र मूल्य एवं बिड सिक्योरिटी धनराशि up e-tender portal पर इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आन लाइन जमा करना होगा।
(ड़) शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस-7-2020-176(सा0)/06 दिनांक 25-08-2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार निविदा सम्बन्धी समस्त कार्यवाही प्रहरी के माध्यम से की जायेगी।

(कीर्ति प्रभाकर मिश्र)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, श्रावस्ती

UPID-241036 Date: 21.11.25
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## बैक खाते से 5 लाख उड़ाये मैसेज से उड़ा होश

जौनपुर। नगर के मण्डी नसीब खां में स्थित यूनियन बैंक की मुख्य शाखा से एक ग्राहक के खाते से 5 लाख रुपए बिना उसकी जानकारी के गायब हो गये। भुक्तभोगी के मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज आया तो उसके होश उड़ गये। उसने बैंक जाकर संपर्क किया। साइबर सेल को जानकारी देते हुए लाइन बाजार थाने पर तहरीर दिया। तहरीर मिलने पर थाना पुलिस मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की छानबीन में जुट गयी। जानकारी के अनुसार लाइन बाजार थाना क्षेत्र के विशेषरपुर क्षेत्र के रसीदाबाद निवासी शकील अहमद अंसारी ने बताया कि यूनियन बैंक की मंडी नसीब खां शाखा में उनका बैंक खाता है। बीते 17 नवम्बर उनके खाते से बिना उनकी जानकारी के 5 लाख रुपए कट गये। थाना पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए विवेचना जांच शुरू किया हैं।

## कर के धक्के से सफाईकर्मी की मौत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर उसरहिया गांव के पास तेज रफ्तार कार के टक्कर से बाइक सवार सफाई कर्मी की मौके पर मौत हो गई। वही बाइक पर पीछे बैठा उसका मित्र घायल हो गया। बताते है कि शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के करमही गांव का जितेंद्र यादव गांव के ही अपने मित्र अजय प्रजापति के साथ बाइक से धमार्पुर के तरफ बारात गया हुआ। बारात अटेंड कर जितेंद्र अपने मित्र के साथ वापस घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार जौनपुर- केराकत हाईवे पर किरतापुर उसरहिया गांव के पास पहुचा तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दिया। घटना के फलस्वरूप बाइक चला रहे 35 वर्षीय जितेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठा अजय 24 वर्षीय प्रजापति घायल हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर आ गए। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस आ गयी। पुलिस ने घायल अजय प्रजापति को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जितेंद्र यादव के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक जितेंद्र यादव धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के रायपुर गांव में सफाई कर्मी पद पर कार्यरत था।

## बेकाबू होकर पुल से टकराई स्कॉर्पियो

जौनपुर। जौनपुर-भदोही राजमार्ग पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब जमालापुर के निकट सिरया पुल पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बेकाबू होकर पुल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। बताते है कि स्कॉर्पियो वाराणसी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थी। तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सीधे पुल के किनारे जा भिड़ा। दुर्घटना में स्कॉर्पियो का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, शीशे टूट गए और हेडलाइट का हिस्सा दब गया। हादसे के दौरान पास से गुजर रही एक बोलेरो भी स्कॉर्पियो की चपेट में आ गई, जिससे बोलेरो का पिछला हिस्सा दब गया। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। स्कॉर्पियो में चालक के साथ कुछ महिलाएं सवार थीं। सभी को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत मड़ियाहूं अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के कारण कुछ समय तक राजमार्ग पर जाम जैसी स्थिति बनी रही।

# आरोप की जांच में नहीं मिली अवैध असलहा फैक्ट्री



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लछिरामपुर में कथित तौर पर चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री की सूचना पूरी तरह निराधार और झूठी पाई गई है।

न्यायालय के आदेश पर पत्नी रागिनी सिंह को ससुराल में प्रवेश दिलाने पहुंची पुलिस व जिला प्रोबेशन अधिकारी की टीम के सामने महिला ने अवैध हथियार बनाने का आरोप लगाया था, जिसके आधार पर मुकदमा भी दर्ज हुआ, लेकिन गठित पुलिस टीम की सघन जांच-पड़ताल में कोई भी असलहा, अर्द्ध-निर्मित हथियार या हथियार बनाने का उपकरण बरामद नहीं हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे मकान की तलाशी ली। जांच के दौरान केवल निमार्णाधीन बाथरूम और मकान से संबंधित सामान मिला, जिसमें ड्रिल मशीन, कटर मशीन, हथौड़ी, रिंच, लोहे की आरी, प्लास, चुड़ी बनाने की मशीन, रेती और कटी हुई पाइप आदि शामिल है। पुलिस के अनुसार ये सभी सामान सामान्य प्लम्बिंग, इलेक्ट्रिक और मकान निर्माण के काम आते हैं। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि उक्त मकान में सिर्फ 65 वर्षीय पार्वती देवी रहती हैं, कोई किरायेदार या फैक्ट्री नहीं चल रही है। पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल से पता चला है कि रागिनी सिंह और उनके पति कुंवर सत्येंद्र प्रताप सिंह के बीच लंबे समय से वैवाहिक विवाद चल रहा है। न्यायिक मजिस्ट्रेट (एफटीसी महिला) ने 15 सितंबर 2025 को रागिनी सिंह को पति के घर में रहने का आदेश दिया था।

आदेश के अनुपालन में जब 21 नवंबर को पुलिस और क्व्टीम उन्हें घर में प्रवेश कराने पहुंची तो परिवार के सदस्यों ने विरोध किया और गाली-गलौज की। इसी दौरान रागिनी सिंह ने घरेलू सामान का वीडियो बनाकर उसे ह्लअवैध असलहा फैक्ट्रीह्व बताकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसकी पुलिस जांच में कोई पुष्टि नहीं हुई। घटना के संबंध में थाना कोतवाली में पांच लोग नामजद अभियुक्त हैं, जिनमें सत्येंद्र प्रताप सिंह, विक्रम सूर्यवंश सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, पार्वती सिंह और वनिशा सिंह (निशा) शामिल हैं। इनमें से अधिकांश अभियुक्तों का पहले से दहेज प्रताड़ना, मारपीट और अन्य आपराधिक मामलों में इतिहास रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह पूरा प्रकरण पारिवारिक विवाद का हिस्सा है और अवैध असलहा फैक्ट्री का आरोप जानबूझकर लगाया गया ताकि परिवार को बदनाम किया जा सके। मामले की आगे की जांच जारी है।

## इनामिया बदमाश करीम मुठभेड़ घायल, आरिफ फरार



आजमगढ़। जिले में अतरौलिया पुलिस और प्रतिबंधित पशु तस्करों के बीच सुबह हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामिया बदमाश करीम पुत्र मकसूद अहमद घायल हो गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लगी। मौके से उसे दबोच लिया गया जबकि उसका साथी आरिफ अंधेरे का फायदा उठाकर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। मुठभेड़ सुबह करीब 4 बजे सुखीपुर अंडरपास के पास गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर हुई। थाना अतरौलिया पुलिस रात्रि चेकिंग कर रही थी। दूर से आती मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें करीम को गोली लगी। बदमाश के पास से एक देशी तमंचा , दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, अवैध मांस बिक्री से कमाए 3,200 रुपये बरामद किए गए। घायल करीम को तुरंत सीएचसी अतरौलिया भेजा गया है। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर लगातार प्रतिबंधित पशुओं की चोरी और वध करता था। करीम ने खुलासा किया कि इसी महीने 8-9 नवंबर की रात उसके गैंग ने अतरौलिया क्षेत्र के ग्राम गोरथानी में राजू पुत्र हरिराम के बाड़े का ताला तोड़कर दो प्रतिबंधित पशुओं का वध किया था। सिर और अवशेष वहीं छोड़कर बाकी मांस सफेद रंग की कार में भरकर ले गए थे और बेच दिया था।

## मतदाताओं की सहायता करें, स्थापित हो हेल्प डेस्क

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, राहुल विश्वकर्मा ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र द्वारा निर्देशित किया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराये जा रहे अर्हता 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में निर्वाचक की पृच्छाओं के निवारण एवं उन्हें सहायता प्रदान किये जाने हेतु उप जिलाधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत कार्यालयों में हेल्प डेस्क की स्थापना करायी जाए, जिसमें अनुभवी एवं भिज्ञ कर्मचारी की नियुक्ति की जाए, जिससे मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में सहायता मिल सकें। उक्त के क्रम में उन्होने अवगत कराया है कि अधिशाषी अधिकारी को छोड़कर समस्त उप जिलाधिकारी/निरजिअधि, समस्त बीडीओ भारत निर्वाचन आयोग से ईआरओ/एईआरओ नामित हैं तथा प्रगाढ पुनरीक्षण में कराये जा रहे कार्यों से प्रशिक्षित है। फलस्वरूप अपने तहसील/ब्लॉक मुख्यालय पर स्थापित किये गये हेल्प डेस्क में नामित कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कार्यवाही किये जाने की जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपेक्षा की गयी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी/नि0रजि0अधि0, समस्त बीडीओ को निर्देशित किया है कि अपने-अपने कार्यालय में तत्काल प्रभाव से निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के लिए मतदाताओं द्वारा भरे जा रहे गणना प्रपत्रों में मतदाताओं की सहायता हेतु हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए तथा उसमें भिज्ञ कर्मचारी तैनात किये जाए।

## 124 टीबी मरीजों को पोषाहार किट वितरित

जौनपुर। ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा गोद लिए गए 124 टीबी मरीजों को गौरीशंकर मंदिर सिंगरामऊ स्थित मुख्यालय पर पोषाहार किट वितरित की गई। अगस्त में गोद लिए गए 84 मरीजों को यह किट चौथी बार तथा



नवंबर में गोद लिए गए 40 मरीजों को पहली बार प्रदान की गई। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह ने मरीजों को टीबी के लक्षणों, उपचार और उपलब्ध सरकारी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपचार के दौरान दवा का पूरा कोर्स समय से लेने और प्रोटीन युक्त आहार शामिल करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही मरीजों के परिजनों की भी जांच और टीपीटी दिलाने की आवश्यकता पर बल दिया , लोगों के आग्रह पर सीएमओ ने सभी के साथ ह्लहम होंगे कामयाब, टीबी हारेगा देश जीतेगाह्व गीत भी गाया, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। संस्था प्रमुख डॉ. अंजू सिंह ने बताया कि टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण और निरंतर देखभाल की अत्यधिक आवश्यकता होती है। संस्था द्वारा अब तक हजारों मरीजों को गोद लेकर छह माह तक पोषाहार उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे अनेक मरीज जल्दी स्वस्थ हुए हैं। कई लाभार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाया गया है, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक मजबूती के स्तंभ बन पाए हैं। सिंगरामऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एमओआईसी डॉ. अभिषेक वर्मा ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह की भूमिका की सराहना की। वहीं, संस्था प्रमुख डॉ. अंजू सिंह द्वारा लगातार टीबी रोगियों को पोषाहार उपलब्ध कराने को क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताया। संचालन सौम्या सिंह और नेहा सिंह ने किया। कार्यक्रम में सभी टीबी मरीजों के साथ बदलापुर एसटीएस तरुण कुमार, अजय तिवारी, राजेश दुबे, लालमणि मिश्रा, सत्यजीत मौर्य, सद्दाम अख्तर, नेहा सिंह, मंजू सिंह, जबी अख्तर, कंचन आदि उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय युवा उत्सव व साइंस मेला शुरू



आजमगढ़। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग आजमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु निर्धारित विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2026 के अन्तर्गत आयोजित एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला कार्यक्रम/प्रतियोगिता प्रतिभा निकेतन इण्टर कालेज अतलस पोखरा आजमगढ़ में सम्पन्न हुई।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला कार्यक्रम/प्रतियोगिता का शुभारम्भ ध्रुव कुमार सिंह जिलाध्यक्ष आजमगढ़ द्वारा अपने कर कमलों से मॉ विणावादिनी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सुल्तान सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा जनपद स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का स्वागत करते हुए जनपद स्तरीय युवा उत्सव के बारे में प्रकाश डाला। जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला का परिणाम इस प्रकार रहा-लोकनृत्य (समूह) प्रतिभा निकेतन इण्टर कालेज आजमगढ़ प्रथम, इण्टर नेशनल पब्लिक स्कूल द्वितीय, चिल्ड्रेन हायर सेकण्डरी स्कूल तृतीय, लोकगीत-तृप्ति विश्वकर्मा प्रथम, कहानी लेखन-आरूषी यादव प्रथम, कुंवर फतेह बहादुर द्वितीय, आरूष कुमार तृतीय, कविता लेखन-अंशिका राय प्रथम, अनन्या यादव द्वितीय, आराधना मौर्य तृतीय, डिक्लेमेशन-नितीश कुमार प्रथम, खुशी प्रजापति द्वितीय, जान्हवी वर्मा तृतीय, पेंटिंग-तन्नू कुमारी प्रथम, माधवी चौधरी द्वितीय, मयंक गौड़ तृतीय, साइंस मेला-प्रतिभा निकेतन इण्टर कालेज प्रथम रहा।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को 23 नवंबर 2025 को आयोजित मण्डल स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया जायेगा। निर्णायक मण्डल में सपना बनर्जी गायक, सुनील दत्त विश्वकर्मा वरिष्ठ रंग कर्मी रमेश चन्द यादव अध्यापक (आर्ट) एसकेपी इण्टर कालेज, प्रीती श्रीवास्तव उप प्रधानाचार्य प्रतिभा निकेतन इण्टर कालेज, मो आमिर जमाल अध्यापक (विज्ञान) शिबली नेशनल इण्टर कालेज आजमगढ़, संदीप सिंह, प्रमोद सिंह, अश्वनी रहें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक रमाकान्त वर्मा, प्रधानाचार्य धुवचन्द मौर्य पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी गाजीपुर सुरेन्द्र, कार्यक्रम प्रभारी अनीश कुमार मौर्य, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उमेश कुमार, रोहित कुमार यादव, अखिलेश्वर मौर्य, भारत शुभम साहू, शशि शेखर राय, विवके रंजन यादव, आस्था सिंह एवं सहयोग में पीआरडी जवान उपस्थित रहें।

## दैनिक योग से ऊर्जावान रहता है शरीरःसुधांशु



जौनपुर। तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर में पाँच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुधांशु सिन्हा ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन मे योग की बहुत उपयोगिता है यदि हमे स्वस्थ और खुशहाल जीवन व्यतीत करना है तो हमें योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा योग से हमारा शरीर ऊर्जावान रहता है। स्वास्थ्य में सुधार होता है, जैसे लचीलापन, संतुलन और ताकत बढ़नाय तनाव और चिंता में कमीय हृदय और रक्त संचार का बेहतर होनाय और अच्छी नींद को बढ़ावा देना। यह एकाग्रता, ऊर्जा के स्तर और समग्र जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है। योग प्रशिक्षक राज यादव एवम जगदीश योगी राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय जौनपुर ने बी एड और एम एड बिभाग के छात्राध्यापकों एवम छात्राध्यापिकाओं को योगिंग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, बृक्षासन, ताड़ासन, दण्ड बैठक सहित तमाम आसनों के साथ साथ भ्रामरी प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, वाह्य प्राणायाम, अनुलोम विलोम सहित समस्त प्राणायामो का विधिवत अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया। प्रोफेसर अजय कुमार दुबे, प्रोफेसर रीता सिंह, प्रोफेसर श्रद्धा सिंह, डॉ अरविंद सिंह, डॉ प्रशांत सिंह, डॉ गीता सिंह, डॉ वैभव सिंह, डॉ सीमांत राय, डॉ अंजू श्रीवास्तव, डॉ निधि सिंह, डॉ सुलेखा सिंह, सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## समाधान दिवस, सात में तीन फरियाद का हुआ समाधान

मीरजापुर। तहसीलदार लालगंज दीक्षा पांडे के अध्यक्षता में थाना परिसर में समाधान दिवस संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल सात प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु तहसीलदार ने राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। फरियादियों द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से अध्ययन करते हुए तहसीलदार दीक्षा पांडे ने क्षेत्रीय लेखपाल को बुलाकर मामले को गंभीरता से परख करते हुए निस्तारण करने का निर्देश दिया। शेष बचे हुए प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम को निर्देशित करते हुए तहसीलदार दीक्षा पांडे ने कहा कि शासन की मंशा है कि फरियादी को बार-बार अपनी समस्या लेकर थाना तहसील का चक्कर न काटना पड़े जिसके परिपेक्ष्य में आप लोग मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर समस्या का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करते हुए दो गवाहों के समक्ष फोटोग्राफी कराते हुए रिपोर्ट समय के अंदर प्रस्तुत करें। तहसीलदार ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी की समस्या निस्तारण करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगा।

## क्राइम ब्रांच के नाम से आशा कार्यकर्ता को फोन कर मांगे 5500 रुपये

जिला संवाददाता(vol)

हलिया, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट खरका गांव निवासी आशा कार्यकर्ता रंजना देवी को शनिवार दोपहर एक बजे के करीब क्राइम ब्रांच के नाम पर एक व्यक्ति ने फोन किया और रंजना देवी से साढ़े पांच हजार रुपए भेजने के लिए कहा। फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने आशा कार्यकर्ता को साढ़े पांच हजार रुपए नहीं भेजने पर घर से एक घंटे के भीतर उठा ले जाने की धमकी दी। क्राइम ब्रांच के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा दी गई धमकी से डरी सहमी महिला ड्रमंडगंज थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की।

आशा कार्यकर्ता रंजना देवी ने बताया कि दोपहर एक बजे के करीब मोबाइल नंबर 6389463166 से कॉल आई, जिसमें एक व्यक्ति अपने को क्राइम ब्रांच का बताकर साढ़े पांच हजार रुपए फोन पे करने के लिए कहा। क्राइम ब्रांच के नाम पर फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने रूपए नही भेजने पर एक घंटे के भीतर घर से उठा ले जाने की धमकी दी। ड्रमंडगंज थाना पर साइबर सेल में तैनात कांस्टेबल साकेत कुमार सैनी ने आशा कार्यकर्ता को बताया कि किसी ठग ने आपको डरा धमकाकर रूपए ऐंठने के लिए अपने को क्राइम ब्रांच का बताकर आपको ठगने का प्रयास कर रहा था। घबराएं नही पुलिस आपकी सहायता करेगी। साइबर अपराध से संबंधित कार्य देख रहे कांस्टेबल साकेत कुमार सैनी ने बताया कि आशा कार्यकर्ता की शिकायत पर क्राइम ब्रांच के नाम पर फोन करने वाले मोबाइल नंबर की जांच की जा रही है।

# थाना दिवस की शिकायतें शीघ्र निपटायें : डीएम

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। जनपद के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों द्वारा आमजनमानस की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र ने थाना पवारा पहुंचकर लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी के समक्ष भूमि पर अवैध कब्जा, आपसी विवाद, मार्ग विवाद, पैमाइश संबंधी शिकायतें सहित विभिन्न प्रकरण प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन विवादों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अपनी समस्या के समाधान हेतु अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। पुलिस विभाग के आधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बीडीओ के निरीक्षण के दौरान चार बीएलओ मिले अनुपस्थित

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड के विशेष प्रगणन पुनरिक्षण के दौरान शनिवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी को चार बीएलओ अनुपस्थित पाए जाने तथा कार्य में सिथिलता व मोबाइल स्वीच आफ मिलने पर शिक्षा विभाग को कार्यवाही के लिये पत्रक भेजा है कल तक आनलाइन फिडिंग नहीं होने पर संबंधित बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही होने की बात बीडीओ ने कहा है वही इस कार्यवाही से हडकंप मचा हुआ है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सिकटा गांव में कार्यरत बीएलओ हरिनारायण, बीरपुर में श्रीराम, सहजी में गणेश केसरवानी, बसुहरा में जगदीश प्रसाद के कार्यों में शिथिलता पाए जाने तथा मोबाइल स्विच ऑफ होने पर चार बीएलओ के विरुद्ध शिक्षा विभाग को पत्रक भेजा गया है बीडीओ ने कहा कि हलिया, गलरा, मवयी, महुगढ, ऊटी आदि गांव में निरिक्षण के दौरान बीएलओ के कार्य सही चलता पाया गया सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि 30 नवम्बर तक सत प्रतिशत आन लाइन गणना प्रपत्रों को करना अनिवार्य है। इसमें शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। विकास खंड में कुल 246 बीएलओ लगे हुए है ऐसे में ड्यूटी में लापरवाही करने वालों में खलबली मच गई है।

# टीबी व एचआईवी रोग के बारे में किया जागरूक



जिला संवाददाता(vol)

मड़िहान, मीरजापुर। जनपद को टीबी मुक्त श्रेणी में लाने के प्रयास क्रम में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 नवंबर 2025 शनिवार को पुनः विभागीय टीम द्वारा विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र के बाबा सिद्धनाथ इंटर कॉलेज जौगढ़ के प्रांगण में उपस्थित छात्रों को टीबी एवं एचआईवी जैसे गंभीर रोग के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया।

क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा विद्यार्थियों को टीबी के समस्त लक्षण से परिचित कराते हुए उसके बचाव एवं सरकारी निःशुल्क सभी जांच इलाज सुविधाओं के साथ-साथ पोषण योजना के तहत दिए जा रहे टीबी मरीजों को प्रति माह 1000 रुपये के विषय में भी विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। श्री यादव द्वारा उक्त के साथ ही बच्चों को एचआईवी जैसे गंभीर बीमारी के होने के कारण एवं उसके बचाव को भी विधवत समझाया गया और कहा गया कि आप सभी निःक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के मदद में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए लक्षण प्रभावित व्यक्ति को जांच एवं इलाज हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक भेजने का प्रशंसनीय कर्तव्य निभाने का प्रयास अवश्य करें, जिससे कि हमारा जनपद जल्द से जल्द टीबी मुक्त जनपद होने का गौरव प्राप्त कर सके। उपरोक्त कार्यक्रम में क्षय विभाग के अजीत कुमार सिंह, जेड अहमद, मनभावन तथा विद्यालय प्रधानाचार्य सतीश कुमार यादव एवं प्रवक्ता राजीव दुबे, अमरनाथ सिंह, सुभाष चंद्र, रमाशंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

## कर-करेत्तर राजस्व वसूली की हुई समीक्षा

आजमगढ़। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि/रा गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों की कर-करेत्तर राजस्व वसूली में निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराने हेतु सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, खान अधिकारी, कर निर्धारण अधिकारी (नपा), आबकारी निरीक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी एवं सहायक अभियन्ता (सिंचाई), जनपद आजमगढ़ के साथ समीक्षा की गयी। माह अक्टूबर, 2025 के विवरण के अनुसार प्राप्ति 100 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष स्टाम्प विभाग 1.30 प्रतिशत, आबकारी 7.19 प्रतिशत, राज्यकर 46.27 प्रतिशत, परिवहन 9.68 प्रतिशत, विद्युत 37.80 प्रतिशत, वन 60.55 प्रतिशत, खनन 79.47 प्रतिशत, सिंचाई 45.77 प्रतिशत की उपलब्धि कम रही है। दिनांक 22 नवम्बर, 2025 तक उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार 100 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष स्टाम्प विभाग 11.00 प्रतिशत, आबकारी 12.55 प्रतिशत, परिवहन 11.94 प्रतिशत, खनन 66.52 प्रतिशत, सिंचाई 54.81 प्रतिशत की उपलब्धि लक्ष्य के सापेक्ष इस माह में कम है। अन्य विभागों द्वारा इस माह का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। अपर जिलाधिकारी वि/रा ने सम्बन्धित विभाग को अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस माह के अवशेष दिनों में लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना तैयार कर प्रवर्तन कार्य में तेजी लाते हुए शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें। यदि इस माह में भी लक्ष्य के सापेक्ष जिस विभाग की उपलब्धि कम पायी गयी तो उनके विरूद्ध नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही हेतु शासन/विभागाध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा, जिसके लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।


कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी श्रावस्ती

पंत्राकः मु.चि.अ./जेम- निविदा/सूचना/25-26/10858-62 दिनांक 22 नवम्बर 2025

जेम निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24, एवं 2024-25 तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा कान्करेंट आडिटर के चयन हेतु निविदा जेम पोर्टल पर दिनांक 13.11.2025 को अपलोड की जा चुकी है।
जिसका विवरण निम्नलिखित है-

| क्र. सं. | जेम निविदा का नाम | जेम निविदा आई.डी. संख्या | जेम निविदा ऑनलाइन जमा करने की आरम्भ तिथि व समय | जेम निविदा ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | कॉन्करेंट आडिटर का चयन वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 | GEM/2025/B/6871269 | 21.11.2025 अपरान्ह 1:00 बजे से | 08.12.2025 अपरान्ह 1:00 बजे तक |
| 2 | कॉन्करेट आडिटर का चयन वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 | GEM/2025/B/6903663 | 21.11.2025 अपरान्ह 1:00 बजे से | 08.12.2025 अपरान्ह 1:00 बजे तक |

उक्त दोनो निविदायें मुख्य चिकित्साधिकारी श्रावस्ती कार्यालय मे दिनांक 08.12.2025 को सायः 1:30 बजे के पश्चात खोली जायेगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी, श्रावस्ती।

संक्षेप

## बाइक सवार दम्पत्ति दुर्घटना में घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के एनएच-19 टिलीटिला गांव के नजदीक एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपती गंभीर रुप से घायल हो गए। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक खड्ड में जा गिरी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इटावा शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय हरिकृष्ण अपनी पत्नी 65 वर्षीय इन्द्रावती के साथ बाइक से इटावा से चलकर औरैया स्थित अपनी रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे महेवा कस्बा पास करके जैसे ही वह टिलीटिला गांव के नजदीक पहुंचे कि उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक सहित हाईवे के किनारे खड्ड में जा गिरे। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जिसपर महेवा चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और खड्ड में गिरे दंपति को बाहर निकलवा कर उपचार के लिए महेवा सीएचसी ले गए जहां उनकी हालत को गंभीर देखकर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया।

## सड़क हादसों में तीन गंभीर रूप से घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** शुक्रवार की देर शाम क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी गांव के पास हुई, जहां मैनपुरी जनपद के किशनी थाना क्षेत्र के कुसमरा निवासी 50 वर्षीय वीरपाल पुत्र हुकुम लाल इटावा से घर जाते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना बलरई थाना क्षेत्र के जसवंतनगर बलरई मार्ग पर नगला रामसुन्दर मोड़ के पास हुई। बम्बा की सफाई के दौरान सड़क पर डाली गई मिट्टी और मूंज के सरकंडों से हश्यता बाधित होने पर दो बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। हादसे में नगला रामसुन्दर निवासी 19 वर्षीय तेजस पुत्र शिवप्रकाश और सरामई निवासी 18 वर्षीय अंकित पुत्र राजेश कुमार गंभीर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए।

## किशोरी सकुशल बरामद

**जसवन्तनगर, इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के एक गाँव से 18 नवंबर को दर्ज मामले में बहला-फुसलाकर ले जाई गई 16 वर्षीय जाति विशेष की किशोरी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगर में स्थित बस स्टैंड चैराहे से सकुशल बरामद कर वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है वहाँ से किशोरी को मेडिकल परीक्षण और न्यायालय में वयान दर्ज कराए जाएंगे। प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी भी जल्द कर ली जाएगी

## किसान गोष्ठी 25 को

**इटावा।** उप कृषि निदेशक शोध, आरएन सिंह ने बताया कि संभागीय कृषि परीक्षण व प्रदर्शन केन्द्र के कृषि शोध प्रक्षेत्र जौनई जसवन्तनगर पर 25 नवम्बर को समय सुबह 11 बजे से एक दिवसीय किसान ज्ञान मेला व किसान गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि विभाग तथाकृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के स्टॉल लगाकर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। मुख्य अतिथि विधायक सदर सरिता भदौरिया द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। क्षेत्रीय कृषकों से अपील की जाती है कि उपरोक्त किसान ज्ञान मेला एवं कृषक गोष्ठी में भाग लेकर अधिक से अधिक लाभ उठायें।

# मुलायम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया

## नेताजी कीजयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन



**इटावा।** पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, भारत के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव नेताजी की जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया स इसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि नेताजी ने सदैव समाज के शोषित, वंचितों के हकों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ने का काम किया था, उनका सपना था कि जब तक आम व्यक्ति को शिक्षा दवा उपलब्ध न हो जाए तब तक समाजवाद अधूरा है, उन्होंने अपने मुख्यमंत्री रहते तमाम ऐसी योजनाएं चलाएं, जिससे प्रदेश का आम नागरिक लाभान्वित हुआ और उनके चेहरे पर मुस्कान की किरण देखने को मिली, उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी समाजवाद को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं, आज नेताजी की जयंती के मौके पर हम सभी को संकल्प लेकर जाना है, की बूथ स्तर पर एसआईआर का काम करके 2027 में इस प्रदेश की कमान अखिलेश यादव के हाथों में सौंपने का काम करेंगे। विचार गोष्ठी में जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदोरिया वीरू, एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, लाखन सिंह जाटव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, आशीष राजपूत, अनवर हुसैन, चच्चू शुक्ला, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, मयंक विधौलिया, सीमा यादव जिलाध्यक्ष महिलासभा, नफीसुल हसन अंसारी, साजिद अली अशरफी, नितिन यादव, राकेश यादव, संतोष राजपूत, रमेश यादव, जिलासचिव प्रवीन कुशवाह, संतोष राठौर, राजकुमार यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष किशन यादव, रिजवान कुरैशी, जैनुल आब्दीन, रशीद अली, दिनेश यादव, जय सिंह चैहान, कमलेश दतावली, राजेश यादव, नम्रता दोहरे, संगीता राजपूत, रामबेटी गोयल, शशि यादव, नीतू सिंह उमेश यादव लंकू, सभासद अविनाश कुशवाहा उपस्थित रहे।

## लंबित वादों की सूची न देने पर रुका 22 पेशकारों का वेतन

**कुशीनगर।** एडीएम वैभव मिश्रा द्वारा समस्त पीठासीन अधिकारी, राजस्व न्यायालय को आरसीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज राजस्व संहिता 2006 के समय सीमा के उपरान्त लम्बित वादों की सूची नियत प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, बावजूद इसके पेशकारगण द्वारा उक्त वाछिंत सूचना अब तक उपलब्ध नही कराया गया है। जिससे परीलक्षित होता है कि पेशकारगण द्वारा सूचारू रूप से अपने पदीय दायित्यों का निर्वहन नहीं किया जा रहा है और न ही उच्चधिकारी गण के आदेशों का समय से पालन किया जा रहा है। जो घोर लापरवाही का द्योतक है। उन्होंने बताया कि डीएम द्वारा साप्ताहित समीक्षा बैठक में काफी रोष व्यक्त करते हुए समस्त पेशकारगण व नायब तहसीलदार के पेशकार र0का0 का वेतन वाधित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त का क्रम में एडीएम ने न्यायालय उपजिलाधिकारी पडरौना के पेशकार निसार अहमद, रिक्त न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्या०) पडरौना, न्यायालय तहसीलदार पड़रौना रिक्त, न्यायालय नायब तह० पडरौना बलराम कुशवाहा, न्यायालय नायब तह० कोटवा पडरौना अरविंद कुमार लेखपाल, न्यायालय उपजिलाधिकारी खड्डा अमानत हुसैन, न्यायालय तहसीलदार खड्डा नर्वदा सिंह, न्यायालय नायब तहसीलदार खड्डा अजीत कुमार (आरके), न्यायालय उपजिलाधिकारी कप्तानगंज अनीश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय तहसीलदार कप्तानगज अभिषेक सिंह (लेखपाल), न्यायालय नायब तहसीलदार कप्तानगंज परमहंस (आरके), न्यायालय एसडीएम हाटा ब्रजेश पाठक, न्यायालय तहसीलदार हाटा खुशबू श्रीवास्तव, न्यायालय नायब तहसीलदार हाटा कृष्ण प्रसाद, न्यायालय उपजिलाधिकारी कसया सुनील कुमार, न्यायालय तहसीलदार कसया राजकुमार गुप्ता, न्यायालय नायब तह० कसया मार्कण्डेय मणि (आरके) न्यायालय नायब तह० फाजिलनगर कसया विनोद सिंह लेखपाल, न्यायालय उपजिलाधिकारी तमकुहीराज वृजेश कुमार गौतम, न्यायालय तहसीलदार तमकुहीराज जितेन्द्र कुमार यादव 1, न्यायालय नायब तह० तरया तमकुहीराज राम हरख यादव (आरके), न्यायालय नायब तह० कोटवा तमकुहीराज हरिनरायन गुप्ता (आरके) एडीएम ने उक्त पेशकार र0का०गण का वेतन सूचना उपलब्ध कराने तक वाधित किया है। सूचना प्राप्त होने का प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरान्त वेतन आहरित किया जायेगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनायी गयी



**कसया, कुशीनगर।** पूर्व केंद्रीयमंत्री, समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती नपाप कुशीनगर के सिसवा - महंथ चौराहे पर मनाई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। शनिवार को आयोजित जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संतोष यदुवंशी ने कहा कि समाजवाद के पुरोधा स्व. मुलायम सिंह यादव किसान, मजदूर और निर्बल वर्ग को न्याय दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। प्रदेश कार्य समिति सदस्य और पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि फाजिलनगर हसमुद्दीन अंसारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व.मुलायम सिंह यादव ने देश के विकास में अहम योगदान दिया।प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी 2027 में सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है।इसलिए मतदाता सर्वेक्षण फॉर्म जमा करने में आप सभी सहयोग करें ताकि किसी पात्र का नाम न कटे। इससे पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री यादव और प्रदेश समिति सदस्य श्री अंसारी का माल्यार्पण कर समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष एड उदयभान यादव, वरिष्ठ नेता केदारनाथ यादव, सचिव राम गुलाब यादव, प्रधानाचार्य संजय यादव, मुक्तिनाथ पाण्डेय आदि ने किया।इस अवसर पर पप्पू अली, विनय, राजेश सिंह, रमेश सिंह, जयराम सिंह, प्रिंस, वशिष्ट यादव, राम प्रवेश शर्मा, अवधेश प्रसाद, रामप्रीत सिंह, विवेक, शाकिर अली, राजीव प्रसाद भारती, आदि मौजूद रहे।

## एसआईआर अभियान में तेजी लायें कार्यकर्ता

**देवरिया।** भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष साकेत सिंह सोनू ने क्षेत्र के औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एस आई आर अभियान में लगे जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा इस अभियान को गति देने का आग्रह किया । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की जांच और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है ।उन्होंने कहा कि हर बूथों पर कार्यकर्ता ये बी एल ओ से संपर्क करके ये सुनिश्चित करें कि वैध और युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए है या नहीं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया जिले में पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ की जा रही है ताकि समय रहते सभी वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकें ।इस कार्य के लिए पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है जो पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं । बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, अभियान के जिला संयोजक गंगा शरण पांडे, सह संयोजक विजय पटेल, पूर्व सभासद दिनेश शुक्ला, राधेश्याम शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, आराधना पांडे, गोविंद चौरसिया, शमशुद्दीन अहमद, दिलीप सिंह, वीरेंद्र सिंह, रूपम पांडे, शिवेश पांडे, राहुल प्रताप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों के कान में सरसों का तेल न डालें

● सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में बढ़े संक्रमण के मामले

सैफई, इटावा। बदलते मौसम और बढ़ती सर्दी के बीच उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ईएनटी विभाग में बच्चों के कान में सरसों का तेल डालने से होने वाले संक्रमण के मामलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में दर्द या खुजली होने पर तेल डालने की वर्षों पुरानी परंपरा बच्चों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार पिछले दिनों में कान में फफूंदी, सूजन और मवाद बनने जैसे मामलों में तेजी आई है, जिनका सीधा संबंध घरेलू उपचार के गलत प्रयोग से पाया गया है।

शुक्रवार को ईएनटी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजीव यादव व उनकी टीम ने ओपीडी में करीब 240 मरीजों की जांच की, जिनमें कई बच्चों को गंभीर संक्रमण के कारण भर्ती करना पड़ा। डॉ. संजीव ने बताया कि तेल डालने से कान की सतह गीली हो जाती है और फंगल संक्रमण तेजी से फैलता है। कई बच्चों के कान में इतना मवाद जमा मिला कि सुनने में कठिनाई तक विकसित हो गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों के कान में किसी भी परिस्थिति में तेल डालना न केवल खतरनाक है, बल्कि कई बार स्थायी नुकसान तक पहुंचा देता है। मौसम के उतार-चढ़ाव के साथ ईएनटी विभाग में खांसी, जुकाम, गला खराब और एलर्जी के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।इटावा और आस-पास के क्षेत्रों में पराली जलाने से फैले धुएं ने एलर्जी से पीड़ित बच्चों की तकलीफ को और बढ़ा दिया है। डॉक्टरों ने बताया कि छोटे बच्चे ठंड, धूल और धुएं से जल्दी प्रभावित हो रहे हैं। कई मरीज गले में सूजन, सांस में जलन और कान दर्द जैसी समस्याओं के साथ अस्पताल पहुंचे हैं। डॉ. संजीव ने यह भी चिंता जताई कि लोग बिना परामर्श एंटीबायोटिक दवाएं लेने लगे हैं, जिससे दवा का असर कम हो जाता है और स्थिति और बिगड़ती है। उन्होंने सलाह दी कि प्रदूषण वाले क्षेत्रों में मास्क पहनें, धूम्रपान से दूर रहें और किसी भी ईएनटी समस्या पर सीधे विशेषज्ञ से परामर्श लें। खासतौर से बच्चों में किसी भी घरेलू नुस्खे, विशेषकर कान में तेल डालने से पूरी तरह परहेज करें और परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# खाद्य विभाग कीटीम ने मारा छापा



● छापेमारी के दौरान 13 कुन्तल दूषित पनीर कराया नष्ट

● 163 लीटर रिफाइन्ड पामोलीन आयल, को जब्त

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि आयुक्त, लखनऊ के आदेश पर राज्य स्तरीय टीम जिसमें कमलेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद एटा, नीरद पाण्डेय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाराबंकी, सलिल कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाराबंकी, संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद कानपुर नगर एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रायबरेली के डा० सी०आर० प्रजापति सहायक आयुक्त (खाद्य) अंजनी कुमार श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रायबरेली, सौरभ उत्तम खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं उदय राज मौर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा दाउद नगर, रायबरेली में स्थित मेसर्स आर०बी० डेयरी एण्ड फूड प्रोडक्ट के विनिर्माण इकाई पर औचक छापामार कार्यवाही कर खाद्य पदार्थ पनीर के 3 नमूने, मिश्रित दूध का 1 नमूना एवं रिफाइन्ड पामोलीन आयल का 1 नमूना मिलावटी होने के संदेह के आधार पर संग्रहीत किया गया। लगभग 13 कुन्तल दूषित पनीर विनष्ट प्राय प्रकृति का होने के कारण मौके पर विनष्ट कराया गया एवं कुल 163 लीटर रिफाइन्ड पामोलीन आयल, को जब्त कर लिया गया है।

निरीक्षण के दौरान उक्त विनिर्माण इकाई में अस्वाथ्यकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थ का विनिर्माण होता पाया गया, जो कि जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अस्वाथ्यकर परिस्थितियों में खाद्य कारोबार करने के कारण उक्त प्रतिष्ठान का खाद्य लाइसेंस निलंबित कर दिया गया एवं खाद्य कारोबार करने पर तत्काल रोक लगा दी गयी है। उपरोक्त संग्रहीत समस्त पाँचों नमूनों को फास्ट ट्रैक के अन्तर्गत जॉच हेतु विशेष वाहक द्वारा खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही अग्रेतर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव का जन्मदिन सदभावना दिवस के रूप में मनाया गया

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बलुआअफगान के चौराहे पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व रामनरेश यादव का जन्मदिन सदभावना दिवस के रुप में मनायी गयी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवक कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशवचन्द यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्व रामनरेश यादव सादगी ईमानदारी के प्रतीक के साथ साथ समाज में दबे कुचले लोगों के विकास के पक्षधर थे ।अपने कार्यकाल में विकास कार्यो के साथ-साथ साम्प्रदायिक को बचाने में अहम भूमिका निभाई ।कार्यक्रम को डॉ सत्यनारायण शर्मा मो0सलीम अनिल गोड प्रधान पति रामछबिला गुप्त पूर्व प्रधान जयप्रकाश यादव सुमेश्वरनाथ तिवारी अभिषेक यादल दीपक कुमार शर्मा कमलेश पासवान प्रमोद निषाद संदीप यादव पूर्व प्रधान श्रवण यादव ने भी अपना विचार व्यक्त किया ।

# डीएम ने एसआईआर कार्यों का किया आकस्मिक निरीक्षण

● 25 नवम्बर तक सभी प्रविष्टियाँ पूर्ण करने के कड़े निर्देश, जनपदवासियों से एसआईआर फॉर्म जमा करने की अपील



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने आज शनिवार को कसया एवं फाजिलनगर विकासखंडों के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर चल रहे एसआईआर कार्यों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से फॉर्म जमा होने की स्थिति एवं ऑनलाइन प्रविष्टियों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

प्राथमिक विद्यालय दमवतीया (पडरौना) में निरीक्षण दौरान 920 वोटर में फॉर्म जमा 25 पाया गया। जिलाधिकारी ने अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और बीएलओ को फटकार लगाते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर बुजुर्ग में 1280 वोटर के सापेक्ष फॉर्म जमा 700 एवं ऑनलाइन प्रविष्टियाँ–250 कि पाई गई। जिलाधिकारी ने इसे संतोषजनक बताया, पर शेष परिवारों तक पहुंच बनाने हेतु त्वरित अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य बूथ (कसया क्षेत्र) 1285 वोटर के सापेक्ष फॉर्म जमा 350 एवं ऑनलाइन प्रविष्टियाँ 350 पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने फॉर्म व ऑनलाइन संख्याओं को संतुलित रूप से बढ़ाने पर बल दिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बहोरापुर में 829 वोटरों के सापेक्ष फॉर्म जमा 135 का ऑनलाइन प्रविष्टियाँ 80 पाई गई। जिलाधिकारी ने बीएलओ को घरझघर संपर्क तेज करने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय धुनवालिया (फाजिलनगर) में 1370 वोटरों के सापेक्ष फॉर्म जमा 135 का एवं ऑनलाइन प्रविष्टियाँ 105 पाई गई कार्य में अपेक्षित गति न होने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बीएलओ 25 नवम्बर तक प्रत्येक पात्र मतदाता का एसआईआर फॉर्म पूर्ण कर जमा एवं ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां प्रगति धीमी है वहाँ विशेष अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने पर्यवेक्षक अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि वे प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा/ निरीक्षण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अनुरोध किया है कि एसआईआर फॉर्म भरकर 25 नवम्बर तक अपने संबंधित बीएलओ को अवश्य जमा करें, ताकि आपकी प्रविष्टि समय से ऑनलाइन की जा सके और मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

## चलती कार में लगी आग

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में आगरा-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार शाम साढ़े छः बजे एक क्रेटा कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। मौके पर राहगीरों और आसपास के लोगों में दहशत फैल दी। वाहन चालक राहगीर जस की तस रुक गए। कार में सवार 2 लोग समय रहते बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि प्रारंभिक जानकारी में शॉर्ट सर्किट अथवा गैस रिसाव की संभावना जताई जा रही है। कार स्वामी चमन कुमार सोनी पुत्र प्रताप राय सोनी निवासी पीली कोठी रोड सिविल लाइन रीवा मध्यप्रदेश, कार से दिल्ली से अपने घर रीवा जा रहे थे।

## राज मंगल पांडेय ने किया जीवन पर्यंत शुचिता मर्याया और मूल्यों का पालनः दुर्गेश राय



**कुशीनगर।** पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प.राजमंगल पांडेय की 32 वीं पुण्य तिथि पर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जनप्रतिनिधियों ने स्व.पांडेय के व्यक्तित्व व कृतित्व को अनुकरणीय बताया व जनता की भलाई के लिए उनके दिखाए रास्तों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। शनिवार को सपहा स्थित मिलेनियम इंटरनेशनल स्कूल परिसर में स्व.पांडेय के पुत्र पूर्व सांसद राजेश पांडेय की अगुआई में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि स्व.पांडेय का व्यक्तित्व विराट था। वह वचन के धनी थे, जो कहा वह किया। राजनीति में रहते हुए उन्होंने जीवन पर्यंत शुचिता, मयार्दा व मूल्यों का पालन किया। विधायक पी एन पाठक ने कहा कि स्व. पांडेय ने हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार देने का कार्य किया। फाजिलनगर के विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा, हाटा के विधायक मोहन वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद द्वारा सपहा चौराहे पर लगाए गए स्व.पांडेय की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लल्लन मिश्र, जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष सतीश मणि त्रिपाठी, पूर्व एडीजीसी प्रभुनाथ मिश्र व अभय त्रिपाठी, पत्रकार विनयकांत मिश्र, कविंद्र पांडेय, विशाल गुप्ता, अमरचंद जायसवाल, ज्ञानी जायसवाल, पुनीत पांडेय, प्रवीण पांडेय, सोनू दुबे, मंटू मिश्रा समेत अनेक लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## सामाजिक न्याय व सांप्रदायिक सद्भावना के पोषक थे मुलायम सिंह यादव : चंद्रभूषण सिंह

**देवरिया।** सामाजिक न्याय एवं सांप्रदायिक सद्भावना के अखंड योद्धा थे मुलायम सिंह यादव,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि नेताजी ने ताजिंदगी शोषित समाज और अल्पसंख्यकों के हितार्थ कार्य किया जिसके लिए उन्हें समाज के यथास्थितिवादी समूहों ने अप्रिय बनाने की लगातार कोशिश की लेकिन वे अपने रास्ते पर अडिग रहे। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने मुलायम सिंह को उनके जयंती पर याद करते हुए कहा कि किसान, नौजवान, महिला, शिक्षक, सैनिक, व्यापारी, वकील आदि समाज का कोई तबका नहीं है जिसकी समस्या को मुलायम सिंह ने हल न किया हो क्योंकि वे जमीन से उठे व्यक्ति थे ।नेताजी ने मुख्यमंत्री रहते उत्तर प्रदेश को शिखर पर पहुंचाया तो रक्षा मंत्री बन दिखा दिया कि धोती -कुर्ता पहनने वाला किसान पुत्र किसी पद पर जाकर अपनी योग्यता का लोहा मनवा सकता है। नेताजी ने रक्षा मंत्री रहते स्पष्ट किया था कि हम युद्ध के हिमायती नहीं हैं लेकिन यदि युद्ध हुआ तो वह भारत की धरती पर नहीं बल्कि दुश्मन की धरती पर होगा। मुलायम सिंह की जयंती पर डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में उपस्थित सुरेश नारायण सिंह यादव, रामप्यारे यादव,व्यास यादव,मंगरू यादव,शंकर गोंड,मिथिला वर्मा,दयानंद यादव, हसनैन उर्फ नन्हे खां,मोहन यादव, चंद्रभान यादव,मुन्ना अंसारी,उत्तिम यादव,विनोद यादव,महेश गोंड,गोविंद यादव आदि सपाईयों ने उपस्थित रह उनके चित्र के समक्ष श्रद्धावनत हो उन्हें नमन किया। उक्त अवसर पर डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की महान नायिका झलकारी बाई कोरी की जयंती और समाजवादी नेता रामसेवक यादव और रामनरेश यादव के स्मृतिदिवस पर इनके चित्र के समक्ष खड़े हो श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुलायम सिंह ने देश के विकास में दिया अहम योगदान

● पूर्वांचल के विकास पुरुष थे पूर्व केंद्रीय मंत्री राज मंगल पांडेय

● पुण्यतिथि पर पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्व.राज मंगल पांडेय के कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा



**कसया, कुशीनगर।** पूर्व केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्व.राज मंगल पांडेय की 32 वीं पुण्यतिथि उनकी धर्म पत्नी श्रीमती रमा राज पांडेय के नगर के वार्ड नंबर 13 राम जानकी नगर स्थित आवास पर मनाई गई। पाण्डेय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए लोगों ने उन्हें पूर्वांचल का विकास पुरुष बताया।

शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. पांडेय के चित्र पर उनकी पत्नी श्रीमती पाण्डेय और विशिष्ट जनों ने माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर नमन किया। पूर्व पीसीसी सदस्य नागेंद्र शुक्ला, पंचानंद मिश्रा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रविन्द्र उर्फ राधे विश्वकर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तारा देवी, जिलाध्यक्ष वृंदा प्रजापति, एड. एड बद्री नारायण दूबे, जितेंद्र पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सपा वाजिद अली, पूर्व प्रमुख बैतालपुर शैलेश मणि, एड. उदयभान यादव, पवन कुमार पांडेय, सुयश मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश जायसवाल, सीमा भारती, आदि ने स्व. पांडेय के चित्र पर पुष्पार्चन किया। वक्ताओं ने स्व. पाण्डेय के कृतित्व और व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें महान राजनेता, विचारक, चिंतक और विकास पुरुष बताया। पूर्वांचल के 30 हजारों लोगों को नौकरियां दी और जनता तक बुनियादी सुविधाओं का लाभ पहुंचाया। वह विकास पुरुष थे। पूर्वांचल के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि अपने पति के पदचिन्हों पर चलते हुए कुशीनगर की जनता की सेवा के प्रति समर्पित हूं। सफल संचालन एडवोकेट विनोद कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान केडी राव, पारस नाथ मिश्र, मुन्ना बाबू, पूर्व जिपंस आनंद उर्फ सुरेश सिंह, गौरी शंकर सिंह, जाहिद खान, पलटन यादव, एड फूल बदन यादव, बाला श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, दिवाकर दीक्षित, शैलेश मणि त्रिपाठी, अनूप तिवारी, सतीश पाण्डेय, एड जयराज सिंह, खुशरुद्दीन, नागेंद्र सिंह, संगीता, गिरिजा देवी, पप्पू परदेशी, साबिर अली, अनिल पाण्डेय, महेंद्र वर्मा सहित हजारों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## गुरु तेग बहादुर के शहीद दिवस पर अवकाश 25 को

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या 870/तीन-2024-39(2)/2016 दिनांक 17 दिसंबर 2024 तथा शासन के 20 नवम्बर 2025 के प्रस्तर-02 में उल्लिखित निदेशों के अनुपालन में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर पूर्व में दिनांक 24 नवम्बर 2025 को घोषित कार्यकारी अवकाश के स्थान पर अब 25 नवम्बर 2025 (मंगलवार) को अवकाश घोषित किया गया है।शक संवत 1947 आग्रहायण 04 तथा विक्रम संवत 2082 मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी के अनुसार दिनांक 25 नवम्बर 2025 को जनपद कुशीनगर में अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि शासन के उपर्युक्त आदेशों के अनुपालन में जनपद के सभी कार्यालयों, संस्थानों एवं विभागों में यह अवकाश यथावत लागू रहेगा।

संक्षेप

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। शादी समारोह के कार्यक्रम से वापस घर आ रहा बाइक सवार सड़क के नीचे जा गिरा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव भुटिया मजरा परशुरामपुर निवासी शिवपाल कुशवाहा 50 वर्ष शुक्रवार को बांगरमऊ से एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जिसके बाद वह देर रात बाइक से दो अन्य लोगों के साथ घर लौट रहा था, अभी वह माढ़ापुर के आगे बनी पुलिया के पास पहुंचा ही था कि बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया में जा घुसी और सड़क के नीचे जा गिरा। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। पति की मौत से पत्नी लीलावती, दो बच्चों में पुत्र विजय बहादुर और पुत्री सोनी का रो रो कर बुरा हाल है।

## मौरावां में बस-बाइक भिड़ंत में एक गंभीर एक युवक की मौत

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। उन्नाव मौरावां थाना क्षेत्र में बस और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बनखंडी माता मंदिर मोड़ के पास आज सुबह करीब 8 बजे हुआ। मृतक की पहचान असोहा थाना क्षेत्र के मुक्तेमऊ गांव निवासी 22 वर्षीय सुमित रावत पुत्र अवधेश के रूप में हुई है। सुमित अपने साथी उमंग सिन्हा (निवासी आलमबाग, लखनऊ) के साथ जलपा सिंह महाविद्यालय, कोदहिया में बीएससी का पेपर देने जा रहा था। वे अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से यात्रा कर रहे थे, तभी बनखंडी मोड़ के पास अकोहरी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस से उनकी टक्कर हो गई। यह बस पुरवा स्थित रामकली बुद्धिलाल साहू विद्यालय के बच्चों को लेकर जा रही थी। हादसे के बाद घायलों को तत्काल मौरावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया, जबकि उमंग की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

## मिशन शक्ति फेज के तहत कार्यक्रम का आयोजन

सेउता (सीतापुर)। शनिवार को थाना रेउसा क्षेत्र के सरस्वती शिशु मन्दिर भिठौली में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति से सम्बन्धित उपस्थित छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। सभी को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय बिस्तार से जानकारी भी गई। इस अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम में थाना रेउसा उपनिरीक्षक नागेंद्र पांडे, विक्की सागर कांस्टेबल, शिल्पा विश्वकर्मा महिला कांस्टेबल व विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाएं तथा छात्राएं भी उपस्थित रही। उपरोक्त कार्यक्रमों से जनजागरुता बढ़ती है।

## वेंडरों ने बकाया पैसा दिलवाने की लगायी गुहार

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला के के ठेकेदार द्वारा करीब एक करोड़ से अधिक धनराशि दुकानदारों की अदा न करने पर पीड़ित बेंदरों ने प्रधान संघ की अध्यक्ष मीनू वर्मा के साथ आज जिलाधिकारी सीतापुर से मिलकर दिलवाने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी अनुसार विकास खंड पहला के शिव सुंदर कंट्रशन फर्म की प्रोपराइटर श्रीमती गीता देवी उनके पति सतीश चंद तथा पुत्र प्रशांत कुमार पर ब्लॉक क्षेत्र 11 वेंडरों बाजपेई खाद भंडार कुमार टाइल्स आदि ने एक करोड़ तीन लाख 91 हजार 131 रुपये की धनराशि न देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी सीतापुर से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया की पूर्व के जन मिलन कार्यक्रम में भी उन लोगों द्वारा श्रीमानजी को तीन नवंबर को एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर श्रीमानजी द्वारा सीओ सिधौली को कार्यवाही हेतु कहा गया था। जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना रामपुर कलां में अभियोग संख्या 290/25 महमूदाबाद कोतवाली में 416/25तथा बड्डूपुर कोतवाली में 327/25 मुकदमा दर्ज है तथा आरोपी दबंग किस्म का होने के कारण उस पर वर्ष 2017में हत्या आदि का मुकदमा विचाराधीन चल रहा है और वह हम लोगों को बकाया राशि न देकर झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहा है। इसलिए हम लोगों को सुरक्षा तथा राशि दिलवाने की कृपा करें।

# बीएसए से मिलकर शिक्षकों ने बतायीं समस्याएं

## बीएसए ने समाधान का दिया आश्वासन



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव (वीओएल)। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पाण्डेय से मिलने कार्यालय पहुंचा। वहां शिक्षकों एवं विद्यालय संचालन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुयी।

एसोसिएशन की ओर से सौहार्दपूर्ण स्वागत करते हुए बीएसए को हनुमान प्रतिमा, राधाकृष्ण की सीनरी तथा अंगवस्त्र भेंट किए गए। बीएसए उन्नाव ने संगठन द्वारा प्रस्तुत सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित प्रस्तावों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु कार्यालय सहायक को पत्र जारी करने के निर्देश दिए, जो संगठन के प्रयासों की सार्थकता और सकारात्मक संवाद को दशार्ता है। बैठक के दौरान बीएसए ने सभी बीआरसी पर क्रमवार मासिक बैठकें आयोजित कराने, शिक्षक संगोष्ठियों में स्वयं उपस्थित रहने तथा विद्यालय निरीक्षण के दौरान यदि किसी शिक्षक की 15 मिनट तक अनुपस्थिति पाई जाती है तो उस पर किसी प्रकार की कार्यवाही न करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिक्षक कार्य के प्रति ईमानदार हों तो ऐसी स्थितियों को कठोरता से नहीं देखा जाएगा। इसके साथ ही ज्ञापन में शामिल सभी प्रमुख मुद्दों जैसे कई विद्यालयों में किचन की अधूरी स्थिति और मध्यान्ह भोजन योजना की बाधाएँ, स्ठक वर्कशॉप संचालन हेतु उपयुक्त कक्षों की कमी, जुलाई 2013 में नियुक्त शिक्षकों की गलत इन्क्रीमेंट प्रविष्टि सुधार, शिक्षकों की सर्विस बुक में लगातार पाई जा रही त्रुटियाँ, विद्यालयों में सूचना तंत्र एवं व्हाट्सएप के असंगत उपयोग, कार्य में शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव एवं असम्मानजनक व्यवहार, आधार मशीन की उपलब्धता, स्मार्ट क्लास उपकरणों की खराबी और खेल सामग्रियों की जरूरत जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बीएसए ने इन सभी बिंदुओं को सकारात्मक रूप से लेते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष संजीव संखवार, जिला महामंत्री प्रदीप कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव दर्शन वर्मा, उपाध्यक्ष मनोज, संरक्षक नरेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजदीप, तथा ब्लॉक स्तर से अतुल साहू, दीपेंद्र शर्मा, नितिन शर्मा, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, राजेश कुमार, देवराज, सौरभ और सुधीर उपस्थित रहे। बैठक अत्यंत सौहार्दपूर्ण, प्रभावी और समाधानपरक रही। एसोसिएशन ने विश्वास व्यक्त किया कि बीएसए के सहयोग से जनपद में शिक्षक हितों, विद्यालयी व्यवस्थाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई गति मिलेगी।

## समाधान दिवस में 7 शिकायतों का निस्तारण

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में थाना कल्याणपुर पर माह के चतुर्थ शनिवार को थाना समाधान दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस दिन जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, और थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थानों पर उपस्थित होकर जनता की समस्याओं को बारीकी से सुना और त्वरित, प्रभावी निस्तारण किया। कुल 105 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 72 पत्र राजस्व संबंधी और 33 पत्र पुलिस से जुड़े थे। राजस्व टीम ने 12 और पुलिस दल ने 7 प्रार्थना पत्रों का तुरंत निस्तारण किया, जबकि शेष प्रार्थना पत्रों का समाधान शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया। इस पहल का उद्देश्य था कि थाना स्तर पर ही अधिकांश विवादों तथा शिकायतों का समाधान हो सके, जिससे जनता को उनके अधिकारों में सुविधा हो और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण हो। इस दौरान पुलिस विभाग ने जनसुनवाई के साथ ही गुणवत्तापूर्ण सेवा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी ली। इसके अलावा अन्य शिकायतों का 15 दिनों के भीतर निस्तारण करने के प्रयास चल रहे हैं। इस प्रकार थाना समाधान दिवस ने जनता और प्रशासन के बीच सकारात्मक संपर्क स्थापित किया है, जिससे कानून व्यवस्था में सुधार के साथ ही जन सन्तुष्टि भी बढ़ी है। यह आयोजन प्रशासन की जनता के प्रति जवाबदेही और भरोसे का परिचायक है, जो जन समस्याओं के संवेदनशील और त्वरित समाधान में कारगर सिद्ध हो रहा है।

## महिला का शव रखकर किया विरोध-प्रदर्शन

हरगांव (सीतापुर)। बीते दिवस बैंक में कार्यरत अपने पति को खाना देने के बाद वापस आते समय मार्ग दुर्घटना में हुई महिला की मृत्यु के बाद आज जब परिजन मोक्ष धाम को शव लेकर जा रहे थे। इसी बीच मृतका के मायके वालों ने शव को मुख्य चैराहे पर शव को रखवा कर हंगामा काटते हुए रास्ता जाम कर दिया। इस बीच जागरूक नागरिक पूर्व सभासद ने थाना हरगांव को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मायके वालों को समझा बूझकर किसी तरह से राजी कर शव को अपनी देखरेख में मोक्ष धाम तक भेजवाया। मृतका के ससुर विनोद वाल्मीकि एवं पति ललित वाल्मीकि काफी मिलनसार व्यक्तित्व के हैं। इसकी वजह से इस मौत के बाद लोगों में खासा आक्रोश भी है और शोक भी है।

जानकारी के अनुसार जिले के आदर्श नगर पंचायत हरगांव निवासी एक महिला बैंक में कार्यरत अपने पति को खाना देने गई थी। खाना देकर लौटते समय सड़क पार करते समय लखीमपुर की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने महिला को टक्कर मार दी। घटना होने के बाद पड़ोस के लोगों ने तत्काल 108 नंबर पर सूचना दी। सूचना पाकर 108 नंबर वाहन घटना स्थल पर पहुंचा इसी वहां से परिजन तत्काल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव पर लेकर गये। जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सीतापुर हरगांव भेज दिया। पुलिस तत्परता से टक्कर मारने वाली कार की तलाश कर रही है। बताने के अनुसार जिले की आदर्श नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव में हरगांव लखीमपुर मार्ग पर बैंक आफ इण्डिया शाखा हरगांव स्थित है। जिसमें कस्बा हरगांव के मोहल्ला रामनगर निवासी ललित कुमार पुत्र बिनोद कुमार कार्यरत है। दोनों पिता पुत्र काफी मिलनसार हैं। जिसकी वजह से घटना के बाद लोगों में आक्रोश भी है और शोक भी है। मृतका अपने पीछे पांच साल की बच्ची सहित पूरे परिवार को रोता भी लगता छोड़ कर चली गई। देर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गुरूवार की दोपहर को ललित कुमार की 32 वर्षीय पत्नी अंकिता दोपहर का खाना देने बैंक को गई थी। वापस लौटते समय सड़क पार करते समय लखीमपुर की तरफ से आरही तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर ही गिर गई। 108 नंबर वहां की मदद से परिजन घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने अंकिता को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सीतापुर भेज दिया। घटना के बाद कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। पोस्टमार्टम के पश्चात जब आज मृतका के ससुरालीजन शव को अंत्येष्टि के लिए मोक्ष धाम पर लेकर जा रहे थे। किसी बीच मृतका के मायके वालों ने शव को मुख्य चैराहे पर रखकर जाम लगा दिया और कार की तलाश करने की मांग करने लगे। इस बीच कस्बे के जागरूक नागरिक पूर्व सभासद मनोज गुप्ता ने घटना की सूचना थाना हरगांव को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मायके वालों को समझा बूझाकर अपनी देखरेख में मोक्ष धाम तक शव को पहुंचाया। तब अंत्येष्टि हुई। थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही ने ससुराली जनों सहित मायके बालों को आश्वस्त किया कि तहरीर मिलने एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अज्ञात कार का पता लगाकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायें: जिलाधिकारी

सीतापुर। नवागत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिसावां का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, औषधि कक्ष, के0एम0सी0, टी0बी0 यूनिट कक्ष, ड्यूटी कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने बी0पी0एम0 एवं बी0सी0पी0एम0 को व्यवस्थाएं सुधारने तथा भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। चीफ फार्मासिस्ट दयाशंकर को स्पष्टीकरण जारी के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। लापरवाही पर स्टाफ नर्स रेनू देवी को कड़ी फटकार लगायी तथा फैमिली काउंसलर रामखुशी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आर0सी0एच0 पोर्टल पर नियमित डाटा अद्यतन कराया जाये। शतप्रतिशत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि ई-कवच पोर्टल की नियमित डाटा फीडिंग की जाये। सभी वार्डों में ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों का विवरण अवश्य प्रदर्शित किया जाये। रेफर किये गये मरीजों का रजिस्टर अद्यतन रखा जाये। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर पर पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जन्म प्रमाण-पत्र की आई0डी0 डिलीवरी रजिस्टर अवश्य दर्ज की जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये। समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये।

## सिधौली विधानसभा में एसआईआर संदर्भित बैठक सपन्न

जिला संवाददाता(vol)

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली विधानसभा क्षेत्र में एसएआईआर से संबंधित संगठनात्मक विषयों पर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला संयोजक (आईटी सोशल मीडिया) अतुल तिवारी मौजूद रहे। अतिथियों ने संगठन को मजबूत करने, प्रवास कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में सिधौली मंडल अध्यक्ष पुष्कर गुप्ता, कसमंडा मंडल से सोनू शुक्ला, गोंदलामाऊ मंडल महामंत्री कल्लू सिंह, अटरिया मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, सभी मंडलों के महामंत्री, मंत्री, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रवासी एवं पदाधिकारियों में उपेंद्र त्रिपाठी, दुर्गेश सिंह, अमीमुल्ला, पूर्व अध्यक्ष गोंदलामऊ सूर्य बॉक्स सिंह, मीनू, सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक कार्यालय द्वारा की गई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## झलकारी बाई की मनायी गयी जयंती

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। कबीर एकता महासभा के बैनर तले शनिवार को खागा नगर के नवीन मंडी स्थल के निकट अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई की 195वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कमलेश कुमार कोरी ने की। समारोह में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ने वीरांगना झलकारी बाई के साहस और बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नीरज पटेल (संपादक झ नेशनल जनमत) शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में समाज में बढ़ते ढोंग, पाखंड और अंधविश्वास पर चिंता जताते हुए कहा कि हम सभी को वैज्ञानिक सोच, तर्क और वास्तविकता को अपनाना चाहिए। झलकारी बाई जैसी वीरांगनाओं ने साहस और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सबसे बड़ा रोग - क्या कहेंगे लोग और जय बदलाव - तय बदलाव का नारा देते हुए देश महान विभूतियों को अमर न कहकर जिंदाबाद का नारा देने की बात कही, जिसका उपस्थित लोगों ने समर्थन किया।

वहीं पूरे कार्यक्रम का संदेश यह रहा कि झलकारी बाई का जीवन संघर्ष, साहस और समर्पण की मिसाल है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद नरेश उत्तम पटेल, सपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, नगर पालिका परिषद फतेहपुर के अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार मौर्य, साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान, प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी, जयराम वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों ने झलकारी बाई के योगदान को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणादायक अध्याय बताया और समाज में शिक्षा, समानता और जागरूकता बढ़ाने की अपील की। वहीं कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बासुदेव पासी, कवि शिवशरण बंधु, रामशंकर सविता और डॉ. अमित पाल मौजूद रहे। वक्ताओं ने झलकारी बाई के जीवन, संघर्ष और समाज में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को संविधान सभा की शपथ भी दिलाई गई इस समारोह में मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

## एबीवीपी ने किया छात्राओं का सम्मेलन



जिला संवाददाता

सफीपुर, उन्नाव। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सफीपुर नगर इकाई द्वारा इंटर कॉलेज में भव्य छात्रा सम्मेलन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, उ.प्र. की पूर्व सदस्य डॉ. सुचिता चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि डॉ. अलका सिंह, प्रांत सह मंत्री शिखर अवस्थी, विभाग संयोजक क्षितिज अग्निहोत्री तथा जिला संयोजक योगेश तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कस्बा स्थित कालिंद्री गुप्ता इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सफीपुर इकाई ने भव्य छात्रा सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुचिता चतुर्वेदी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके सर्वांगीण विकास, शिक्षा, सुरक्षा एवं अधिकारों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आज की बेटियाँ हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, ऐसे में उन्हें सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पर्याप्त अवसर मिलना अत्यंत आवश्यक है। डॉ अलका सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आत्मनिर्भर बनने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। सम्मेलन में करीब एक हजार से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर रामनरेश, प्राचार्य चित्रा वर्मा, श्यामजीत पासवान, अभिषेक चंदेल, नाजिम अली, अनुराग द्विवेदी, शुभम रस्तोगी, कौशल द्विवेदी, सत्यम शुक्ल, शोभित अग्निहोत्री, शुभम एवं एबीवीपी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवल दीप गुप्ता के द्वारा किया गया तथा समापन वन्देमातरम गीत के साथ हुआ।

## गन्ना किसानों से लिए जा रहे हैं 20 की जगह 50 रुपये पर्ची उतराई



परसेण्डी (सीतापुर)। परसेण्डी गन्ना क्रय केंद्र रसूलपुर में सैकड़ों किसानों ने बताया 20रू कुंतल उतारायी की जगह 50 देने पड़ रहे हैं तथा किसानों से यह भी कहा जा रहा है। आपको यदि 50 नहीं देने हैं तो जमीन पर आप गन्ना डाल दो। हमारा हाइड्रा ट्रक पर लोड कर देगा किसानों ने मिल प्रशासन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा यदि किसानों के साथ इस प्रकार से जुल्म ज्याजती होते रहेंगे तो आने वाले समय में हम सब लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लिखित रूप से शिकायत करेंगे। जिससे की हमारी समस्या का समाधान हो सके और किसानों को न्याय मिल सके।

किसान की समस्या को के विषय में जानकारी मिलने पर मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया मौके पर जाकर गन्ना किसानों की समस्या को सुना। समस्या का समाधान कराने हेतु मुख्यमंत्री से वार्ता करने का मौके पर किसानों को आश्वासन दिया। गन्ना किसानों में परशुराम, अभिषेक सिंह, रवि कुमार, अनूप कुमार, नीरज, रवि प्रकाश, रामराज, दिनेश वर्मा, संजय कुमार, रंजीत कुमार, शिव कुमार, मुकेश, अनूप यादव, अजय कुमार, सरोज कुमार, उपदेश कुमार सहित सैकड़ों किसान मौके पर उपस्थित रहे।

## मुलायम सिंह यादव की जयंजी पर रक्तदान शिविर का आयोजन

फतेहपुर। संस्था सर्व फार मैनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 12 ने किया रक्तदान नेता मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर किया 12 ने रक्तदान, रक्तदान शिविर का उद्धघाटन जिला सांसद नरेश उत्तम व नगर पालिका चेयर मैन राज कुमार मौर्य, विशिष्ट अथिति केतकी यादव ने फीता काटकर किया, रक्तदान शिविर का आयोजन फूल सिंह मौर्य के नेतृत्व में हुआ, जिसमे 12 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया, रक्तदान करने वालो तनवीर हुसेन, प्रद्युम कुमार, धनराज कुमारं, फूल सिंह मौर्य दिग्विजय सिंह, प्रभाकर मौर्य, कमलेश पटेल, दीपक कुमार राजेश कुमार, नूर मोहम्मद नरेश कुमार गुप्ता, दिग्विजय ने किया, इस मौके पर संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से गुरमीत सिंह, जिला चिकित्सालय रक्तकेन्द्र से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक राजेश कुमार, विभागाध्यक्ष डॉक्टर वरद वर्धन बिसेन, जे आर, डॉक्टर अभिषेक पटेल, मेडिकल आफिसर डी०के० वर्मा, परामर्श दाता दीपाली वर्मा, टेक्नोलॉजिस्ट बृज किशोर, दिव्या वर्मा, स्टाफ नर्स पूजा तिवारी, लैब अटेंडेंट अजय यादव डाटा एंट्री ऑपरेटर शशि प्रकाश उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में आयी चार शिकायतें, दो का निस्तारण

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र में आयोजित समाधान दिवस पर थाना अध्यक्ष राहुल ने अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना। समाधान दिवस में कुल चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से दो का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के लिए थाना अध्यक्ष ने राजस्व एवं



पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर सम्बंधित मामलों की मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान राजस्व कानूनगो निराला मिश्र, दिनेश कुमार, अनवर अहमद सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बूथ पर बीएलओ ने लगाया कैंप

हिलौली, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत मौरावा मे एसआईआर वोटर फॉर्म से संबंधित कार्य के लिए नगर पंचायत में सभी बूथो के बीएलओ द्वारा कैंप लगा हुआ है। सुबह 10 बजे से लेकर 2 बजे तक कार्य किए जा रहे है। यह कैंप 24 नवंबर तक चलेगा। नगर वासियों से निवेदन है कि सभी लोग फॉर्म कंप्लीट करके जमा करें। तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने-अपने वार्ड के फॉर्म को भरवाने में आप लोग सहयोग करें। फॉर्म भरकर नगर पंचायत में जमा करें। नगर अध्यक्ष मौरावा कुंवर विवेक सेठ ने कर्मचारियों को हिदायत दी नगर के लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर सभासद इशरत अली दिनू चैरसिया भैया मधुकर बाबू मौजूद रहे।

## शव का पुनः कब्र से निकाल कर होगा पीएम

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम में बीते करीब तीन माह पूर्व एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला था। जिसका पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था। मगर परिजन उससे संतुष्ट नहीं हुए और वह लोग हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। जिसका शव आज फिर जिलाधिकारी के आदेश पर पुनः कब्र से निकाल कर पीएम हेतु भेजा गया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलौली नानकारी निवासी 28 वर्षीय रंजीत पुत्र सुरेश का शव करीब तीन माह पूर्व पेड़ से लटकता हुआ मिला था। जिसमें पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। मगर परिजन संतुष्ट नहीं हुए थे और उन्होंने जिलाधिकारी से पुनः शव का पोस्टमार्टम कराया जाने हेतु गुहार लगाई थी। जिस पर शनिवार को पुनः शव कब्र से राजस्व कर्मियों तथा पुलिस की मौजूदगी में निकाल कर पीएम हेतु भेजा गया है। अब देखना यह है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या निकलता है।

## तेरे सर पर मुनाफिक होने का इल्जाम आया है: रंजना सिंह

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव के प्राचीन सूर्यकुंड तीर्थ पर विराजमान भगवान गौरी शंकर भोलेनाथ के सानिध्य में चल रहे पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में सजे रंगमंच पर प्रादेशिक मुशायरे का आयोजन किया गया। इस मुशायरे का शुभारम्भ आदर्श नगर पंचायत हरगांव के चेयरमैन गफ्फार खां ने मोमबत्ती जलाकर किया तथा मुशायरा की निजामत हसनैन दिलकस ने की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की आदर्श नगर




पंचायत अन्तर्गत प्राचीन प्राचीन सूर्यकुंड तीर्थ पर विराजमान भगवान गौरी शंकर भोलेनाथ के सानिध्य में चल रहे पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा मेला महोत्सव में सजे रंगमंच पर बुधवार की देर रात एक प्रादेशिक मुशायरे का आयोजन किया गया। इस मुशायरे का शुभारम्भ आदर्श नगर पंचायत के चेयरमैन गफ्फार खां ने मोमबत्ती जलाकर किया तथा सभासद शोएब खां हारून सभासदने शायरा रंजना सिंह हया को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मुशायरे की निजामत हसनैन दिलकस ने की। मुशायरे की शुरूआत करते हुए डा. बिलाल फैजान ने पढा कि हमने दुनिया का सारा गम लेकर अपने सीने में पाल रखा है। इलाहाबाद से पधारे अफजल इलाहाबादी ने पढा कि तेरे तामीर मुक्कमल नहीं होने पाती कोई बुनियाद हिलाता है चला जाता है। शायरा रंजना सिंह हया ने कहा कि तेरे सर पर मुनाफिक होने का इल्जाम आया है। सुना है तू हमारे दुश्मनों के काम आया है। वहीं राम प्रकाश बेखुद ने कहा कि हारने के बाद मैं यह देर तक सोचा किया कि सामने दुश्मन थे मेरे लश्कर में वाशिफ फारूकी ने कहा तमाम उम्र किसी बेवफा के साथ रहे मेरे चराग हमेशा हवा के साथ रहे। मुशायरे में रंजना सिंह हया, कीर्ति श्रीवास्तव, राम प्रकाश बेखुद, अरशद सिद्दीकी, एकलाख बसर, डा. इक लाख, वासिफ फारूकी, विशेष शर्मा, कासिम गोंडवी अफजल इलाहाबादी, हैदर अल्वी लखनवी, सलीम कासमी, वसीम जहांगीराबादी, आदि शायर मौजूद रहे।

## शिकायतों का तत्परता से हो रहा निस्तारण: थाना प्रभारी

महोली (सीतापुर)। नगर के कोतवाली परिसर में शनिवार को सुबह थाना दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक जेबी पांडे द्वारा पुलिस अधिकारियों के सहयोग से आयोजित सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस, तहसीलदार अंकुर यादव की अध्यक्षता में सुबह निर्धारित समय पर शुरू हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने पुलिस व राजस्व कर्मियों के साथ शिकायत कताओं के प्रार्थना पत्रों की जांचकर कई लोगों को मौके पर संतुष्ट कराया। थाना समाधान दिवस में कुल छह शिकायत दर्ज हुई। जिनके त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की टीम गठित कर कार्यवाही के निर्देश दिए गये। थाना प्रभारी निरीक्षक जेबी पांडे ने कहा, सरकार की मंशानुरूप शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराया जा रहा है। पुलिस तथा राजस्व की संयुक्त टीम भेजकर शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण की कार्यवाही की जा रही है।

संक्षेप

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर। मानसिक रूप से अस्वस्थ्य एक किशोरी के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के एक आरोपी व्यक्ति को शनिवार तड़के यहां पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। नजीबाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी नीतेश प्रताप सिंह ने बताया कि कीरतपुर थाने में 20 नवंबर को एक शिकायत दी गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दूध बिक्री का काम करने वाले यूसुफ छह महीने पहले 16 वर्षीय किशोरी को गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था, जिससे वह गर्भवती हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने यूसुफ को शनिवार तड़के लगभग चार बजे रामा पेपर मिल के पास घेरा तो उसने पुलिस पर गोलीबारी कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी गोलीबारी में यूसुफ के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

ललितपुर। जमीन पर सह खातेदारों द्वारा जबरन किये जा रहे अवैध कब्जे व निर्माण को तत्काल रोके जाने की मांग को लेकर तहसील तालबेहट के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम नगवांस निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र लखन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि वह अपने सह खातेदारों के साथ जमीन पर काबिज दखील दर्ज कागजात माल है। बताया कि सह खातेदारों ने आपसी तौर पर अपना-अपना बटवारा कर रखा है, जिस पर काबिज हैं। आरोप है कि उसकी आराजी संख्या 422 मि. रकवा 0.4050 जो कि नगवांस में है, जो कि उसे आपसी बटवारे में मिली है। इस जमीन पर वह निर्माण के लिए अपना मटेरियल डाले हुये है। बीती 18 नवम्बर को सुबह 10 बजे जब वह अपनी जमीन पर था, तभी पुनियाखेरा व नगवांस निवासी कुछ लोगों ने झांसी के मऊरानीपुर के पलरा, जखौरा के ग्राम चितरा निवासी कुछ लोगों के साथ आये और उसकी जमीन पर निर्माण कार्य करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। भागते हुये वह तत्काल एसडीएम तालबेहट के समक्ष पहुंच कर शिकायती पत्र दिया, जिस पर हल्का लेखपाल ने मौके पर आकर काम को रूकवा दिया, लेकिन उक्त लोग धका रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त जमीन पेट्रोल पम्प से लगी होने के कारण बेशकीमती है, इसलिए उक्त लोग जमीनों पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## दक्षिण एक्सप्रेस से ट्रॉली सूटकेस चोरी

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर के 376-बी, डी.डी.ए. फ्लैट, दिल्ली-96 ईस्ट निवासी मनीष नायर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह 21 नवम्बर को ट्रेन नं. 12722 दक्षिण एक्सप्रेस के कोच संख्या- बी-1 की बर्थ संख्या 71 पर निजामुद्दीन स्टेशन से भोपाल तक की यात्रा कर रहा था। झांसी रेलवे स्टेशन से गाड़ी ललितपुर के लिए निकली थी। इसी बीच उसका नेवी ब्लू रंग का सफारी ब्राण्ड का ट्रॉली सूटकेश चोरी हो गया, जिसमें शादी की गिफ्ट और अन्य सामान रखा हुआ था। पीड़ित के अनुसार बर्थ के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। जीआरपी पुलिस ने मनीष नायर की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जयंती पर याद की गयीं वीरांगना झलकारी बाई



ललितपुर। वीरांगना झलकारी बाई जंयती पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी में मनाई गयी। इस मौके पर उनके त्याग एवं शौर्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा, फॉमेर्सी कॉलेज प्राचार्य डॉ0 विनोद यादव, पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम प्रधानाचार्य इंजी विनय रावत एवं कार्यक्रम संयोजक असि0प्रो0 अजब सिंह राजपूत ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया। डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव ने कहा कि यह दिन भारत की उस वीरांगना को याद करने का है, जिसने रण में उतरकर अंग्रेजों की पूरी स्ट्रैटेजी उलट दी थी। झलकारी बाई का नाम सुनते ही झांसी गूंज उठती है। वो सिर्फ एक सैनिक ही नहीं बल्कि रानी लक्ष्मीबाई की परछाई थी। जब अंग्रेजों ने झांसी को घेरा तो उन्होंने गजब किया। झलकारी बाई ने रानी लक्ष्मीबाई का वेश बनाया और दुश्मनों को चकमा दिया। उनकी शक्ल रानी लक्ष्मीबाई से इतनी मिलती - जुलती थी कि अंग्रेज भी धोखा खा गए। इसी वजह से रानी लक्ष्मीबाई सुरक्षित निकल पाई थी। एक दलित परिवार में जन्मी इस बेटी ने कमाल कर दिया था। अंग्रेजों के जनरल ह्यू रोज के पसीने छूट गए थे। उनकी बहादुरी की मिसाल आज भी बुंदेलखंड में दी जाती है।

प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने कहा कि आज की महिलाओं को वीरांगना झलकारी बाई से साहस, नेतृत्व क्षमता, और देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की शिक्षा लेनी चाहिए। फॉमेर्सी कॉलेज प्राचार्य डॉ0 विनोद यादव ने कहा कि उन्होंने सिर्फ अपने राज्य के बारे में नहीं सोचा, बल्कि पूरे समाज और देश के भविष्य के बारे में सोचा, जो दशार्ता है कि व्यक्तिगत हित से ऊपर देश का हित है। प्राधानाचार्य इंजी विनय रावत ने कहा कि झलकारी बाई झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना ह्यदुर्गा दलह्न की प्रमुख योद्धा थीं। युद्ध के दौरान वह रानी लक्ष्मीबाई के रूप में अंग्रेजों के सामने आईं और रानी को सुरक्षित निकलने में मदद की। उन्हें साहस, त्याग और देशभक्ति के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक असि.प्रो. अजब सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम में असि.प्रो. नरेन्द्र कुमार प्रजापति, असि.प्रो. शाहरूख खान, असि.प्रो. सेजल पाराशर, असि.प्रो. रत्नेश श्रीवास, असि.प्रो. रानू सिंह, असि.प्रो. सतीश कुमार साहू, साकेत जैन एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन असि.प्रो. उत्कर्ष जैन ने किया।

# 4 दिसंबर से पहले गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को दें: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

बांदा। शहर की बाहरी बस्ती व कालोनियों में 50 प्रतिशत से अधिक मतदाता ऐसे हैं जो आस-पास के गांवों या अन्य जगह से आकर यहां बसे हैं।



वह पहले अपने मूल स्थान के भी मतदाता हैं और शहरी क्षेत्र में भी शामिल हो गये हैं। ऐसे मतदाताओं ने बीएलओ से फार्म तो प्राप्त कर लिए लेकिन वापसी में वह असमंजस में है और बीएलओ ऐसे क्षेत्र में होने के कारण परेशान है क्योंकि वितरण 80 प्रतिशत दिखा लिया और वापसी 10 प्रतिशत भी नहीं हो रही है।

जिलाधिकारी, उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी मतदाता 4 दिसंबर से पहले बीएलओ से प्राप्त हुए गणना प्रपत्रों को शुद्ध रूप से भरकर बीएलओ को अवश्य वापस कर दें। गणना प्रपत्र जमा करते समय किसी भी मतदाता को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान पत्र को जमा करने की आवश्यकता नहीं है। प्राप्त गणना प्रपत्रों के आधार पर 9 दिसंबर को ग्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी। 4 दिसंबर से पहले जिन मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र जमा नहीं किया गया है, उन मतदाताओं, अनुपस्थित विस्थापित एवं मृत मतदाताओं को ड्राफ्ट पब्लिकेशन की तिथि 9 दिसंबर के बाद नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस के जवाब में मतदाता को अपने जवाब के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित 13 पहचान पत्रों में से किसी एक को साक्ष्य के रूप में जमा करना होगा। मतदाता के जमा किये गये साक्ष्य की जांच बीएलओ करेंगे। इसके बाद ही मतदाता सूची में नाम शामिल किये जाने या न किए जाने का निर्णय लिया जायेगा।

# राजकीय हाईस्कूल लमौरा के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण




महोबा/ जैतपुर। राजकीय हाईस्कूल लमौरा, जैतपुर जनपद महोबा के लगभग 125 विद्यार्थियों को बस एवं चार पहिया वाहनों द्वारा शैक्षिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदेव वर्मा ने बताया कि सभी छात्र एवं छात्राओं को शिव तांडव मंदिर, सूर्य मंदिर, पान अनुसंधान केंद्र, आईटीआई, बौद्ध मठ, पक्षी विहार, पुस्तकालय, सूरा चौकी आदि का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद यादव तथा जिला उद्यान अधिकारी सुरेश कुमार ने सभी छात्र एवं छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण से होने वाले लाभ के बारे में बताया। भ्रमण के दौरान सभी को जलपान व भोजन भी उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जगदेव वर्मा के साथ गौरव कुमार, जितेन्द्र कुमार, सचिन, आजाद नायक, हरसहाय कुशवाहा आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में आईं 45 शिकायतें, 9 निस्तारित

बांदा। जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने लोगों की शिकायतें सुनीं और उनका निस्तारण किया। थाना समाधान दिवस में कुल 45 शिकायतें मिलीं जिनमें



से 9 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमों का गठन किया गया। जिलाधिकारी जे0 रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने थाना पैलानी में लोगों की शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। थाना कोतवाली नगर में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने लोगों की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।

# 20 दिन रेस्क्यू के बाद पकड़ा मगरमच्छ



जिला संवाददाता(vol)

बांदा। ओरन कस्बे के तिलहर माता मंदिर तालाब में बीते 2 नवंबर को मगरमच्छ दिखाई दिया था जिसकी सूचना लोगों ने वन विभाग को दी थी। वन विभाग की टीम तालाब से मगरमच्छ को रेस्क्यू करने पर लग गई लेकिन मगरमच्छ के बार-बार स्थान बदलने के कारण उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिल पा रही थी।

वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार व क्षेत्रीय वनाधिकारी परवेज शहजाद ने बताया कि लगभग 20 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने रेस्क्यू कर मगरमच्छ को पकड़ लिया है। वन विभाग के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि लगभग दो सप्ताह टीम ने रेस्क्यू कार्य किया। मगरमच्छ ने इस दौरान कई स्थान बदले। मगरमच्छ तिलहर देवी मंदिर तालाब से अतर्रा रोड पोखर एवं पुनः तिलहर देवी मंदिर तालाब पर आया जिसे शनिवार को अतर्रा रोड स्थित पोखर में रेस्क्यू कर पकड़ लिया गया। रेस्क्यू करने वाली टीम में वनरक्षक शुभम द्विवेदी, संदीप पाल, युवराज सिंह, जगदीश मौर्य, प्रमोद उर्फ अक्षय, राम सिंह शामिल रहे। टीम ने कहा कि इसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

# पशुपालन विभाग की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। पशुपालन विभाग तथा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के पशुचिकित्सा वैज्ञानिकों के संयुक्त तत्वावधान में नहटौर विकास खंड के ग्राम सिंकरी बुजुर्ग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन कुलपति डॉ. के. के. सिंह एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश अग्रवाल द्वारा किया गया। गो-पूजन उपरांत ग्राम प्रधान उदयवीर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण समाज की समृद्ध कृषक संस्कृति को उजागर करते हुए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश अग्रवाल ने पशुपालकों को पशुधन बीमा योजना, मुख्यमंत्री दुग्ध प्रोत्साहन योजना, केसीसी योजना, सेक्सड सीमन तथा नस्ल सुधार योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान




की। कृषि विवि मेरठ के पशु चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. अमित वर्मा ने पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारियों, उनके निदान एवं रोकथाम संबंधी वैज्ञानिक जानकारी साझा की, ताकि पशुधन को स्वस्थ एवं उत्पादक बनाए रखा जा सके। पशु चिकित्साधिकारी, नहटौर डॉ. अनुराग चौधरी ने बताया कि मेले में डॉ. अमित वर्मा, डॉ. प्रेम सागर मौर्या, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. अजित कुमार सिंह, डा इशिता, ईशान, डा आशुतोष राय तथा डॉ. शुभम चैधरी द्वारा अल्ट्रासाउंड तकनीक से 200 से अधिक पशुओं में बाँझपन, गर्भावस्था एवं अन्य प्रजनन-संबंधी विकारों की जांच कर निःशुल्क उपचार एवं दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में क्षेत्र के किसानों शिवम्, विपिन त्यागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का लाभ उठाया।

# मेडिकल हॉस्पिटल जिला संयुक्त अस्पताल के नये भवन में शिफ्ट, 6 विभागों की हुई ओपीडी

बिजनौर। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला संयुक्त अस्पताल में जनपद के लोगों की सुविधा के लिए 200 बेड का



भवन तैयार हो गया है। शुक्रवार को इस नए भवन में छह विभागों की ओपीडी शुरू की गई। जिला संयुक्त अस्पताल के इस नए भवन में भूतल पर पंजीकरण काउंटर और औषधि वितरण काउंटर बनाया गया है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, पुरुष, विशिष्ट लोगों के लिए अलग-अलग काउंटर तैयार किए गए हैं। मरीजों को ओपीडी पर्चा बनवाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। भवन के प्रथम तल पर छह विभागों सर्जरी, मेडिसिन, बाल रोग विभाग, चर्म रोग विभाग, हड्डी विभाग, पेन क्लीनिक शुरू हो गई है। मरीजों और तीमारदारों के बैठने के लिए जिला संयुक्त अस्पताल में प्रतीक्षालय बना हुआ है। ओपीडी शिफ्ट होने से शुक्रवार को मरीजों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पडा। प्राचार्या डॉ0 उर्मिला कार्या ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले सप्ताह कुछ और विभागों की ओपीडी नए भवन में शिफ्ट की जाएग, जिससे मरीजो को काफी लाभ पहुंचेगा और समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

# एसपी ने किया थाना जसपुरा का निरीक्षण

बांदा। पुलिस अधीक्षक ने थाना जसपुरा का वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी पलाश बंसल ने जनसुनवाई रजिस्टर, जीडी, अपराध रजिस्टर, बीट सूचना, शस्त्र लाइसेंस अभिलेख, वारंट, समन रजिस्टर, मुकदमे की विवेचना से संबंधित अभिलेखों व अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टरों के विधिवत संधारण का परीक्षण किया।

उन्होने थाना अभिलेखों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि अभिलेखों, व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अपराधों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वांछित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करें ताकि प्रभावी पैरवी के जरिए उन्हे सजा दिलाई जा सके। उन्होने लम्बित प्रार्थना पत्रों की



जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी ने थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाना भवन, बैरक, हवालात, स्ट्रांग रूम, वाहन स्टैंड, शौचालय, पानी की व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का गहन परीक्षण किया। मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरुकता अभियानों तथा प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों व अन्य स्थानों पर जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरुक करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## तीन दिनों तक क्षमता संवर्द्धन का प्रशिक्षण दिया



ललितपुर। जिला ग्राम्य विकास संस्थान रोंड़ा में जलवायु परिवर्तन-जलवायु जनित आपदाओं के अनुकूलन पर क्षमता संवर्द्धन विषयक 03 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 19 से 21 नवम्बर तक सम्पादित किया गया। शुभारंभ प्रशिक्षण अधिकारी कमल किशोर कमल, सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं आपदा विशेषज्ञ द्वारा किया गया। प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया गया कि जल और वायु जीवन के लिए बहुत जरुरी है, पर जब वही जल और वायु विनाशकारी रुप धारण करती है, तो मानव-जीवन में जन-धन एवं पर्यावरण को अपूर्णनीय क्षति पहुँचाती है। मास्टर ट्रेनर डा.देशराज सिंह दोहरे, मास्टर ट्रेनर आशीष कुमार मिश्र ने आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित अवधारणाऐं आपदा प्रबन्धन एक्ट 2005 के बारे में विस्तार से चर्चा की। आपदा विशेषज्ञ द्वारा आपदा मोचक निधियों के बारे में सविस्तार से बताया। मॉकड्रिल एवं सी0पी0आर0 देने की विधि के बारे में चर्चा की। समापन पर एडीएम (नमामि गंगे) राजेश श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। अन्त में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सत्र का समापन किया।

## पिता की मौत पर राजीनामा करने को धमकाया

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरूनगर निवासी रामकली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 सितम्बर 2025 को अखिलेश नामदेव उसके घर आया और सुबह 7.30 बजे अपने पिता के साथ काम पर ले गया। सुबह करीब 11 बजे उसे फोन आया कि उसका पति भैयालाल जिला अस्पताल में भर्ती है। जब वह अस्पताल पहुंची तो वहां से उसके पति को झांसी रेफर किया गया, जहां उपचार न हो पाने के कारण उसके पति की मौत हो गयी। आरोप है कि अखिलेश नामदेव व ठेकेदार रामपाल ने एक विलिंग स्टाम्प व बिलिंग पेपर पर हस्ताक्षर कराये गये, जिसकी उसे जानकारी नहीं थी। 21 नवम्बर को अखिलेश नामदेव के बुलाने पर वह कोतवाली गये, जहां अखिलेश व रामपाल ने राजीनामा की बात कही, लेकिन सहमति न होने के कारण वह घर वापस आ रही थी। आरोप है कि उसके पुत्र को उक्त लोगों ने रास्ते में रोकते हुये राजीनामा का दबाव बनाया। दहशत में आकर बच्चे मोहित ने घर आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 108, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# संवेदनशील प्रकरणों में कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाये

सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना पिसावां में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना



समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी महोली देवेन्द्र कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग की शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन बी0आर0सी0 पिसावां में किया गया। संगोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से विद्यालय में अपनी उपस्थित समय से दर्ज करायें।

विद्यालय न जाने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि 52 विद्यालयों में मिड-डे-मिल शेड बनाये जायेंगे। जहां पर बच्चे बैठकर भोजन कर सकेंगे। जिलाधिकारी द्वारा जारी चेकलिस्ट के आधार पर विद्यालय का निरीक्षण सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मिड-डे-मिल में दिये जाने वाले भोजन को शिक्षक बच्चों के साथ ही भोजन करेंगे। शिक्षक-शिक्षिकाएं संदर्शिका से योजना बनाकर अध्यापन कार्य सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्रों का सतत आंकलन कर बच्चों को निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति करायी जाये तथा निपुण तालिका का प्रदर्शन भी किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी बच्चे निर्धारित ड्रेस एवं स्वेटर में निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित हों, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने सभी को पिसावां को निपुण ब्लॉक पिसावां बनाने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पराली जागरूकता वाहन को दिखायी हरी झण्डी



बांदा। पराली जागरूकता प्रचार वाहन को मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक डॉ. अभय कुमार सिंह यादव ने विकास भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने किसानों से अपील की, कि वह पराली न जलाएं, बल्कि उसे इन-सीटू कृषि यंत्रों का उपयोग कर कंपोस्ट बनाकर अपने खेतों में उपयोग कर अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाएं। कहा कि पराली जलाने से मृदा में उपलब्ध लाभकारी जीवाणुओं की संख्या में कमी आती है जिससे मानव स्वास्थ्य में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और श्वांस से सम्बन्धित बीमारियां बढ़ती हैं। शासन पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। इससे पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर रोक लगेगी। इस दौरान शारदा प्रसाद, राशिद खान, इफ्तिखार खान व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया मेधा का सम्मान

ललितपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के दसों नगरों से लगभग 2500 मेधावी छात्रों को सम्मानित करना और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना था। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, शिक्षकों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने विद्यार्थियों को सफलता के मार्ग पर निरंतर आगे बढ ? की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करना चाहिए। आधुनिक तकनीक का उपयोग समझदारी से करें और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहें। अनुशासन, सत्यनिष्ठा और मेहनत ही जीवन में सफलता की कुंजी है। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री अभाविप मनीष राय ने कहा कि युवा शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच अपनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि यदि छात्र अभी से अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लें, तो भविष्य में कोई भी चुनौती उन्हें रोक नहीं सकती। नगर अध्यक्ष डा.रोहित वर्मा और नगर मंत्री गोपाल शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों ने अभाविप द्वारा शिक्षा और छात्रों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और मेधावी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक अभय पाठक ने तैयार की, उन्होंने परिषद की विद्यार्थी-हितैषी गतिविधियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में परिषद गीत बहन अमीषा सोनी ने तथा संचालन कुलदीप द्विवेदी एवं धनंजय दुबे ने सामूहिक रूप से किया।

संक्षेप

## एनसीसी दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

जौनपुर।बदलापुर स्थित सल्तनत बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय बदलापर में एनसीसी डे सेलिब्रेट किया गया।इस अवसर पर 96 यू.पी बटालियन एन.सी.सी के निदेर्शानुसार परेड एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुनील प्रताप सिंह ने एन.सी.सी कैडेट्स को प्रेरित करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।महाविद्यालय में एन.सी.सी प्रभारी डॉ.कर्मचन्द यादव ने कार्यक्रम का आयोजन किया।इस दौरान एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति रही।

## रोजगार मेले में 127 अभ्यर्थियों का चयन

दुद्धी, सोनभद्र।राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दुद्धी सोनभद्र में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कम्पनियों द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों का कैरियर काउन्सिलिंग किया गया।इस मेले में भ्पदकंसबव प्दकनेजतपमे च्अज स्जक. कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में 489 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया गया।जिसमें भ्पदकंसबव प्दकनेजतपमे च्अज स्जक. कम्पनियों के द्वारा अभ्यर्थियों का प्रथम स्तर पर चयन किया गया।इस प्रकार रोजगार मेले में कुल 127 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य रविन्द्र पटेल एवं प्लेसमेन्ट ऑफिसर विनोद कुमार यादव तथा आई०टी०आई० के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुल से टकरा कर नाले में गिरी कार युवक की मौत

मऊ।जिले के हलधरपुर थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार पुल से टकराने के बाद नाले में गिर गई जिससे कार चला रहे युवक की मौत हो गई। हादसा हलधरपुर थाना क्षेत्र में रतनपुरा के खोहियापुर नाला पर बने पुल पर शुक्रवार की आधी रात के बाद हुआ।मृतक की पहचान रतनपुरा प्रखंड के नगवा गांव निवासी शेखर सिंह (21) के रूप में हुई।स्थानीय लोगों ने बताया कि कार की गति इतनी तेज थी कि वह पुल से टकराकर हवा में उछलते हुए नाले में जा गिरी।शेखर सिंह रतनपुरा में एक बारात के कुछ लोगों को छोड़ने के बाद अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।हलधरपुर के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि कार (मारुति वैगनआर) तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई और नीचे नाले में गिर गई जिससे कार चला रहे युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 25 घंटे बाद बुझी रुंगटा तेल फैक्ट्री में लगी आग

गोरखपुर। जिले के गीडा सेक्टर-15 स्थित रूंगटा इंडस्ट्रीज में लगी भीषण आग पर 25 घंटे के गहन अभियान के बाद शनिवार को पूरी तरह काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि करीब 100 दमकलकर्मियों ने पूरी रात अथक प्रयास किया, जिसके बाद आग पूरी तरह काबू पा लिया गया है। स्थिति सामान्य होने पर देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर, सिद्धार्थनगर और गोंडा से आईं दमकल गाड़ियों को वापस भेज दिया गया है।एहतियातन गोरखपुर की दमकल गाड़ियों को अभी भी आरक्षित रखा गया है। शुक्रवार तड़के लगी इस आग ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र में दहशत फैला दी थी।मुख्य अग्निशमन अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि शनिवार सुबह आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, लेकिन सुरक्षा के लिहाज से सतर्कता बरती जा रही है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि आज सुबह स्थिति सामान्य है और पूरी तरह नियंत्रण में है।अभी वहां केवल एक-दो दमकल गाड़ियां तैनात हैं।शाम तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी। दिल्ली से आई तकनीकी टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया है। घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई हैअ वह अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

# डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के प्रगति के लिए समीक्षा की।

उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य राजकीय स्तनातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के छात्रों के फार्म विद्यालयों में जल्द से जल्द अग्रसारित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, प्रान्तीय खण्ड को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जनपद के उन सभी ग्राम सभा, मजरों को चिन्हित किया जाये, जिनकी आबादी 150 से अधिक है, उन ग्रामों में सर्वे कर पक्की सड़क के निर्माण हेतु स्टीमेट तैयार किया जाये, जिससे कि उन ग्राम पंचायतों व मजरों को पक्की सड़क से जोड़ने की कार्यवाही की जाये और कोई भी ग्राम पंचायत सड़क मार्ग से वंचित न रहने पायें।

उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जनपद सोनभद्र के सभी ब्लाकों में स्टेडियम के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित की जाये, जिससे कि प्रत्येक विकास खण्ड में स्टेडियम का निर्माण हो सकें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि 102 व 108 एम्बुलेंस के संचालन की प्रगति धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने 102 व 108 एम्बुलेंस सेवा के मैनेजर को स्पष्टीकरण जारी करने व उच्च स्तर पर पत्राचार करने के निर्देश दिये। जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर को नल से जल योजना की प्रगति धीमी पाये जाने पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें।

उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करनाा सुनिश्चित किया जायेगा।

बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## सपा ने नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये



सोनभद्र। श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद छोटेलाल सिंह खरवार एवं जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आज हम लोग ऐसे नेताजी की जयंती मना रहे हैं जो हमेशा गरीबों नौजवानों किसानों व्यापारियों अल्पसंख्यक महिलाओं आदिवासियों और गरीब के हर तपके के मसीहा थे और अपने जीवन काल में हमेशा सड़क से लेकर सदन तक सभी वर्गों की लड़ाई लड़ने का काम किया और अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में हर वर्ग को अपने अधिकार के बारे में जागरूक करने का काम किया और अपने रक्षा मंत्री कार्यकाल में हर सैनिकों की शव को उनके घर तक पहुंचने का नियम बनाया जो आज तक कोई पार्टी नहीं कर पाई।वह श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव ने कर दिखाया था।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि आज हम लोग ऐसे महान नेताजी की जयंती मना रहे हैं जो हमेशा हर समाज को विकास के रास्ते पर लाने का काम किया था लेकिन वही भाजपा सरकार जब से केंद्र एवं प्रदेश में आई है तब से हर गरीब समाज को सड़क पर लाने का काम कर रही है।श्री कुशवाहा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हर समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं, सड़क से सदन तक लड़ने का काम कर रहे हैं। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से विजय यादव संजय, यादव मोहम्मद सईद कुरैशी, अनिल प्रधान, गीता गौर, सरदार पारब्रह्म सिंह, वेदमणी शुक्ला, अशोक पटेल, जयप्रकाश उर्फ चेखूर पांडे, सत्यम पांडे, त्रिपुरारी गौड़, मन्नू पांडे, रमेश सिंह यादव, कुमारी मंदाकिनी पांडे, सुनील गौड़, कुमारी निधि पांडे, डॉक्टर लोकपति सिंह, जितेंद्र, हिदायत उल्ला खान, दीपक केसरी, विमलेश पटेल, सूरज मिश्रा के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बागपत के युवक को कंबोडिया से छुड़ाकर भारत लाया गया

जिला संवाददाता(vol)

बागपत। जिले के ग्राम घनौरा सिल्वर नगर निवासी विकास राणा को कंबोडिया में सक्रिय एक साइबर धोखाधड़ी गिरोह के चंगुल से मुक्त कराकर भारत वापस लाया गया है। पुलिस ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, राणा की पत्नी डोली ने शिकायत की थी कि उनका पति नौकरी की तलाश में कंबोडिया गया था, जहां उसे अवैध तरीके से बंधक बनाकर साइबर धोखाधड़ी गतिविधियों में लगाया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस महानिरीक्षक (मेरठ जोन) और पुलिस उपमहानिरीक्षक (मेरठ रेंज) के निर्देश पर साइबर प्रकोष्ठ बागपत ने जांच शुरू की।

साइबर सेल के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह पुष्टि हुई कि राणा एक ऐसे गिरोह के कब्जे में था जो विदेशों में युवाओं को नौकरी का लालच देकर ले जाता है और वहां उनसे साइबर धोखाधड़ी कराता है। इसके बाद बागपत पुलिस ने गृह मंत्रालय के नई दिल्ली स्थित इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर और कंबोडिया

**● साइबर ठग गिरोह ने नौकरी के बहाने बुलाकर बना लिया था बंधक**

स्थित भारतीय दूतावास से लगातार संपर्क बनाए रखा।

बयान के अनुसार, लगातार संवाद, तकनीकी सूचनाओं के आदान-प्रदान और समन्वित प्रयासों के बाद कंबोडिया पुलिस की सहायता से राणा को कथित दासता केंद्र से मुक्त कराया गया। उच्च स्तर पर हुए समन्वय के कारण उनका सुरक्षित भारत लौटना संभव हो सका।अधिकारियों ने बताया कि साइबर प्रकोष्ठ बागपत, मानव-तस्करी और साइबर दासता से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील है तथा ऐसे मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

## लैब टेक्नीशियन के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की मां की तहरीर पर नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में तैनात लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार पटेल के विरुद्ध शुक्रवार की देर रात छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की मां ने शुक्रवार शाम को थाने में तहरीर देकर नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में तैनात लैब टेक्नीशियन पर जांच के नाम पर बेटी के साथ छेड़खानी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी।दी गई तहरीर में युवती की मां ने आरोप लगाया था कि बीते गुरुवार को 18 वर्षीया बेटी पिता के साथ जांच रिपोर्ट दिखाने और दवा इलाज के लिए नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज गई थी।एलटी ने पिता को चाय लाने के लिए अस्पताल से बाहर भेज दिया। उसी दौरान एलटी जांच के नाम पर बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा।पिता के साथ घर पहुंची पुत्री ने एलटी द्वारा की छेड़खानी के बारे में बताया। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार पटेल के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज के लैब टेक्नीशियन के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बूथवार प्रगति की निरंतर समीक्षा करें: डीएम

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र ने खंड विकास अधिकारी सिकरारा के कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में हो रहे कार्यों की प्रगति का समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन प्रक्रिया की गहन समीक्षा की।डिजिटलाइजेशन के दौरान उत्पन्न होने वाली तकनीकी व कार्यगत समस्याओं को तत्काल संज्ञान में लेते हुए उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बूथवार प्रगति की निरंतर समीक्षा सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जिन बूथों पर कल कार्य अपेक्षा के अनुरूप संतोषजनक नहीं पाया गया था, वहाँ की प्रगति में आज सुधार अवश्य दिखना चाहिए।साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि प्रतिदिन प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रूप से कार्य किया जाए, जिससे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य की प्रगति में तेजी लाई जा सके। निर्देश दिया कि गणना प्रपत्र वितरण एवं फीडिंग के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पादित किए जाएँ। जिलाधिकारी ने स्वयं बीएलओ से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर गणना प्रपत्र के वितरण और संग्रहण की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। खण्ड विकास अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दिसंबर से लागू होगा बिजली विभाग का ओटीएस

जौनपुर।विद्युत विभाग की तरफ से घरेलू दो किलो व व्यावसायिक एक किलोवाट तक पर बिजली बिल व विद्युत चोरी के प्रकरण में राजस्व निर्धारण में छूट दी जाएगी।इसके लिए बिजली बिल राहत योजना 2025-26 लागू की गई है।पहली बार विद्युत उपभोक्ता विलंबित अधिभार में 100 फीसदी छूट के साथ मूल बकाए पर अतिरिक्त छूट का भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे।सूचना विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति की अनुसार योजना को तीन चरणों में एक दिसंबर, से लागू किया जाएगा।प्रथम चरण एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक, द्वितीय चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी तक एवं तृतीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगा।यह योजना जल्दी आए एक मुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाए के सिद्धांत पर आधारित है।इसका अर्थ यह है कि प्रथम चरण में पंजीकरण कराने पर किश्तों के सापेक्ष एक मुश्त में अधिकतम छूट प्राप्त होगी।समस्त उपभोक्ताओं को दो हजार रुपये का भुगतान कर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा

## एसएस राय का बहुआयामी व्यक्तित्व था: डॉ अर्जुन



जिला संवाददाता

सोनभद्र।शिवि सेवा ट्रस्ट के द्वारा प्रख्यात शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवधारी शरण राय की जयंती उनके निज आवास निराला नगर में हर्ष उल्लास के साथ शुक्रवार की देर शाम को मनाया गया।

वहीं ट्रस्ट द्वारा आयोजित सम्मान एवं संगोष्ठी समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात लोक साहित्यकार, लोकवार्ता शोध पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ अर्जुन दास केसरी ने कहा कि एस०एस० राय का बहुआयामी व्यक्तित्व के शिक्षक, खिलाड़ी, कलाकार, पर्यटक, शिक्षक नेता, सनातन धर्म के पोषक,विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आंदोलनो से जुड़े हुए थे।अपने जीवन का आरंभ एक शिक्षक के रूप मे किया था।मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघसंचालन शिव शंकर गुप्ता, विशिष्ट अतिथि राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के पूर्व विज्ञान प्रवक्ता भइया लाल सिंह, साहित्यकार पारसराम मिश्रा एस०एस० राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। अतिथियों को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छा, पौधा भेंट कर राय परिवार के सदस्यों ने सम्मानित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी ने किया। संगोष्ठी में अविनाश शरण, आशुतोष शरण, सुधीर शरण, ज्ञानेंद्र शरण, जया राय, डॉ आनंद शरण राय, डॉ गोविंद सिंह, एडवोकेट जेपी सिंह, विनोद चैबे, राजेश बंसल, शिव सांवरिया, अब्दुल हई, मुन्ना भाई, फारूक अहमद, डॉ एस एन सिंह, आनंद बहादुर सिंह, हर्षवर्धन, उपस्थित रहे।

## शिक्षिका के तबादले पर विचार नही करने को लेकर शिक्षा परिषद के सचिव तलब

जिला संवाददाता(vol)

प्रयागराज। कैंसर से पीड़ित एक अध्यापिका के स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं करने के पीछे दिए गए स्पष्टीकरण से असंतुष्ट इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के सचिव को अगली तिथि पर पेश होने का निर्देश दिया है।इससे पूर्व, अदालत ने अध्यापिका के स्थानांतरण के प्रतिवेदन को खारिज करने के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव के आचरण को लेकर नाखुशी जाहिर की थी, जबकि अदालत ने अध्यापिका के मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का निर्देश दिया था।

न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने शाहजहांपुर में कार्यरत अध्यापिका कल्पना शर्मा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बृहस्पतिवार को यह आदेश पारित किया।स्तन कैंसर से पीड़ित याचिकाकर्ता ने अपना स्थानांतरण गाजियाबाद करने का अनुरोध किया था क्योंकि वह वर्तमान में गाजियाबाद के मैक्स कैंसर सेंटर में कीमोथेरेपी ले रही है। इससे पूर्व तिथि पर अदालत ने कहा था कि यह बहुत ही चौंकाने वाली बात है कि अधिकारियों ने याचिकाकर्ता के मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के बजाय तकनीकी आधार पर उसका अनुरोध ठुकरा दिया।

स्थानांतरण का अनुरोध ठुकराने के पीछे यह आधार दिया गया कि जिस विद्यालय में याचिकाकर्ता कार्यरत हैं वहां केवल दो अध्यापक हैं और राज्य सरकार की नीति के मुताबिक, यदि एक विद्यालय में 36 विद्यार्थी हैं तो वहां तीन अध्यापक होने आवश्यक हैं।इस आधार पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए पीठ ने कहा कि अदालत हर दिन ऐसे अनेक मामले सुन रही है जहां बड़ी संख्या में संस्थानों में 36 से अधिक विद्यार्थी हैं और केवल एक अध्यापक कार्यरत है। यह अदालत इस स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है जैसा कि बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा उक्त हलफनामे में दिया गया है।

## सीआईएसएफ एथलीट रीनू ने जीता इंदिरा मैराथन 2025 का स्वर्ण पदक

बीजपुर/सोनभद्र। प्रयागराज में आयोजित 40वीं ऑल इंडिया इंदिरा मैराथनद्द2025 में सीआईएसएफ की एथलीट एलध्एएसआई रीनू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।रीनू ने 42.195 किमी की कठिन मैराथन को 02रू53रू02 घंटे में पूरा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रीनू की यह उपलब्धि बल के लिए अत्यंत गर्व का विषय है और सभी कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है। रीनू की लगन, अनुशासन और उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रतिबद्धता पूरे बल के लिए एक उज्ज्वल उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## ऑटो और बाइक की टक्कर में दोघायल, इलाज जारी

कोन/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुड़वा में मोड़ के पास आमने-सामने बाइक और ऑटो में सुबह लगभग 8 बजे टक्कर हो गयी। टक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, वहीं ऑटो चालक व बाईक चालक दोनों जख्मी हो गये।राहगीरों के सहयोग से घायलों को निजी वाहन से दुद्धी अस्पताल ले जाया गया जहाँ बाईक चालक अनिल गुप्ता वर्ष लगभग, 26 वर्ष निवासी फुलवार (महुली) थाना विंढमगंज को दुद्धी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ऑटो चालक श्रवण यादव वर्ष लगभग 22 वर्ष निवासी को प्राईवेट अस्पताल दुद्धी में ईलाज चल रहा है। बताया जा रहा कि युवक का दाहिना पैर टूट गया है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो विंढमगंज से सब्जी लेकर कुड़वा आ रहा था और बाईक चालक कुड़वा अपने ससुराल से घर जा रहा था कि अचानक कुड़वा मोड़ पर टक्कर हो गयी। घटना की सूचना पाकर पीआरवी मौके पर पहुंचकर दोनों वाहन को कब्जे में लेकर ग्राम प्रधान कुड़वा को सौंप दिया। जिसके क्रम में कुछ जानकारों का कहना है कि कोन विंढमगंज मार्ग जर्जर होने से आय दिन दुर्घटना हो रही है जिसे तत्काल मरम्मत कराने की जरूरत है ताकि लोगों की जिंदगी बच सके।

## एसआईआर कार्य में लगे कर्मचारी जनपद के बाहर नहीं जायेंगे

सोनभद्र।जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र०, लखनऊ के आदेशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में लगे सम्बन्धित समस्त अधिकारीगण/कर्मचारीगण जनपद के बाहर नहीं जायेंगें। उन्हें निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित क्षेत्र में रहकर बी0एल0ओ0 के गणना प्रपत्र के एकत्रीकरण का कार्य सुनिश्चित करेंगें तथा डिजिटाइजेशन के कार्य में सहयोग करेंगें। उन्होंने कहा कि अर्हता तिथि 01 जनवरी,. 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य गतिमान है।प्रश्नगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम के अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की कार्यवाही की गति जनपद सोनभद्र में धीमी है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि में 23 नवम्बर, 2025 दिन रविवार व 25 नवम्बर, 2025 मंगलवार गुरू तेग बहादुर जयन्ती के सार्वजनिक अवकाश दिवस पर भी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान से जुड़े विद्यालय, कॉलेज, कार्यालय खुले रहेंगें, जनपद से बाहर न जायें, यदि अपरिहार्य हो तो जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त करने के पश्चात ही जनपद छोड़ सकेगें।यह निर्देश 7 फरवरी,2026 तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार प्रभावी रहेगा।

## चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

मैनपुरी।जिले की एक विशेष अदालत ने सात माह पूर्व चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक शासकीय अधिवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (यौन उत्पीड़न से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) जितेंद्र मिश्रा ने कानपुर देहात निवासी संदीप (24) को शुक्रवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 50हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि जुर्माने की राशि पीड़िता को दी जाएगी। डीजीसी चौहान ने बताया कि संदीप अपने रिश्तेदारों के घर एक गांव में रह रहा था और 12 अप्रैल 2025 को वह गांव निवासी बच्ची को बहला-फुसलाकर खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के पिता ने संदीप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बच्ची की चिकित्सकीय जांच कराई जिसमें बलात्कार की पुष्टि हुई।पुलिस ने जांच के बाद संदीप के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

देवरिया।जिले के बनकटा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात हुई इस दुर्घटना में मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक देवरिया जिले के बनकटा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनकटिया दूबे के पास शुक्रवार रात लगभग दस बजे एक अज्ञात वाहन ने एक वृद्ध को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।राहगीरों ने इसकी सूचना बनकटा पुलिस को दी और पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, किन्तु पहचान नहीं हो सकी। बनकटा थाना प्रभारी गोरखनाथ सरोज ने बताया कि शनिवार सुबह तक मृतक की पहचान न होने के कारण शव पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया गया है।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, दो घायल

शाहजहांपुर। जिले में एक अज्ञात वाहन द्वारा ई-रिक्शा को टक्कर मारने से पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।पुलिस क्षेत्राधिकारी (तिलहर) ज्योति यादव ने बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के धनेला गांव निवासी सुरेश अपने बेटे, बेटी और परिवार की एक महिला के साथ ई-रिक्शा से तिलहर आ रहे थे। जैसे ही उनका ई-रिक्शा तिलहर पहुंचा, पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी।पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि दोपहर के समय हुए इस हादसे में सुरेश (50) और उनका बेटा गोपी (15) की मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी और महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

## दो किसानों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

आजमगढ़। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद आजमगढ़ में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के नियमों का उल्लंघन कर फसल अवशेष जलाये जाने एवं बिना फसल अवशेष प्रबन्धन के यंत्रों को जोड़े कम्बाईन हार्वेस्टर द्वारा खरीफ 2025 की फसलों की कटाई पर राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा निरन्तर निगरानी की जा रही है और दोषियों के विरुध सीजर एवं अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है।जिलाधिकारी द्वारा जनपद/ तहसील/ विकास खण्ड एवं ग्राम स्तर पर गठित समितियो को सक्रिय करते हुए निरन्तर क्षेत्र में चक्रमण कर जनपद के किसानों को पराली एवं कूड़ा अपशिष्ट जलाये जाने से होने वाली हानियों यथा मृदा एवं मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव के प्रति जागरुक किये जाने के निर्देश दिये गये।कृषि विभाग आजमगढ़ द्वारा समस्त विकास खण्डो में सहायक विकास अधिकारी (कृषि) द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कैम्पो में बैनर लगाकर कृषकों को जागरुक किया जा रहा है। कृषकों के मध्य जागरुकता पैदा करने हेतु जिला कृषि रक्षा अधिकारी हिमांचल सोनकर एवं सहायक विकास अधिकारी (कृषि) पल्हनी राजन कुमार द्वारा क्षेत्रीय कार्मिको के साथ ग्रामसभा जमालपुर बाजबहादुर विकासखण्ड-पल्हनी में सभी ग्राम वासियों को फसल अवशेष न जलाने एवं उसे वेस्ट डी-कम्पोजर के माध्यम से उपचारित करते हुए कम्पोस्ट खाद तैयार किये जाने की विधि बताई गयी। उनके द्वारा कृषकों को प्रेरित किया गया कि इस जानकारी को अपने सहयोगियों एवं परिचितो के साथ भी साझा करें। जनपद आजमगढ़ के दो किसानो (विकास खण्ड-अतरौलिया के आद्या प्रसाद पुत्र मिश्रीलाल ग्राम रतुआपार पर 2500 तथा विकास खण्ड-जहानागंज के सुरेश पुत्र राम त्रिलोक पर 2500) के विरूद्ध कुल मु0 5हजार रुपए जुमार्ना अधिरोपित करने की कार्यवाही उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर तथा सदर द्वारा की गयी।

संक्षेप

## प्रपत्र डिजिटाइजेशन सेन्टर का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच सदर अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से प्राप्त किये गये गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तहसील सदर बहराइच में स्थापित हाई स्पीड नेटवर्क सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की बाबत जानकारी प्राप्त करते हुए फीडिंग कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने मौके पर मौजूद निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी को निर्देश दिया गया कि डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति को बढ़ाये जाने हेतु आवश्यकतानुसार संसाधन व मैन पावर को बढ़ाया जाय। एसडीएम श्रीमती चौधरी ने जिलाधिकारी को बताया कि विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ब्लाक व बी.आर.सी. स्तर पर 02-02 तथा नगर पालिका परिषद बहराइच एवं तहसील सदर में 01-01 हाई स्पीड नेटवर्क सेन्टर स्थापित किया गया है।

# राम मंदिर में ध्वजारोहण से पूर्व वैदिक अनुष्ठानों की गूंज

जिला संवाददाता



अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में 25 नवम्बर को होने वाले भव्य ध्वजारोहण समारोह से पहले अयोध्या पूरे वैदिक और रामायण कालीन वैभव में ढल चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर समारोह की हर विधि को परंपरागत मयार्दाओं के अनुरूप सम्पन्न कराया जा रहा है। शनिवार को दूसरे दिन भी अनुष्ठान उसी दिव्य रीति से संपन्न हुए, जैसे त्रेतायुग में श्रीराम राज्याभिषेक से पूर्व वैदिक ऋषियों द्वारा पुण्य कर्म किए जाते थे।

दूसरे दिन के पूजन में एक हजार तुलसी पत्रों से भगवान श्रीराम का सहस्त्र नामार्चन किया गया, जो त्रेतायुग से चली आ रही वह परंपरा है जिसमें तुलसी पत्र को राम भक्ति का सर्वश्रेष्ठ अर्पण माना गया है। आचार्यों द्वारा गणपति पूजन, पंचांग पूजन, षोडष मातृका पूजन के उपरांत मंडप प्रवेश पूजन हुआ। इसके बाद क्रमशः योगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, वास्तु पूजन, नवग्रह पूजन, तथा प्रधान मंडल के रूप में रामभद्र मंडल सहित अन्य मंडलों का आवाहन किया गया। पूरी प्रक्रिया वैसी ही रही जैसी रामायण कालीन अनुष्ठानों में वर्णित है जहाँ प्रत्येक देवता, दिशा और ऊर्जा का आमंत्रण कर आयोजन को पवित्र, कल्याणकारी और लोकमंगलकारी बनाया जाता था।

यजमान डॉ. अनिल मिश्र सहित अन्य यजमानों ने अपनी अर्द्धांगिनी के साथ वैदिक विधि से पूजन में सहभागिता की। अनुष्ठान का संचालन मुख्य आचार्य चंद्रभान शर्मा, उपाचार्य रविंद्र पैठणे,यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य पंकज शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। पूरी पूजन व्यवस्था आचार्य इंद्रदेव मिश्र व आचार्य पंकज कौशिक की देखरेख में सुसंपन्न हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इस ऐतिहासिक ध्वजारोहण समारोह के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य न सिर्फ अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पटल पर स्थापित करना है, बल्कि रामायण काल की आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक भारत में पुनः स्थापित करना भी है। सरकार और ट्रस्ट मिलकर सुनिश्चित कर रहे हैं कि 25 नवंबर का दिन राम राज्य की झलक प्रस्तुत करे जहाँ भक्ति, पवित्रता और मयार्दा की दीपमाला हर घर और मंदिर को आलोकित करेगी।

## आरएसएस का व्यापक गृह संपर्क अभियान शुरू

अयोध्या। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले में व्यापक गृह संपर्क अभियान की शुरुआत की है। भगवान राम के दर्शन के पश्चात प्रारंभ हुए इस अभियान को संघ ने विश्व का सबसे बड़ा गृह संपर्क अभियान बताया है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक संघ का संदेश पहुँचाना और सामाजिक उत्थान के लिए जनभागीदारी को मजबूत बनाना है।



जिला कार्यवाह वेद प्रकाश के अनुसार यह कार्यक्रम शताब्दी वर्ष के तृतीय चरण के तहत चलाया जा रहा है। अभियान में संघ के स्वयंसेवक टोलीवार जिला के विभिन्न मोहल्लों, गांवों और कस्बों में पहुँचकर लोगों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर रहे हैं। जिले में लाखों घरों से संपर्क करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए सभी खंडों में विशेष टीमें गठित की गई हैं। मिल्कीपुर में खंड कार्यवाह आकाश ने बताया कि यह अभियान केवल साहित्य वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के साथ आत्मीयता, विश्वास और संवाद के बंधन को और मजबूत बनाने की पहल है। स्वयंसेवक घर-घर जाकर भारत माता का चित्र, संघ की विचारधारा, इतिहास और सेवा कार्यों से जुड़े साहित्य का वितरण कर रहे हैं। अभियान के दौरान स्वयंसेवक नागरिकों की समस्याओं और जरूरतों को भी समझ रहे हैं, ताकि भविष्य में सेवा गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। संघ का कहना है कि इस पहल के जरिए समाज में सद्भाव, सुरक्षा भाव और संगठन की शक्ति को और प्रबल किया जाएगा। यह अभियान 21 दिसंबर तक जिलेभर में चलेगा। वितरित किए जा रहे साहित्य में संघ के 100 वर्षों की यात्रा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, नागरिक अनुशासन और सेवा कार्यों से जुड़े संदेश शामिल हैं।

## पीटीओ को मिली शिकायत, 3 ओवरलोड सहित 2 डंफर सीज, 20 चालान



बाराबंकी। परिवहन विभाग ने अवैध खनन एंव ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्यवाही की है। अभियान के दौरान थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत ओवरलोड मिले डंफरो को सीज किया गया। अभियान की जानकारी लेने पर यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने बताया कि अवैध खनन एंव ओवरलोडिंग के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत अभियान चलाया गया। जिसमे ओवरलोडिंग मिलने पर यूपी 85 एफटी 0324 एंव यूपी 85 ईटी 3435 डंफरो पर लगभग 95 हजार जुर्माना करते हुये थाना मसौली मे सीज किया गया। इसके साथ ही एक अर्टिका यूपी 32 बीवी 2292 प्राइवेट वाहन का कमर्शियल प्रयोग व 2 मालवाहक वाहनो को थाना मोहम्मदपुर चैकी पर सीज किया गया। अन्य अभियोगो मे 20 चालान भी किये गये।

## एसआईआर में सहयोग कर राष्ट्र निर्माण में करें मदद:मो. कासिम



जैदपुर, बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर स्पेशल इंटेसिव रिवीजन प्रक्रिया शुरू के तहत आज जैदपुर नगर पंचायत अन्तर्गत छोटी बाजार के मोहल्ला अहर संगत कटारीटोला मे सभासद मो0 कासिम ने अपने सहयोगियो के साथ शिविर लगाकर एसआईआर फार्म भरवाया। तथा घर-घर जाकर वार्डवासियो को जागरुक किया। शिविर मे बीएलओ राजेश द्वारा एसआईआर फार्म का वितरण किया गया। तथा लोगो को फार्म भरने की प्रक्रिया के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। सहायक मो0 आसिम ने कहा सभी वोटरो से गणना फार्म को सावधानी पूर्वक भरने एंव यदि परिवार का कोई सदस्य बाहर है तो गणना फार्म को परिवार का सदस्य फार्म भर कर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को देने की अपील की। शिविर में मो0 अहमद, मा0 वकील, शादाब खान, मो0 शानू, डाक्टर आफताब, मो0 सगीर मुन्ना आदि मौजूद रहे।

## जनपद में आशाओं की भर्ती प्रक्रिया शुरू

बहराइच। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा भेजे गए निर्देशों के आधार पर जनपद में वर्ष 2025-26 के लिए 246 नई ग्रामीण आशा कार्यकताओं के पदों को मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में प्राप्त स्वीकृति को 29 अगस्त 2025 को हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भी अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ब्लॉकवार मिली स्वीकृतियों के अनुसार एक माह के भीतर चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चयन पूरी तरह नियमों और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा, ताकि समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाया जा सके। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीसीपीएम मोहम्मद राशिद ने बताया कि विगत वर्षों में शासनादेश के तहत कार्य प्रणाली को सुचारु बनाने के उद्देश्य से आशा एवं आँगनबाड़ी कार्यकताओं के कार्यक्षेत्र को एकरूप किया गया था। इस व्यवस्था के बाद जनपद में प्रति आँगनबाड़ी वार 246 ग्रामीण आशा क्षेत्रों के पद रिक्त पाए गए थे। इसी आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश द्वारा भेजे गए निर्देशों के अनुरूप वर्ष 2025-26 के लिए जनपद में 246 नई ग्रामीण आशा कार्यकताओं के पदों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ।जिसके अनुसार ब्लॉक जरवल में 12, कैसरगंज 10, फखरपुर 20, तेजवापुर 15, महसी 17, शिवपुर 25, मोतीपुर 20, नवाबगंज 20, बलहा 30, रिसिया 20, चित्तौरा 22, पयागपुर 5, विशेश्वरगंज 15 तथा हुजूरपुर में 20 पद स्वीकृत किए गए हैं।

डीसीपीएम ने बताया कि सभी स्वीकृत पदों की जानकारी पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने संबंधित ब्लॉकों के सीएचसी अधीक्षक या बीसीपीएम से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा एनआईसी की आधिकारिक वेबसाइट पर ब्लॉकवार स्वीकृत पदों का पूरा विवरण उपलब्ध है, जिसे अभ्यर्थी देख सकते हैं।

# जेसिंता केरकेट्टा, शिवमूर्ति व फरहान हनीफ को मिलेगा माटी रतन सम्मान





- अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने 2025 में माटी रतन सम्मान पाने वाले लोंगो की किया घोषणा

अयोध्या। अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान द्वारा दिए जाने वाले अवध के प्रतिष्ठित लोक सम्मान माटी रतन पाने वाले विशिष्ट लोगों की घोषणा कर दी गई है।

वर्ष 2025 के लिए यह सम्मान झारखंड की प्रसिद्ध समाजसेवी जेसिंता केरकेट्टा, हिंदी के प्रख्यात कथाकार शिवमूर्ति तथा उर्दू के साहित्यकार व शायर बंबई के फरहान हनीफ को दिया जाएगा। इसकी घोषणा संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने होटल अवंतिका सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में किया। उन्होंने बताया कि सम्मान काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह एवं शहादत दिवस 19 दिसंबर को भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। सम्मान में सम्मान राशि सहित छह अन्य चीजें प्रदान की जाएगी जिसमें सम्मान पत्र उल्लेखनीय है। इसके साथ शहादत दिवस पर दिए जाने वाले शांति सिंह स्मृति छात्रवृत्ति हेतु चयनित छात्र है गुरुकुल से सिद्धार्थ पाण्डेय, यतीमखाना से मोहम्मद कैफ मूक-बधिर से अमन का नाम है। उन्हें भी उसी दिन प्रत्येक को पांच हजार सहायता राशि प्रदान की जाएगी। पत्रकार वार्ता में श्री पाण्डेय ने बताया कि आगामी 13 दिसंबर को प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया गया है। गीता देवी स्मृति निबंध प्रतियोगिता तथा डा शैलेश पाण्डेय स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक तथा 12 बजे से 1 बजे तक मनोहर लाल इंटर कालेज में होगी। परीक्षा प्रतियोगिता संयोजक वरिष्ठ अध्यापक दान बहादुर सिंह तथा केंद्र व्यवस्थापक विद्यालय के प्राचार्य होंगे। सभी प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को नकद 3000, 2000 तथा 1000 एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। श्री पाण्डेय ने बताया कि शहादत दिवस पर अयोध्या स्थित अंध विद्यालय के सभी उर्मिला शुक्ला स्मृति में उनी वस्त्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष जफर इकबाल, उपाध्यक्ष जसबीर सिंह सेठी, मंत्री विश्व प्रताप सिंह अंशू, कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान भोलू, लड्डू लाल यादव, विकास सोनकर, शिवम् विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## एपीके फाइल भेज पीड़ितों को साइबर ठगो ने बनाया शिकार



बाराबंकी। एपीके फाइल का प्रयोग कर फर्जी बैंक मैसेज भेजकर साइबर ठगो द्वारा शिकार हुये पीडितो को साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्यवाही कर 1,51,600 रुपये धनराशि को वापस करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रामशरण वर्मा निवासी ग्राम मुरारपुर थाना रामसनेहीघाट के 1,24000 रुपये धोखाधड़ी करने की शिकायत मिलने कुल 95,000 रुपये, पीड़िता आयुषी रस्तोगी निवासी थाना कोतवाली नगर की सम्पूर्ण धनराशि 30,000 रुपये व पीड़ित सचिन वर्मा निवासी थाना सतरिख को लोने देने के नाम पर 26,600 रुपए वापस करवाये गये। टीम मे साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक ब्रिजेश कुमार यादव, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 सत्येंद्र पांडेय, मु0आ0 नीरज यादव, जितेंद्र गौंड, आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, अनुराग सिंह, जितेंद्र जोशी मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग की धड़-पकड़ तेज 16 संदिग्ध स्थानों पर दंबिश

जिला संवाददाता(vol)



- 40 लीटर कच्ची शराब बरामद, भारी मात्रा मे लहन,अवैध भट्टिया की नष्ट

बाराबंकी। शराब माफियाओ पर शिंकजा कसने मे जुटे जनपद के आबकारी विभाग की धड़-पकड़ तेज है। संदिग्ध ग्रामो मे छापेमारी कर नशातिजातियो पर विभाग नकेल कसने मे कोई कोर-कसर छोड़ने को तैयार नही दिख रहा है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के सख्त निर्देश पर आबकारी निरीक्षको की टीम संदिग्ध ठिकानो पर छापेमारी अभियान चलाकर भारी मात्रा मे तैयार लहन व अवैध भट्टियो को नष्ट करने मे जुटा हुआ है।

आज आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल व आबकारी निरीक्षक सर्किल हैदरगढ़ राजेश कुमार तिवारी की संयुक्त टीम ने थाना असन्द्रा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पूरब बेलावं, पजावां, नैपुरा सहित 16 संदिग्ध स्थानों पर दंबिश दी। दंबिश के दौरान लगभग 40 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया गया। मौके पर 600 किग्रा तैयार लहन व अवैध भट्टियो को नष्ट किया गया। 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। दंबिश देने वाली टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, आबकारी सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा महिला आबकारी सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

# पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सपाइयों ने किया नमन

जिला संवाददाता(vol)




बाराबंकी। नेता जी ने संघर्षो की उड़ान भरी थी। नेता जी समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर चले। सड़क से लेकर संसद तक हमेशा गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए संघर्ष किया करते थे। नेताजी सच्चे धर्म निरपेक्ष राजनेता थे। वह सभी जाति और धर्म के लोगों को सम्मान देते थे।

उक्त उद्गार नगरपालिका परिषद प्रांगण मे पिछडे, दलितो, कमजोरो की आवाज रहे पूर्व रक्षामंत्री, धरतीपुत्र स्वः मुलायम सिंह यादव की जंयती पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा मे हुकुम सिंह हेल्प फाउडेशन अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी नेता ज्ञान सिंह यादव ने स्वः मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि किसानों एवं मजदूरों से उनका लगाव जीवन भर रहा। इसीलिए भारतीय राजनीति मे उन्हें धरती पुत्र का सम्मान मिला। गाँव की गलियों से उठकर बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के राष्ट्रीय पार्टियों को चुनौती दी तथा मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री पदों तक पहुँचे। इस मौके पर हिमांशु यादव, जैदपुर विधायक गौरव रावत, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, सिरौलीगौसपुर ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, हुमायूं नईम खान, दानिश सिद्दीकी, प्रवक्ता फराज किदवई, यशवंत यादव, कामता यादव, ओमचंद यादव, सूर्य प्रकाश, वीरेंद्र मौर्य, जितेंद्र पटेल, कुंवर ज्ञान सिंह यादव, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## सड़क दुर्घटना में स्कूल संचालक की मौत

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के जगनपुर गांव निवासी एक स्कूल के संचालक इंतिसार अहमद खान लगभग 60 वर्ष की थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर लखनऊ से अयोध्या की तरफ जाते समय जुबेरगंज भैंस बाजार के पास लखनऊ की ओर से आ रही एक बोलेरो ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे इंतिसार अहमद खान की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रौनाही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर परिजनों के आग्रह पर शव को परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया की परिजन किसी प्रकार की पुलिस कार्यवाही नहीं करना चाह रहे थे। उन लोगों के निवेदन पर शव का पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## फिक्की फ्लो की महिलाएं पहुंची अयोध्या, रामलला का किया दर्शन



अयोध्या। आगामी 25 नवंबर को ध्वजारोहण के कार्यक्रम के पहले फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर द्वारा आयोजित थर्ड गवर्निंग बॉडी मीटिंग एवं इंटरस्टेट 2025 कार्यक्रम के तहत पूरे देश भर की फिक्की फ्लो डेलिगेशन उद्यमी महिलाएं भगवान रामलला का दर्शन पूजन करने रामनगरी अयोध्या पहुंची। फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा ,उपाध्यक्ष सिमरन साहनी ,आरुषि अग्रवाल , विभा अग्रवाल , स्वाति वर्मा , स्मृति गर्ग के नेतृत्व में लगभग 150 महिलाएं अयोध्या पहुंची। दर्शन पूजन से पहले महिलाओं का डेलिगेशन गुप्तार घाट पहुंचा, जहां पर उनका स्वागत सम्मान नगर निगम महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्प मालाओं से सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद गुप्तार घाट पर आयोजित दीपदान कार्यक्रम के दौरान सभी ने माँ सरयू की आरती उतरी ।पूजन-अर्चन के बाद पूरा डेलिगेशन रामजन्मभूमि दर्शन के लिए प्रस्थान किया। इस कार्यक्रम का संयोजन अयोध्या की निवेदिता सिंह और फिक्की फ्लो लखनऊ की अध्यक्ष वंदिता अग्रवाल के द्वारा किया गया। दर्शन से पहलें मीडिया से बात करते हुए महिलाओं ने पीएम मोदी और सीएम योगी की तारीफ की। उनका कहना है कि मोदी ने एक सोते हुए देश को जगाया है। उन्होंने केवल एक व्यक्ति को नहीं सभी धर्म को जगाया है।

# वॉकथान के जरिए छात्राओं ने धर्मपथ पर बिखेरा स्वच्छता का संदेश




अयोध्या। शनिवार को धर्मपथ पर सैकड़ो छात्राओं ने वाकथान कर स्वच्छता का संदेश बिखेरा। इस लघु मैराथन का आयोजन नगर निगम अयोध्या ने किया। सुबह लगभग 10 बजे शुरू हुए वाकथान की अगुवाई महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार के साथ की। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि नगर निगम एवं लाडली फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पार्षद अनुज दास, महेंद्र शुक्ल, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडे, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त, अवध विश्वविद्यालय के प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. सुरेंद्र मिश्र, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. प्रतिभा, डॉ. गरिमा, डॉ. अमित सिंह, डॉ. प्रत्याशा, जीआईसी की प्राचार्य कुसुमलता, आकाश सिंह आदि शामिल रहे। वाकथान में अवध विश्वविद्यालय से जुड़े एनसीसी कैडेट के अलावा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की 251 छात्राओं ने हिस्सा लिया। नयाघाट स्थित लता चैक से शुरू हुआ वाकथान बाईपास स्थित अयोध्या प्रवेश द्वार पर पहंचकर समाप्त हो गया। यहां छात्राओं से संवाद कर महापौर ने स्वच्छता संबंधी टिप्स दिए। उन्हें अपने घर, स्कूल तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संदेश आत्मसात करने का संकल्प दिलाया। छात्राओं ने इस दौरान स्वच्छ अयोध्या, सुंदर अयोध्या, कूड़ा कूड़ेदान में, प्लास्टिक की नहीं कोई शान, मिटा दो उसका नामोनिशान आदि नारे लगाए।

## नेताजी की मनायी गयी जयंती

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव द्वारा विभिन्न कार्यक्रम जनपद अयोध्या में आयोजित किए गए। जिला अस्पताल फैजाबाद में फल वितरण कार्यक्रम के साथ शुरूआत हुई, जहां मरीजों को फल बांटे गए। इसके बाद अम्मा की रसोई में भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। चैक में मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में लोगों को मिठाइयां बांटी गईं। जिला कार्यालय गुलाब बाड़ी लोहिया भवन पर श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि नेताजी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर हम उनके आदर्शों और नीतियों को याद करते हैं। पारसनाथ यादव ने कहा कि नेताजी ने समाजवाद के लिए अपना जीवन समर्पित किया और समाज के वंचित वर्गों के लिए हमेशा लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि हम नेताजी के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और समाजवाद के मार्ग पर चलकर समाज के विकास के लिए काम करेंगे।

## नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के लिए लागू की गयी बिजली बिल राहत योजना

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक एलएमवी-1 (घरेलू) अधिकतम 02 किलोवाट भार तक तथा एलएमवी-2 (वाणिज्यिक) 01 किलोवाट भार के नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिलों में तथा विद्युत चोरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु बिजली बिल राहत योजना 2025-26 लागू की जा रही है। पात्र उपभोक्ताओं द्वारा इस योजना में पंजीकरण कराने हेतु तीन चरण निर्धारित किये गये हैं। प्रथम चरण में 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025, द्वितीय चरण में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 व तृतीय चरण में 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पंजीकरण कराया जा सकता है। डीएम द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभिन्न माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय। ग्रामीण अंचलों के विद्युत उपभोक्ताओं लिए गांव-गांव में मुनादी करायी जाय जिससे अधिक से अधिक संख्या में उपभोक्ताओं को इस योजना के सम्बन्ध में जानकारी मिल सके ताकि वह बिजली बिल राहत योजना का अधिकाधिक लाभ उठा सके। विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि मा. जनप्रतिनिधियों तथा जिले के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी योजना की जानकारी दी जाय। वर्तमान बिजली बिल राहत योजना 2025-26 की एक विशेषता यह है कि पूर्व में आबद्ध कलेक्शन एजेन्सी हेतु प्रोत्साहन की विशेष व्यवस्था की गयी है, जिसे नेवर पेड उपभोक्ताओं एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर दिया जायेगा। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि समस्त कलेक्शन एजेन्सीज यथा जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी, फिनटेक कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं मीटर रीडर्स/बिलिंग ऐजेन्सियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें बिजली बिल राहत योजना में प्रोत्साहन धनराशि की व्यवस्था से भलीभाँति अवगत कराया जाये साथ ही उन्हें नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं की सूची भी उपलब्ध करा दी जाये।

संक्षेप

## सेवारत स्वर्णकार संस्थान का वार्षिकोत्सव संपन्न

रायबरेली। जनपद की ख्याति प्राप्त लब्ध समाजसेवी सेवारत स्वर्णकार संस्थान का वार्षिकोत्सव सिविल लाइंस स्थित सूर्या सभागार में धूमधाम से मनाया गया। सामाजिक सेवा के लिए दो दर्जन विशिष्टजनों एवं मेधावी छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा0 संजय रस्तोगी ने कहा कि व्यवसाय के साथ-साथ हमें शिक्षा व राजनीतिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में डा0 सियाराम वर्मा, अमित वर्मा, केदारनाथ सोनी आदि ने समाजोपयोगी विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य रूप से उमाशंकर वर्मा, संतोष सोनी, सतीश वर्मा, अरुण वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## प्रकृति की रक्षा ही परमात्मा की पूजा

**चांदा, सुलतानपुर ।** चांदा के रामनगर गांव में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा के पंचम दिवस में वृंदावन से पधारे भागवताचार्य डॉ. मदन मोहन मिश्रा जी महाराज ने भागवत भक्तों के समक्ष कथा श्रवण कराते हुए बाल कृष्ण की बाला लीलाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। पूतना उद्धार, काली नाग की कथा, अघासुर, बकासुर, धनु का सुर आदि कई राक्षसों के उद्धार की कथा का वर्णन किया। कथा को आगे बढ़ाते हुए आचार्य श्री ने कहा कि भगवान ने माखन चोरी लीला करके मानो समाज को संदेश दिया कि पहले अपने परिवार को पुष्ट करें फिर विक्रय करें। चीर हरण लीला के अंतर्गत प्रभु ने समझाया कि जलाशय में कभी भी निर्वस्त्र होकर स्नान ना करें। ऐसा करने से जल के देवता वरुण देव का अपमान होता है। यमुना जी को कालिया नाग के प्रदूषण से मुक्त कराया और यमुना जल को स्वच्छ किया। आज हमारे देश की नदियां प्रदूषित हो गई हैं समाज को एकजुट होकर नदियों को प्रदूषण से मुक्त कराना चाहिए। गोवर्धन पर्वत पूजा करवाई श्रीकृष्ण ने ब्रज वासियों से पर्वत पूजा का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण का यही था की प्रकृति की पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा है। इसके पूर्व मुख्य यजमान रामदुलार मिश्र ने व्यास पीठ का पूजन किया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ सीताशरण तिवारी, भाजपा अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख अरुण जायसवाल, एसएन कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लंभुआ प्रबंधक अनिल दुबे, संदीप तिवारी, विनोद मिश्र, प्रमोद मिश्र, विनय मिश्र, देवराज मिश्र ने व्यास महाराज को पुष्पहार भेट किया।

## हजरत बिलाल अली शाह बाबा का उर्स संपन्न

**सुलतानपुर।** अलीगंज बाजार स्थित दाउदपुर लंगड़ी में हजरत विलायत अली शाह बाबा की मजार पर हजरत बिलाल अली शाह बाबा का 50वां सालाना उर्स बड़े ही अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया। उर्स में देशभर के कोने-कोने से बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे और मजार पर चादर पेश कर अमन-चैन व अपनी मुरादों की दुआ मांगी। गोसाईगंज बाजार निवासी दिलशाद बाबा कादरी ने भी मजार पर चादर चढ़ाकर अपने मुरीदों तथा देश में शांति-सौहार्द की खास दुआ की। कार्यक्रम में शामिल नामचीन कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर देर रात तक महफिल में रौनक बनाए रखी। उर्स मेला संचालक दिलशाद बाबा कादरी ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले मुरीदों के लिए रहने और खाने की विशेष व्यवस्था की गई थी।

# तेग बहादुर शहीद दिवस पर बाल स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने और गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के 350 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज नगर में बाल स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नगर के पर्यावरण पार्क से शुरू होकर शहर के प्रमुख चैराहों एवं मार्गों से होते हुए पुनः पर्यावरण पार्क में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सेंट जेवियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती जया वाजपेई गौड़ जी ने अपने संबोधन में कहा, ष्आज का दिन ऐतिहासिक है, संघ की 100 वर्षों की यात्रा केवल एक अंक नहीं बल्कि एक कठिन साधना है।ष् मुख्य वक्ता के रूप में काशी प्रांत के सह प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख एवं डळै इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य महेश जी ने वीर हकीकत राय और गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सह नगर संघचालक सुदीप पाल, नगर कार्यवाह अजय, सह नगर कार्यवाह अर्चित, विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश, जिला प्रचारक आशीष, नगर प्रचारक सुशील सहित सैकड़ों समाजिक बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने गुरु तेग बहादुर जी के शौर्य, बलिदान और संघ की शताब्दी यात्रा को याद करते हुए समाज के उत्थान की प्रेरणा ली।

## गुरु तेज बहादुर के बलिदान दिवस पर अवकाश 25 को

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि शासन द्वारा श्री गुरु तेज बहादुर जी के बलिदान दिवस पर 24 नवम्बर 2025 को कार्यकारी आदेश के अंतर्गत घोषित अवकाश के स्थान पर 25 नवम्बर 2025 दिन (मंगलवार) को घोषित किया गया है।

## डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**रायबरेली।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम हर्षिता माथुर व एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से थाना सलोन पहुँचे और नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम व एसपी ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## पाकिस्तानी नंबरों पर गोपनीय सूचना भेजने के आरोप में दो गिरफ्तार



**गोसाईगंज, सुलतानपुर ।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र से और जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र से दो युवकों की गिरफ्तारी के बाद सुल्तानपुर पुलिस और खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई है। आरोपितों पर आरोप है कि वे जहाज निर्माण से संबंधित गोपनीय तकनीकी जानकारियां पाकिस्तानी फोन नंबरों पर भेजते थे। कर्नाटक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों तक पहुंच गया है। आरोप है कि पकड़े गए युवकों ने पोतों के डिजाइन, संख्या और निर्माण प्रक्रिया से जुड़े संवेदनशील विवरण बाहर भेजे, जो सुरक्षा दृष्टि से गंभीर माना जा रहा है।

पहला आरोपी रोहित गोसाईगंज थानाक्षेत्र के भटपुरा पूरे अनन्तराम रहने वाला है। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा बताया जा रहा है। परिवार में माँ बिजमा, पत्नी रीमा, पांच वर्षीय बेटी रिश्का और एक अविवाहित बहन है। पिता का इसी वर्ष मार्च में निधन हुआ था और रोहित छुट्टी लेकर केरल से उनका पार्थिव शरीर लेकर गांव आया था। उसके बाद वह केरल चला गया। परिजनों के मुताबिक जहां से कंपनी ने उसे कर्नाटक भेज दिया। रोहित कर्नाटक स्थित मालपे कोचीन शिपयार्ड से 29 अक्टूबर को घर आया था और इसी बीच बीते रविवार को कर्नाटक पुलिस उसे अपने साथ ले गई। उसकी शादी वर्ष 2018 में हुई थी। बताया जा रहा है कि उसका छोटा भाई भीम भी उसी कंपनी में कार्य करता था। दूसरा आरोपी संतरी जयसिंहपुर कोतवाली के मैधन का रहने वाला है। उसके माता-पिता का बचपन में ही निधन हो चुका है। वह तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा है। दिसंबर 2024 में घर से नौकरी पर गया था और पंद्रह दिन पूर्व ही केरल स्थित कोचीन शिपयार्ड से वापस लौटा था। रविवार को पुलिस उसे घर से उठाकर गोसाईगंज थाने ले गई और बाद में कर्नाटक रवाना कर दिया। उसकी पत्नी सोना देवी के अनुसार, उन्हें थाने बुलाए जाने की जानकारी दी गई थी। संतरी के तीन बच्चे आर्यन (10), आर्या (5) और अनन्या हैं। परिवार के पास एक बीघा खेती भी है, जबकि उसका छोटा भाई मंत्री दिल्ली में मजदूरी करता था। वह शुक्रवार को घर आया है। इस संबंध में गोसाईंगंज थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि उन्हें इस संबंध में मामले की कोई जानकारी नही है।

# थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनीं जन शिकायतें



**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक शनिवार को थाना गौरीगंज पहुंचे और थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। डीएम ने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का निस्तारण यथाशीघ्र करना है, ताकि जनता को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और शिकायतकर्ता को त्वरित राहत मिल सके। इसी के साथ उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में तथ्यात्मक जांच एवं न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समाधान दिवस में भूमि विवाद, पारिवारिक समस्याओं, राजस्व संबंधित मामलों एवं पुलिस विभाग से जुड़े प्रकरण रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष गौरीगंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीषण सड़क हादसे में 3 युवकों की मौत

**अमेठी ।** जिले में तेज रफ्तार एक बार फिर तीन परिवारों पर कहर बनकर टूटी। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के थौरा गाँव के पास देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बुलेट सवार तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार डीसीएम और बुलेट में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, महाराजपुर निवासी हीरा लाल कोरी पुत्र स्वर्गीय राम समुझ कोरी के घर से बारात महाराजपुर से पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर गांव गई थी। इसी बारात में शामिल होने महाराजपुर निवासी उत्कर्ष सिंह (टिंकू) (40) पुत्र शेर बहादुर सिंह, बजरंग सिंह (35) पुत्र अमर बहादुर सिंह और अंशु सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह (28) हारीपुर गांव गए हुए थे। देर रात तीनों युवक बुलेट से वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वे थौरा गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को जानकारी दी। अमेठी कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों शवों को कब्जे में लिया और पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना की सूचना जैसे ही मृतकों के गांव पहुंची, वहां कोहराम मच गया। घरों में मातम छा गया और परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए।

## शिशु मंदिर में आयोजित हुआ महिला सशक्तीकरण सप्त शक्ति संगम

**लालगंज, रायबरेली।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में नारी सशक्तिकरण सप्त शक्ति संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय नारी एक मात्र शक्ति नहीं अपितु एक संपूर्ण चेतना है जो परिवार की आधार शिला, समाज की प्रेरणा राष्ट्र की आत्मा है नारी संपूर्ण मानवता व प्रकृति के प्रति दायित्व धारिणी के रूप में सदियों से प्रतिष्ठित रही है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, करुणा ,ममता, समर्पण त्याग का स्वरूप माना है।प्राचीन भारत में गार्गी मैत्रेयी अनुसूया जैसी अनेक महिलाएं ज्ञान,तप ,नीति व शिक्षा के प्रतीक थी। आधुनिक समय में नारी ने शिक्षा प्रशासन ,उद्योग ,कृषि, रक्षा, खेल आदि सभी क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कारवाई है। डॉक्टर लवी गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि कुटुंब प्रबोधन की भारतीय दृष्टि में चार आश्रम है। चारों आश्रमों की नींव परिवार है। परिवार में वरिष्ठ को कनिष्ठ की चिंता करना और कनिष्ठ को वरिष्ठ का विश्वास मिलता है। भारतीय परिवार कल आज और कल का समन्वय है इसलिए बच्चे बूढ़े साथ-साथ रहते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉव गीता अवस्थी पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय डिग्री कॉलेज आजमगढ़ ने कहा कि पर्यावरण के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे मनीषियों ने प्रकृति चक्र का आयाम दिया। प्रकृति के विभिन्न अवयव भूमि,जल, वायु आदि एक जैविक परिवार है। प्रकृति को मां मानकर सम्मानपूर्वक देखने की दृष्टी होनी चाहिए। हमारे व्रत त्योहार, वट की पूजा, पीपल की पूजा, तुलसी पूजन, आंवला नवमी पूजन में केले का उपयोग वंदनवार में आम, अशोक के पत्तों का उपयोग। विभिन्न देवी देवताओं को पूजन अर्चन पत्र पुष्प फल का प्रयोग किया जाता है। होली, दीवाली, मकरसंक्रांति, गोपाष्टमी ,बसंत पंचमी आदि ऋतु परिवर्तन से संबंधित है। कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय के प्रबंधक कैलाश वाजपेई,कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे जी का आशीर्वचन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य सुरेश पाठक ने किया।

# एनएसपीएस त्रिपुला में वार्षिक खेल प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण संपन्न



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में चल रही वार्षिक खेलप्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नवीन चंद्र सीएमओ, रायबरेली, विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश यादव (डिप्टी सीएमओ) तथा डॉ डी.एस. अस्थाना (डी एच ई आई ओ) , एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. एस.के. शर्मा एवं विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यों का स्काटिंग टीम एवं स्काउट बैंड द्वारा उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संस्थापक-प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों का सम्मान बैज एवं कैप लगाकर किया गया। तत्पश्चातविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया, तदोपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र/छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। खेलकूद में विजेता संख्या के आधार पर सभी हाउसों में विनर एवं रनर हाउस को ट्रॉफी प्रदान की गई, साथ ही सीबीएसई द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दिए गए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त स्कूल कोर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीत मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। चीयर गर्ल्स ने सम्पूर्ण कार्यक्रम में अपने बेहतर प्रदर्शन से सभी में उत्साह बनाए रखा। समारोह में के मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. नवीन चंद्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि खेल केवल जीत और हार का नाम नहीं, बल्कि यह जीवन में आगे बढ़ने, लक्ष्य निर्धारित करने और कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा देता है। संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व व आत्मविश्वास का संचार करते हैं।

## विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ता से अभद्रता

**अमेठी।** शुकुलपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र पर शुक्रवार को उपभोक्ता के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। संग्रामपुर क्षेत्र के बदलापुर निवासी आदर्श ओझा बिजली बिल में दी जाने वाली छूट से संबंधित जानकारी लेने उपकेंद्र पहुंचे थे, जहां उनका विवाद कर्मचारी से हो गया। आदर्श ओझा का आरोप है कि उन्होंने लाइनमैन और बिल छूट प्रक्रिया के बारे में कुछ सवाल पूछे थे, लेकिन वहां तैनात कर्मचारी एजाज खान ने उनके साथ अपमानजनक भाषा में बात की। ओझा का कहना है कि कर्मचारी सहयोग करने के बजाय लगातार रूखा व्यवहार करता रहा। उन्होंने यह भी दावा किया कि संबंधित कर्मचारी पहले भी कई उपभोक्ताओं के साथ इसी तरह का व्यवहार कर चुका है, जिसके कारण उपभोक्ताओं में नाराजगी पनप रही है। घटना के बाद ओझा ने मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर (जेई) से इसकी शिकायत की। आरोप है कि जेई की मौजूदगी में भी कर्मचारी का रवैया नहीं बदला और उसने अभद्रता जारी रखी। उपभोक्ता ने विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कर्मचारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उपकेंद्र के जेई ने बताया कि उन्हें दोनों पक्षों के बीच हुई बहस की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और यदि कर्मचारी का दोष सिद्ध होता है तो विभागीय स्तर पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सलाखों के पीछे पहुंचा रसूखदार होमगार्ड वीपी सिंह



**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन एवं अवैध वसूली पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के सतत अभियान के क्रम में रायबरेली पुलिस ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। ओवरलोडिंग के नाम पर ट्रक चालकों व वाहन स्वामियों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जिले के पुलिस महकमे में अपनी रसूखदारी के लिए मशहूर होमगार्ड विश्व प्रताप सिंह उर्फ वीपी सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। एसपी की इस कार्रवाई को पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त न करने का एक स्पष्ट संदेश माना जा रहा है।

वीपी सिंह पर आरोप है कि वह लंबे समय से जिले के सलोन थाने से जुड़ा हुआ था और वहां रहकर अवैध दलाली और उगाही का काम करता था। वह लोगों को पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर अवैध वसूली में लिप्त था। उसका प्रभाव इतना अधिक था कि वह कई मामलों में बिचैलिए की भूमिका निभाता था और पैसे लेकर गैर-कानूनी तरीके से काम कराने की कोशिश करता था। उसकी इन हरकतों से आम जनता में पुलिस की छवि खराब हो रही थी।होमगार्ड बीपी सिंह की गिरफ्तारी के बाद उसे बचाने के लिए कई रसूखदार व्यक्तियों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी और पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन रायबरेली एसपी के कड़े रुख के सामने उनकी सभी कोशिशें पूरी तरह फेल हो गईं। पुलिस ने कानून के तहत कार्रवाई करते हुए होमगार्ड को गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया।

रायबरेली एसपी के इस बड़ा कारनामा ने न केवल एक भ्रष्ट होमगार्ड को उसकी करतूतों का सबक सिखाया है, बल्कि पुलिस की वर्दी की आड़ में दलाली और अवैध वसूली करने वाले अन्य कर्मियों को भी कड़ा संदेश दिया है। यह कार्रवाई दर्शाती है कि जिले में किसी भी स्तर पर अवैध गतिविधियां अब स्वीकार्य नहीं होंगी और यह कदम आम जनता के बीच पुलिस की छवि सुधारने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि थाना डीह पुलिस ने सई नदी पुल के पास ओवरलोडिंग का हवाला देकर ट्रकों व अन्य वाहनों से जबरन अवैध वसूली करने के आरोप में महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह पुत्र उदयभान सिंह, निवासी ग्राम जहानपुर बखारी, थाना डीह, जितेन्द्र सरोज पुत्र कमलेश सरोज, निवासी ग्राम व थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ को पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित कर थाना डीह में मुकदमा अपराध संख्या 294/2025 धारा 59/61(2)/111(1)/318 बीएनएस तथा धारा 7(ए)/12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही 18 अन्य नामजद व 4-5 अज्ञात कर्मचारियों के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया गया। उसी मुकदमे की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए मुख्य आरोपी विश्वनाथ प्रताप सिंह उर्फ वीपी सिंह पुत्र उदयभान सिंह, निवासी ग्राम पूरे नेम मजरे जमरुवा बुजुर्ग, थाना सलोन को डीह पुलिस ने थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। वीपी सिंह के विरुद्ध धारा 59/61(1)/111(2)(ख)/319(2) बीएनएस तथा धारा 7(ए)/12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई पूरी की गई और उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## आर आरसी सेंटर अपनी दुर्दशा पर बहा रहा आंसू

**अमेठी ।** प्रदेश सरकार ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाने के लिए भले ही भारी भरकम बजट प्रति माह दे रही है लेकिन फिर भी ग्राम पंचायत में कार्य करने वाले कर्मियों में कोई भी सुधार ना होने के चलते आज भी ग्राम पंचायत में कूड़े कचरे का ढेर लगा हुआ है ग्राम पंचायत में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ग्राम पंचायत में आर आर सी सेंटर का निर्माण लाखों रुपए की लागत से कराया गया है लेकिन अभी शुरू नहीं हो सका है । जनपद के विकासखंड शाहगंज के ग्राम पंचायत कोहार में 7 लख रुपए की लागत से बना आरसी सेंटर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है साथ ही ग्राम पंचायत से कूड़े कचरे का ढेर इकट्ठा कर केंद्र पर लाने के लिए रिक्शा भी खरीदा गया है रिक्शे का तो पता नहीं है लेकिन आर आर सी सेंटर अभी शुरू न हो पाने के चलते ग्राम पंचायत में जगह-जगह कूड़े कचरे का ढेर लगा हुआ है ।

## समाज या संस्था पूर्वजों या वरिष्ठों से सीखकर शिखर तक पहुंचती है : अभय कुमार



**रायबरेली।** स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य पर एनटीपीसी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए स्नेह मिलन समारोह जो समाज या संस्था अपने पूर्वजों या वरिष्ठों को याद रखती है तथा उनके अच्छे कार्यों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ती है वह शिखर तक पहुंच कर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करने में सक्षम होती है। उक्त विचार एनटीपीसी ऊंचाहार के कार्यकारी निदेशक तथा परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने एनटीपीसी के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में सेवानिवृत्त एनटीपीसी कर्मचारियों के लिए आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में व्यक्त किए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि एनटीपीसी को शीर्ष तक पहुंचाने में सेवानिवृत्त कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। यह बात नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए कंपनी के लिए समर्पित भाव से अपना दायित्व निभाना है यही सेवानिवृत्त वरिष्ठों के प्रति वर्तमान पीढ़ी का सम्मान होगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने एनटीपीसी ऊंचाहार की इस अद्वितीय पहल की सराहना करते हुए अपने अपने विचार और संस्मरण साझा किए। महाप्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए केके शुक्ला सहित रघुबर शर्मा, गुरु नारायण दीक्षित, रमेश चंद्र एवं कई पूर्व कर्मचारियों ने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा इसे मील का पत्थर बताया। परियोजना प्रमुख ने सभी का कुशल क्षेम पूछते हुए अभिनंदन किया। मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि एनटीपीसी कंपनी के सीएमडी गुरदीप सिंह की प्रेरणा से ऐसा आयोजन संपन्न हुआ। महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित कई विभागाध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल होकर समारोह को सफल बनाया।

## पांच दिन बाद भी नहीं सुलझी लूट की गुत्थी संग्रामपुर पुलिस पर उठ रहे सवाल

**संग्रामपुर, अमेठी ।** थरिया बड़गांव में सराफा व्यापारी से हुई लूट की घटना को आज पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। मामले में पुलिस की धीमी कार्रवाई और लगातार असफलता से क्षेत्रवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर व्यापारी सुरक्षित नहीं तो आमजन खुद को कैसे सुरक्षित समझे। गौरतलब है कि 18 नवंबर की शाम विशेषरगंज बाजार से दुकान बंद कर लौट रहे बड़गांव निवासी सरार्फा व्यापारी जयप्रकाश सोनी से बाइक सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर मारपीट कर सोने-चांदी के कीमती आभूषण लूट लिए थे। शुरू में पुलिस की उदासीनता के कारण मामला शांत रहा, लेकिन जैसे ही घटना सोशल मीडिया पर वायरल हुई, पुलिस सक्रिय हुई और पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने एसओजी टीम को भी जांच में लगाया है और लगातार छापेमारी चल रही है, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी है। जिससे पुलिस की जांच और भरोसेमंद मुखबिर तंत्र पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।वारदात विशेषरगंज से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर हुई, जबकि कालीमाई चौराहा पुलिस चौकी घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित है। चौकी की नाक के नीचे बदमाश जिस सटीक तरीके से घटना को अंजाम देकर फरार हुए, उससे यह भी साफ होता है कि अपराधियों ने पहले से रूट और समय की रेकी की थी।घटना के बाद से पुलिस कई जगहों पर चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ में ले चुकी है, लेकिन अब तक किसी सुराग का मिलना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। वहीं व्यापारी वर्ग और स्थानीय लोग पुलिस से जल्द खुलासा करने की मांग कर रहे हैं।

# सरदार पटेल की जयंती पर जन एकता यात्रा का आयोजन

**अमेठी।** अमेठी जनपद की विधानसभा अमेठी के अमेठी नगर में शनिवार को लौह पुरुष, राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रणेता सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जन एकता यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं अमेठी के प्रभारी मंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा एवं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा बिष्ट यादव रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधांशु शुक्ला ने की। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा काशी प्रसाद तिवारी,पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी सहित अनेक प्रमुख वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया।



प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि ह्लसरदार पटेल के साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण के लिए उनके अथक प्रयासों की प्रेरणा इस पूरे आयोजन में स्पष्ट दिखाई देती है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सरदार पटेल जी के विषय में देश जाने इसके लिए 2014 में लव संग्रहण किया और पूरे देश के गांव से मिट्टी मंगवा कर के भाव स्टेचू बनाने का भी कार्य किया जिससे सरदार पटेल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से भारत का नौजवान परिचित हो और उनसे प्रेरणा। यदि सरदार पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते तो आतंकवाद कश्मीर समस्या ना होती और आज देश विकसित हो चुका होता। पूरे भारत में 565 रियासतों को मिलाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत का विजन साकार किया था हैदराबाद के निजाम के अहंकार को भी चकनाचूर करने का कार्य सरदार पटेल जी ने किया था।एक भारत-श्रेष्ठ भारत के उनके संकल्प को आगे बढ़ाने की भावना के साथ यह एकता यात्रा अत्यंत सफल रही। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल जीके विजन एक भारत श्रेष्ठ भारत विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए मोदी जी ने अथक प्रयास किया है प्रधानमंत्री जी ने एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने देश के एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र विजन 2047 को साकार करने के लिए देश में बहुत कार्य किया इसी के साथ विस्तार पूर्वक सरदार पटेल जी के जीवन एवं उनके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अंतिम में उन्होंने यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति श्लोक पढ़कर के समझने का प्रयास किया कि जब-जब देश को आवश्यकता पड़ी है तब तक प्रभुजन में लिए हैं और आज के भारत में मोदी योगी जी जन्म लिए हैं तो भारत एक भारत श्रेष्ठ भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओरअग्रसर है।

## नशे में धुत बाइक सवार ने ट्यूशन पढ़कर साइकिल से लौट रही छात्रा को मारी टक्कर

**परशदेपुर, रायबरेली।** नशे में धुत मोटरसाइकिल सवार ने ट्यूशन पढ़कर साइकिल से लौट रही छात्रा को टक्कर मार दी जिससे छात्रा की मौत हो गई। डीह थाना क्षेत्र के मधुकरपुर निवासी राम मिलन यादव की 14 वर्षीय पुत्री पलक यादव मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा 09 की छात्रा है। छात्रा स्कूल से वापस आकर परशदेपुर में ट्यूशन पढ़कर साइकिल से वापस घर जा रही थी तभी महेशपुर गांव के पास नशे में धुत एक मोटरसाइकिल चालक ने पीछे से साइकिल में टक्कर मार दी जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सलोन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोटरसाइकिल चालक प्रतापगढ़ जनपद के उदयपुर थाना क्षेत्र के बड़हुआं निवासी मुकेश सरोज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार थे। बाकी दोनों लोग मौके से भाग गए। चैकी इंचार्ज मोहित शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

संक्षेप

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज

**मथुरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लगभग 300 लाभार्थियों का सामूहिक विवाह का आयोजन रविवार आज धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया है कि सभी ब्लॉक और नगर निकायों से लगभग 300 जोड़े सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आयोजन में सभी माननीय विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण की गई है और 23 नवंबर को विवाह का आयोजन धौली प्याऊ रेलवे ग्राउंड में किया जाएगा।

## बावरिया गिरोह के गैंगस्टर भाई-बहन गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना सुरीर पुलिस ने बाबरिया गिरोह के गैंगस्टर भाई-बहन को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह गिरोह बना कर अवैध रूप से धनार्जन को लूटपाट करने के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। सुरीर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बाबरिया गिरोह के गोविंद निवासी गांव सीसवाडा थाना डीग भरतपुर राजस्थान, राहुल और सोना निवासी दुर्गा कॉलोनी भीम नगर, हनुमान चैराहा थाना सूर्यनगर जनपद अलवर राजस्थान, पप्पू और मीना निवासी हसनपुर होडल जनपद पलवल हरियाणा के खिलाफ गिरोह बंद अधिनियम के तहत की गई थी। सुरीर थाना प्रभारी ने बताया, कि यह गिरोह कई राज्यों में सक्रिय था। जो टप्पेबाजी और लिफ्ट देकर छिनैती और लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। सुरीर थाना क्षेत्र में छिनैती और लूट की घटनाओं में यह गिरोह शामिल रहा है। गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित चल रहे भाई-बहन पप्पू और मीना निवासी हसनपुर होडल जिला पलवल को शनिवार सुबह टैंटीगांव बाईपास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## उच्च राशि के बृहस्पति में होगा राम जन्मभूमि पर ध्वजारोहण

**मथुरा।** दीपक ज्योतिष भागवत संस्थान की गोष्ठी में संस्थान के निदेशक ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने बताया कि मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी 25 नवंबर मंगलवार को उच्च राशि की बृहस्पति में मनाया जाएगा विवाह पंचमी महोत्सव। इस दिन उत्तराषाढा नक्षत्र होने के कारण राम जानकी विवाह उत्सव व ठाकुर श्री बांकेबिहारीजी के प्राकट्योत्सव की विशेष महिमा मानी जा रही है। गोष्ठी में आचार्य ब्रजेन्द्र नागर एवं नारायण प्रसाद शर्मा ने कहा कि भारत वर्ष के सभी धार्मिक स्थलों पर श्रीराम जानकी विवाह का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा अयोध्या पुरी व जनकपुरी में विशेष आयोजन होंगे। साहित्याचार्य शरद चतुर्वेदी, ज्योतिषाचार्य पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि विवाह पंचमी का दिन विवाह शादीयों के लिए अत्यन्त ही शुभ माना जाता है इसी दिन भगवान श्री राम व जानकी जी का विवाह हुआ था जिसे पूरे भारतवर्ष में विवाह महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित दीपक चतुर्वेदी, ऋषभ देव, गोविंद देव, मनोज पाठक, मनीष पाठक, निरंजन शास्त्री आदि ने गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर मन्दिरों में विशेष उत्सव होते हैं। वृन्दावन में ठाकुर बांकेबिहारीजी का प्राकट्योत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

# संस्कृति विवि में लिया स्टार्टअप और इनोवेशन को मजबूत बनाने का संकल्प

■ मंथन इंडिया इंडस्ट्री–टेक कॉन्क्लेव 2025



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा अपने संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में मंथन इंडियारू इंडस्ट्री-टेक कॉन्क्लेव 2025 का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस मंथन में पॉलिसीमेकर्स, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, इनोवेटर्स, एकेडमिक्स और नए एंटरप्रेन्योर्स को भारत के इनोवेशन और टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ लाया गया। कॉन्क्लेव ने रिसर्च को बढ़ावा देने, इंडस्ट्री कोलेबोरेशन को बढ़ावा देने और फ्यूचर के लिए तैयार वर्कफोर्स बनाने के लिए स्किल डेवलपमेंट को मजबूत करने के विश्वविद्यालय के संकल्प को बढ़ावा दिया गया।

मंथन की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंथन में मौजूद भारत सरकार के साइंस और टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट (डीएसटी) के डॉ. सी. एस. यादव ने भारत के स्टार्ट-अप और इनोवेशन लैंडस्केप को मजबूत करने के मकसद से की गई खास राष्ट्रीय कोशिशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों और मौजूद श्रोताओं को यह भी बताया कि उनका विभाग स्टार्टअप और नवोन्मेष को कैसे सहयोग करता है। कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्ट्री के इंडस्ट्री और इंटरनल ट्रेड प्रमोशन डिपार्टमेंट (पीआईआईटी) की सुश्री शिप्रा लवानिया ने आत्मनिर्भर भारत पर एक बहुत ही जानकारी भरा वक्तव्य दिया, जिसमें उन्होंने देसी इनोवेशन की अहमियत और शुरुआती स्टेज के स्टार्ट-अप के लिए डीपीआईआईटी रजिस्ट्रेशन के फायदों के बारे में बताया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने एक मजबूत एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट बनाने, शुरुआती स्टेज के स्टार्ट-अप्स के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने और उनसे निपटने के लिए असरदार स्ट्रेटजी अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने युवा इनोवेटर्स को अपनी यात्रा में अडैप्टेबल, सॉल्यूशन-ओरिएंटेड और पर्पस-ड्रिवन बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

मंथन की शुरुआत संस्कृति विवि के कुलपति प्रो.डा. एम. बी. चेट्टी के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने इस पहल के पीछे के विजन को बताया और एकेडमिक एक्सीलेंस को इंडस्ट्री से जुड़ी लर्निंग के साथ जोड़ने के संस्कृति यूनिवर्सिटी के मिशन पर रोशनी डाली।

कार्यक्रम का विशेष क्षण चुने हुए स्टार्ट-अप को ?11 लाख का शुरुआती इग्निशन ग्रांट देना था, जिससे संस्कृति यूनिवर्सिटी का शुरुआती स्टेज के इनोवेटर्स को सपोर्ट करने और उनकी एंटरप्रेन्योरशिप की यात्रा को तेज करने का कमिटमेंट और भी साफ हो गया। कार्यक्रम संस्कृति विवि के इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेंद्र सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ खत्म हुआ, जिन्होंने कॉन्क्लेव को शानदार सफलता बनाने के लिए जाने-माने स्पीकर्स, इंडस्ट्री पार्टनर्स, स्टार्ट-अप फाउंडर्स और पार्टिसिपेंट्स का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस अधीक्षक सिटी ने थाना जैंत में सुनीं शिकायतें

**चौमुहां।** पुलिस अधीक्षक नगर ने राजीव कुमार ने शनिवार को थाना जैंत में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित प्रभारियों को प्राप्त सभी प्रार्थना-पत्रों का नियमानुसार एवं त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एसपी सिटी ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश मामले जमीन से जुड़े हुए थे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से थाने के चक्कर न लगाने पड़ें।

अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी विवादों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्रवाई की जाए, ताकि कोई भी कानूनी पेंच बाकी न रहे। उन्होंने सभी संबंधित प्रभारियों को हिदायत दी कि समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ?इस अवसर पर थाना प्रभारी जैंत उमेश चंद्र त्रिपाठी, संदीप कुमार, रोहित, धर्मवीर, संजीव, राजीव प्रताप सहित थाने के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन मैनेजरों के साथ अभद्रता के संबंध में किया विरोध प्रदर्शन



**टूंडला।** एन.सी.आर.एम.यू. ने भरतपुर स्टेशन पर टुंडला के ट्रेन मैनेजरों के साथ अभद्रता करने के सम्बन्ध में भोजनावकाश के समय शनिवार को मण्डल यातायात प्रबन्धक टूंडला कार्यालय के बाहर पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया। भरतपुर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 09569 से लौट रहे ऑन-ड्यूटी ट्रेन मैनेजरों सतेन्द्र कुमार , विशाल सिंह वाशु यादव को मजिस्ट्रेट द्वारा परिचय पत्र व प्राधिकरण दिखाने के बावजूद ब्रेकवान से उतारकर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक थाने में अपराधियों की तरह रखा गया तथा भोजन-पानी तक नहीं दिया गया। मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त कर्मचारियों से जबरन माफीनामा भी लिखवाया गया। इस घटना से रेल कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है , एन.सी.आर.एम.यू. टूंडला की तीनो शाखाओ के शाखा मंत्रियो ने मण्डल यातायात प्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे टूंडला को एक ज्ञापन दिया। इस घटना के विरोध में टूंडला मुख्यालय के ट्रेन मैनेजरों ने न्यू फुलेरा वर्किंग अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। मैकेनिकल शाखा के शाखा मंत्री जयकिशन अजवानी ने उक्त प्रकरण में स्पेयर यात्रा हेतु उचित पास व ट्रेन मैं सीट की व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा शाखा मंत्री गौरव कुमार ने दोषी मजिस्ट्रेट अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने किया एवं संचालन शाखा मंत्री सरदार सिंह ने किया प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह सरदार सिंह जयकिशन अजवानी गौरव कुमार.दीपक शर्मा विनोद कुमार बघेल सतेंद्र यादव संजीव यादव अमित पाल सिंह.सुशील कुमार रीतेश वर्मा मुन्ना कुमार सिंह कृष्णा पटेल अंकित यादव सुशील कुमार कुशल कुमार सुनील कुमार विकास कुमार व भारी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्तिथ रहे।

## चाय के खोखे में लगी आग, हजारों का नुकसान

**मथुरा।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में बिरला मंदिर चैकी के पास मथुरा-वृंदावन रोड पर एक चाय के खोखे में देर रात आग लग गई। इस घटना में खोखा पूरी तरह जलकर राख हो गया और लगभग 50 से 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ। आग लगने के पीछे पुरानी रंजिश का आरोप लगाया गया है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे हुई इस घटना की सूचना मिलते ही बिरला मंदिर चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक खोखा पूरी तरह जल चुका था। खोखा संचालक के छोटे भाई सलीम खान ने बताया कि दो दिन पहले कुछ लोगों से उनका झगड़ा हुआ था। उन लोगों ने खोखा जलाने की धमकी दी थी, और सलीम खान ने इसी पुरानी रंजिश के चलते आग लगाए जाने का आरोप लगाया है। चाय खोखा चलाने वाले कपिल खान, निवासी आशा नगर कॉलोनी, ने बताया कि उन्होंने शाम 7 बजे खोखा बंद किया था। देर रात उन्हें आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने तक खोखे में रखा लगभग 50 से 60 हजार रुपये का सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित ने शनिवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## वृंदावन पुलिस ने तीन गैंगस्टरों को किया गिरफ्तार

मथुरा। पुलिस ने गैंगस्टर के अभियोग में वांछित चल रहे तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर शाहून उर्फ तुंगल पुत्र रत्ती उर्फ रतीक निवासी मौहल्ला इस्लामवादी उटावड थाना उटावड जनपद पलवल हरियाणा, अरसद उर्फ नन्दड पुत्र रत्ती उर्फ रतीक निवासी मौहल्ला इस्लामवादी उटावड थाना उटावड जनपद पलवल हरियाणा व अरसद पुत्र सद्दीक निवासी मौहल्ला इस्लामवादी उटावड थाना उटावड जनपद पलवल हरियाणा को रुकमणि बिहार गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि असरद और अन्य के खिलफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

## घर-घर पहुंचने में बीएलओ का छूट रहा पसीना गणना प्रपत्रों की वापसी बनी सिरदर्द

**मथुरा।** मसानी रोड स्थित राधा आर्चिड कालोनी, राधा नगर और पंचवटी कालोनी में गणना प्रपत्रों का भारी भरकर बंडल लेकर घर-घर जाकर जब बीएलओ प्रीति थक गईं तो कालोनी के मंदिर में बैठकर मतदाताओं को फोन कर बुलाया। कहीं किराएदार नहीं मिल रहे, कई लोग गणना प्रपत्र नहीं लौटा रहे हैं। शुक्रवार को कालोनी में एक घर पर पहुंची तो एक मतदाता ने खूब खरी-खोटी सुनाई। इतना सुनाया कि बीएलओ की आंखों में आंसू आ गए। शिकायत करने की धमकी दी सो अलग। दरअसल, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (सीआइआर) में बीएलओ के लिए भी नई मुसीबत बन गया है। घर-घर दौड़ने के बाद भी काम नहीं हो पा रहा है। ऐसे में बीएलओ भी अब थक से गए हैं। बीएलओ प्रीति कहती हैं कि सुबह आठ बजे से घर-घर जाने में पूरा बंडल लेकर जाना पड़ता है। कुछ घर खाली मिलते हैं, जहां बताने वाला कोई नहीं होता। इन तक पहुंचने की भागदौड़ में दूसरे मतदाताओं तक पहुंचना संभव नहीं हो पाता। जो फार्म आए भी हैं तो बीएलओ एप पर फीड नहीं हो पा रहा। भाग संख्या 83 पर दर्ज 1200 मतदाताओं में से 800 से ज्यादा को फार्म दे दिए, जबकि 150 फार्म वापस मिल पाए हैं, लेकिन डोर टू डोर गणना प्रपत्र बांटने में दम फूल गया। जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ गणना प्रपत्र वितरण, वापसी और अपलोडिंग के दबाव में काम कर रहे हैं। सबसे अधिक दिक्कतें मथुरा विस क्षेत्र में आ रही हैं। यहां घनी आबादी व पलायन के कारण मतदाताओं को ढूंढना कठिन हो गया है। बीएलओ को हर घंटे अपडेट भी देना है और लाइव लोकेशन भी। बिरला मंदिर, किशोरी नगर क्षेत्र की बीएलओ बीना खंडेलवाल कहती हैं कि शहरी क्षेत्रों में घर बंद मिलना आम स्थिति है। कई मकानों में लोग महीनों से नहीं रह रहे। कुछ किराएदारों ने मकान बदल लिए। अब उनके बारे में कौन बताए। एक-एक घर के कई-कई चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। लोग फार्म लेकर लौटा नहीं रहे। अधिकतर प्रपत्र बांट दिए गए हैं। अशोक विहार, सदर बाजार में बीएलओ बदलने से दिक्कतें आ रही हैं। नई बीएलओ बनी रीना सोनकर गुलाब स्कूल में वीडियो काल कर उच्चाधिकारियों को हर घंटे बताती हैं कि वह मतदाताओं के प्रपत्र भरवा रही हैं।

## ब्रज रज-1 छह दिवसीय शिविर में देश के जानेमाने कलाकार करेंगे शिरकत



**मथुरा।** श्रीयश आर्ट गैलरी नई दिल्ली के मध्य में स्थित है जिसकी संचालिका श्रीमती सवीता अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा सभी कलाकृतियों तथा स्थापित व उभरते हुए चित्रकारों को प्रोत्साहित किया जाता है, उन्होंने बताया कि हम आगामी 21 से 26 नवंबर तक छह दिवसीय कला शिविर ह्यब्रज रज-1ह्ल का आयोजन कर रहे हैं जिसमें राष्ट्रीय स्तर के 15 चित्रकारों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली चित्रण कैनवास पर रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा, चित्रकारों के सम्मान में आयोजन के सफलतापूर्वक इस शिविर के 24 नवम्बर सोमवार को शाम 4 बजे पहले सत्र के समापन कार्यक्रम में रमाकांत गोस्वामी (कथावाचक) एवं पद्मश्री कृष्ण कनहाई द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए निमंत्रण स्वीकृत कर लिया गया है।

श्री यश आर्ट गैलरी नई दिल्ली की संचालिका सविता अग्रवाल की ओर से गैलरी के मैनेजर रोशन गुप्ता व कॉर्डिनेटर बालकृष्ण अग्रवाल एवं व्यवस्थापक बी0 के0 शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मथुरा शहर के कृष्णा नगर स्थित होटल मधुवन में 21 से 26 नवम्बर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया श्री यश आर्ट गैलरी संस्था के प्रमोटर महेश अग्रवाल जोकि होटल के संस्थापक और ब्रजवासी हाईटेक के चेयरमैन भी हैं एवं मोहित अग्रवाल जोकि ब्रजवासी फायर सेफ्टी प्रा0 लि0 के प्रबंध निदेशक, ब्रजभूमि मथुरा के निवासी हैं एवं भगवान श्रीकृष्ण की इस जन्मभूमि से उन्हें अत्यन्त मोह हैं और कला कृष्ण के बिना संपूर्ण नहीं हैं, ऐसा उनका मानना हैं, इसी बजह से हमारी संस्था ने इस चित्रकला शिविर का नाम ब्रज-रज 1रखा गया है, वहीं 1इसलिए क्योंकि हम हर वर्ष इसी नाम से एक शिविर का आयोजन करना चाहते हैं।

## विद्यालय स्मार्ट क्लास का अधिक से अधिक प्रयोग करें : बीएसए




**फिरोजाबाद।** शासन एवं विभागीय स्तर से निरन्तर परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का अधिक से अधिक प्रयोग करने, डिजिटल माध्यम से बच्चों को शिक्षण कार्य कराने के निदेशों के अनुक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय मौढ़ा विकास खण्ड फिरोजाबाद का आकस्मिक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय समस्त स्टॉफ उपस्थित पाया गया। कक्षा कक्षों में अध्यापकों के द्वारा बच्चों को सुव्यवस्थित रूप से फर्नीचर पर बैठाकर शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। शनिवार का दिवस होने के कारण 01 कक्षा कक्ष में बच्चों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षण कार्य कराया जा रहा था एवं मीना मंच से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध कराई जा रही थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछने पर बच्चों के द्वारा सही उत्तर दिये जाने पर कार्यरत स्टॉफ का उत्साहवर्द्धन किया गया एवं प्र०अ० को निर्देशित किया गया कि स्मार्ट क्लास का अधिक से अधिक प्रयोग कर शिक्षण कार्य कराये। जिससे बच्चों की सीखने की क्षमता में अपेक्षित वृद्धि हो सके। निरीक्षण के समय कक्षा कक्ष में उपलब्ध सुविधाओं को भी देखा गया। प्र०अ० के द्वारा अवगत कराया गया कि सी०एस०आर० के माध्यम से प्रयास कर बच्चों के लिए इनवर्टर की व्यवस्था एवं उच्च गुणवत्ता के फर्नीचर की व्यवस्था कराई गई है। कक्षा कक्षों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा अध्यापकों का उत्सावर्द्धन किया गया एवं उनके कार्य करने पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के समय दिव्या यादव प्र०अ०नीलम विजलानी सहायक अध्यापिका वैशाली यादव स०अ०मंजू दुबे शिक्षा मित्र आदि उपस्थित रहे।

## असामाजिक तत्वों ने की आस्था से खिलवाड़, सनातनियों में भारी आक्रोश

**मथुरा।** जिले की छाता तहसील में आज किसी असमाजिक तत्व ने बहुत ही निंदनीय और घिनौनी हरकत की है जिससे सभी समाज के लोगों में भारी आक्रोश है अगर इसका जल्द ही कोई प्रबंध नहीं किया गया तो छाता में कोई भी बड़ी घटना घट सकती है आपको बताते चलें कि आज छाता क्षेत्र के तीन गांव की पूजनीय खैरे वाली मैया पर किसी असमाजिक तत्व ने छैनी हथोड़े से प्रहार किया है लोगों ने प्रशासन को अवगत कराया कि किसी ने सदियों पुरानी तीन गांव की पूजनीय माता की प्रतिमा पर छैनि हथोड़े से प्रहार कर उसे खंडित करने की कोशिश की है मौके पर पहुंचे एसडीम वैभव गुप्ता ने पहुंचकर सभी लोगों को आश्वासन देकर शांत किया की प्रतिमा और लोगों की भावनाओं से खेलने वाले को जल्द से जल्द पकड़कर खुलासा किया जाएगा छेत्र में किसी भी प्रकार का दंगा ना हो इसलिए पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर लोगों को अपने-अपने घर भेज दिया।

## रितेश्वर महाराज का मप्र के सीएम ने लिया आशीर्वाद

**मथुरा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शनिवार को रितेश्वर महाराज के आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने संत से आशीर्वाद लिया और लंबी आध्यात्मिक वार्ता की। मशहूर गायक जुबिन नौटियाल ने भी संत महाराज से मुलाकात की। सीएम मोहन यादव ने महाराज से समाज में अध्यात्म की भूमिका, सकारात्मक सोच और भारतीय संस्कृति की मूल भावना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संतों के मार्गदर्शन से समाज में सद्भाव और जागरूकता बढ़ती है। गायक जुबिन नौटियाल ने भी रितेश्वर महाराज से आध्यात्मिक अनुभव और संगीत के माध्यम से मानवता में प्रेम फैलाने पर विचार साझा किए। महाराज ने दोनों अतिथियों को आशीर्वाद देते हुए समाज हित में कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।

## भारतीय जनता पार्टी की एसआईआर को लेकर बैठकें आयोजित



**फिरोजाबाद।** विधानसभा जसराना के रानी अवंतीबाई मण्डल और जसराना मण्डल के अलग-अलग स्थानों पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में बैठक हुई,जिसमें मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर को लेकर योजना बनाई गई जिसमें रानी अवंतीबाई मण्डल की बैठक बझेरा गांव में राम प्रकाश लोधी मण्डल अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें एस आई आर मण्डल स्तर पर मानीटरिंग टीम शक्तिकेन्द्र संयोजक बूथ अध्यक्ष बी एल ए-2 बूथ प्रवासी भाजपा के अन्य कार्यकताओं के माध्यम से बीएलओ से सम्पर्क कर अधिक से अधिक गणना पत्र भरवा कर जमा करायें जिससे कोई मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण एसआई आर में जो पात्र रहे नहीं बैठक में रामप्रकाश लोधी डोरीलाल राजपूत सुरेश कठेरिया नेम सिंह आदि लोग उपस्थित रहगई।वहीं दूसरी बैठक जसराना मण्डल की प्रानपुर गांव में मण्डल अध्यक्ष अमलेश राजपूत जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें अवनीश गुप्ता अमलेन्द्र लोधी विकास राजपूत राधा किसन यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे दोनों बैठकों में जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे सभी कार्यकताओं को एस आई आर में सहयोग करने की अपील की गई।

## एसआईआर को ग्राम पंचायतों के लिए 75 कलर प्रिंटर लगाये गये




**शिकोहाबाद।** एसआईआर को लेकर शहर में बीएलओ घर घर जाकर लोगों के वोटो को चेक कर रहे है। वही अब शिकोहाबाद की ग्राम पंचायतो में परियोजना निदेशक द्वारा 75 कलर प्रिंटर उपलब्ध कराए गए हैं। जहां पर एसआईआर को लेकर ग्रामीणों को कलर मतदाता पहचान पत्र की फोटो कापी दी जाएगी। शनिवार को तहसील में परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी द्वारा एसडीएम डा.गजेंद्र पाल सिंह को एक कलर प्रिंटर उपलब्ध कराया गया। इस कलर प्रिंटर से एसआईआर को लेकर लोगों के लिए कलर मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। एसडीएम डा. गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि अब शिकोहाबाद की सभी ग्राम पंचायतो मे परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी द्वारा कलर प्रिंटर लगाए गए हैं उनकी टीम इन कलर प्रिंटरो के माध्यम से लोगों के कलर मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराएगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रधानाचार्यों संग की बैठक



**मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी / जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह ने विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के प्रधानाचार्यों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में बैठक ली। जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यों से आग्रह किया कि अपने अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बी०एल०ओ०) से समन्वय स्थापित करते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों में सहयोग प्रदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आप अपने स्कूल व कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को प्रेरित करें कि वे सभी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अन्तर्गत दिये गये गणना प्रपत्रों को ससमय भरकर बीएलओ को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रधानाचार्यों की पहल से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के कार्यों में तेजी आयेगी और सरलता एवं सुगमता के साथ गणना प्रपत्रों का वितरण एवं एकत्रित करने के कार्य को शीघ्र पूर्ण करते हुए सफलता प्राप्त होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्रों में घर घर जाकर लोगों को गणना प्रपत्र को सही भरने की प्रक्रिया से जागरूक करें। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें हम सभी को जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि जिन शिक्षकों/ प्रधानाचार्यों द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में उत्कृष्ट कार्य किया जायेगा तथा दिनांक 30 नवम्बर 2025 से पूर्व अपने क्षेत्र में बीएलओ के माध्यम से समस्त गणना प्रपत्रों का एकत्रीकरण कर लिया जायेगा, उन्हें विशेष 05 दिनों का अवकाश प्रदान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद के प्रधानों, सचिवों, कोटेदारों, शिक्षकों आदि के माध्यम से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अन्तर्गत गणना प्रपत्र को शीघ्र भरकर बीएलओ को प्राप्त कराने हेतु निरंतर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि दिनांक 04 दिसम्बर 2025 से पूर्व अपने अपने गणना प्रपत्रों में जानकारी भरकर संबंधित बीएलओ को प्राप्त करा दें। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 2310 बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा घर घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा रहा है तथा गणना प्रपत्र प्राप्त करने का कार्य भी किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि बीएलओ को एसआईआर कार्य में सहयोग करें, जिससे शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

## चौमुंहा में विद्युत विभाग की राहत योजना एक दिसंबर से शुरू

**चौमुंहा।** चौमुंहा उपखंड अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं को बिजली बिल राहत योजना से बड़ी राहत देते हुए विद्युत विभाग ने योजनाद्द2025की घोषणा की है, जो 1 दिसंबर से लागू होगी। विभाग ने बताया कि योजना अवधि तक विद्युत बिल के लेट पेमेंट ब्याज (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इससे चौमुंहा उपखंड से जुड़े दर्जनों गांव के उपभोक्ताओं को पुराने बकाए से मुक्ति पाने का अवसर मिलेगा। पहली बार बिल के समाधान में 25 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है। साथ ही बकाया बिल और वर्तमान बिल को अलग कर दिया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को भुगतान में अतिरिक्त सुविधा मिल सके। बकाया बिल जमा करने वाले उपभोक्ता अपने पुराने बिजली बिल को 500 / 750रूपए की आसान किस्तों में अदा कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बकाया की पूर्ण राशि जमा करने पर पूरा ब्याज माफ कर दिया जाएगा, जिससे उपभोक्ता को सीधे आर्थिक लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त, जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बढ़ा हुआ बिल आ रहा था, उनके लिए भी औसत बिल लेने का प्रावधान रखा गया है, ताकि उन्हें अनावश्यक बोझ से राहत मिल सके। चैमुंहा उपखंड अधिकारी सर्वज्ञ श्रीवास्तव ने अपील की है कि उपभोक्ता इस ऐतिहासिक छूट योजना का लाभ अवश्य उठाएँ और समय पर अपना बिल व किस्तें जमा कर विद्युत सेवा को सुचारू रखने में सहयोग करें।

संक्षेप

## 22 दिसंबर से बीएसई में शामिल होगी इंडिगो की कंपनी

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाले इंटरग्लोब एविएशन 22 दिसंबर से बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स में शामिल हो जाएगी। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज ने बताया कि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड को इस सूचकांक से बाहर कर दिया जाएगा। बीएसई इंडेक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सूचकांकों के पुनर्गठन के तहत इन बदलावों की घोषणा की है, जो 22 दिसंबर (सोमवार) को बाजार खुलते ही प्रभावी हो जाएंगे। बीएसई 100 सूचकांक में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को शामिल किया जाएगा, जो अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की जगह लेगा। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 50 में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड को जोड़ा जाएगा और इंडसइंड बैंक लिमिटेड को हटाया जाएगा।

## एयर इंडिया ने एयर कनाडा के साथ की साझेदारी

नयी दिल्ली। एयर इंडिया ने शनिवार को एयर कनाडा के साथ अपनी कोडशेयर साझेदारी फिर से शुरू करने की घोषणा की। यह साझेदारी कोरोना महामारी के दौरान निलंबित कर दी गई थी। इस कोडशेयर समझौते के तहत एयर इंडिया यात्रियों को वैंकूवर और लंदन (हीथ्रो) के अलावा कनाडा के छह और शहरों तक उड़ानों की सुविधा प्रदान कर सकेगी। कोडशेयर साझेदारी के जरिए यात्री एक ही टिकट पर दोनों विमानन कंपनियों की उड़ानों में यात्रा कर सकेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, एयर इंडिया एयर कनाडा की उड़ानों पर अपना एआई कोड लगाएगी। इनमें वैंकूवर से कैलगरी, एडमॉन्टन, विनीपेग, मॉन्ट्रियाल और हैलिफैक्स तथा लंदन हीथ्रो से वैंकूवर व कैलगरी की उड़ानें शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि बदले में एयर कनाडा के यात्रियों को दिल्ली होते हुए अमृतसर, अहमदाबाद, मुंबई, हैदराबाद और कोच्चि तथा लंदन (हीथ्रो) होते हुए दिल्ली व मुंबई तक सुगम घरेलू संपर्क मिलेगा।

## सागरमाला फाइनेंस 8,000 करोड़ जुटायेगी

नयी दिल्ली। सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएमएफसीएल) देश की समुद्री ताकत को और मजबूत करने के लिए चालू वित्त वर्ष में बैंकों, वित्तीय संस्थानों और बॉन्ड के जरिए 8,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। एसएमएफसीएल को पहले सागरमाला डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। यह भारत की पहली समुद्री क्षेत्र विशिष्ट गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। एसएमएफसीएल ने बयान में कहा कि हाल ही में आयोजित वार्षिक आम बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में 8,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके साथ ही कुल उधारी सीमा 25,000 करोड़ रुपये निर्धारित करने को भी स्वीकृति दी गई।

## 11 वर्षीय लड़के ने तेंदुए से बचायी बच्चे की जान

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले में 11 वर्षीय एक स्कूली छात्र ने उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए अपने दोस्त की मदद से एक खूंखार तेंदुए का डटकर सामना किया। दोनों लड़कों ने तेंदुए पर पत्थर फेंका और शोर मचाया, जिसने जंगली जानवर को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम माला पदवीपाडा क्षेत्र के पास हुई। उन्होंने बताया कि अगर मयंक कुवारा के पास उसका स्कूल बैग नहीं होता तो तेंदुए के साथ हुई इस मुठभेड़ का अंजाम और भी बुरा हो सकता था। उन्होंने बताया कि तेंदुए ने जब छात्र पर झपट्टा मारा, तो उसका बैग उसके लिए एक सुरक्षा कवच साबित हुआ। अधिकारियों ने कहा, स्कूल से लौट रहे पांचवीं कक्षा के छात्र कुवारा पर तेंदुए ने हमला कर दिया।

# सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देंगी नयी श्रम संहिताएं

### कानूनों का एकीकरण अधिक स्पष्ट, एकसमान और सुसंगत नियम : इटरनल

एजेंसी

नयी दिल्ली। जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटरनल लिमिटेड ने शनिवार को चारों श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया। कंपनी ने कहा कि इससे गिग श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच मजबूत होगी, जिसमें उसके जोमैटो और ब्लिंकिट कारोबार से जुड़े डिलीवरी साझेदार भी शामिल हैं।

इटरनल ने शेयर बाजार को बताया कि लंबी अवधि में इन नए नियमों का उसके कारोबार की सेहत और स्थिरता पर कोई नकारात्मक वित्तीय असर नहीं पड़ेगा। सरकार ने शुक्रवार को चारों श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया, जिनके जरिए मौजूदा 29 श्रम कानूनों को एकीकृत किया गया है। ये संहिताएं-वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 हैं। नयी संहिताओं में पहली बार गिग कार्य, मंच कार्य और एग्रीगेटर की परिभाषाएं दी गई हैं। नियमों के अनुसार एग्रीगेटर कंपनियों को अपने सालाना कारोबार का 1-2 प्रतिशत (अधिकतम पांच प्रतिशत तक की सीमा के साथ) गिग और मंच श्रमिकों को दिए जाने वाले भुगतान के आधार पर सामाजिक सुरक्षा कोष में जमा करना होगा। इटरनल ने कहा श्रम कानूनों का एकीकरण अधिक स्पष्ट, एकसमान और सुसंगत नियम देता है, जो देश के साथ ही हमारे पूरे तंत्र के लिए फायदेमंद है। इन चार संहिताओं में एक सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 है, जो पूरे देश में गिग श्रमिकों, खासकर हमारे जोमैटो और ब्लिंकिट को चलाने वाले डिलीवरी साझेदारों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगी। कंपनी ने आगे कहा कि देशव्यापी एकसमान ढांचा गिग श्रमिकों के लिए जरूरी एकरूपता लाएगा, मंच के लिए कारोबारी सुगमता बढ़ाएगा और यह पूरी तरह सही दिशा में उठाया गया कदम है। इटरनल ने बताया कि वह गिग श्रमिकों की भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और पहले ही उन्हें मुफ्त में व्यापक बीमा एवं कल्याणकारी सुविधाएं दे रही है।




### नियोक्ता और कर्मचारियों के बीच संवाद जरूरी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ हौंग्बो ने कहा कि भारत में श्रम संहिताएं लागू होने के बीच सरकार, नियोक्ता और कर्मचारियों के बीच सामाजिक संवाद बहुत जरूरी है, तभी ये संहिताएं कर्मचारियों और कारोबार, दोनों के लिए फायदेमंद होंगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, भारत में श्रम संहिताओं को लागू किए जाने को मैं बड़ी दिलचस्पी से देख रहा हूं। खासकर सामाजिक सुरक्षा और न्यूनतम मजदूरी से जुड़े हिस्सों को। इस बीच श्रम संहिताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस के निदेशक सज्जा प्रवीण चौधरी ने कहा कि 40 साल से ऊपर के कर्मचारियों के लिए सालाना स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करना यह दिखाता है कि अब संगठन अपने कर्मचारियों की सेहत को कितनी गंभीरता से ले रहे हैं।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता नौवें दिन भी बेहद खराब श्रेणी में

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 370 पर पहुंच गया जबकि 11 निगरानी स्टेशनों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार नौवें दिन 370 पर रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में है। आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को औसत एक्यूआई 374, बृहस्पतिवार को 391, बुधवार को 392, मंगलवार को 374 और सोमवार को 351 रहा था। सीपीसीबी के समीर ऐप के अनुसार 38 स्टेशनों में से 11 ने शनिवार को वायु गुणवत्ता को गंभीर श्रेणी में दर्ज किया। इनमें डीटीयू, बवाना, आनंद विहार, मुंडका, नरेला, रोहिणी, विवेक विहार और अन्य स्टेशन शामिल हैं, जहां एक्यूआई 400 पार रहा। सीपीसीबी के मानदंडों के अनुसार, एक्यूआई 0 से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शनिवार को न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.5 डिग्री कम है, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने रविवार के लिए मध्यम कोहरे का अनुमान जताया है।

# बायजू रवींद्रन पर एक अरब डॉलर का जुर्माना

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका की एक अदालत ने बायजू अल्फा और अमेरिका स्थित ऋणदाता जीएलएएस ट्रस्ट कंपनी एलएलसी की याचिका के आधार पर बायजू रवींद्रन के खिलाफ डिफॉल्ट निर्णय सुनाया है।

इस आदेश के तहत रवींद्रन को व्यक्तिगत रूप से एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि चुकानी होगी। यह फैसला 20 नवंबर को आया। सुनवाई के दौरान डेलावेयर दिवाला अदालत ने पाया कि रवींद्रन ने उसके दस्तावेजी जानकारी आदेश का पालन नहीं किया और कई मौकों पर टालमटोल करते रहे। फैसले में कहा गया अदालत ने प्रतिवादी रवींद्रन के खिलाफ डिफॉल्ट निर्णय सुना दिया है। इसमें 533,000,000 अमेरिकी डॉलर की राशि उनके व्यक्तिगत भुगतान के लिए निर्धारित की गई है, और खंड 2, खंड 5 और खंड 6 से संबंधित मामले में 540,647,109.29 अमेरिकी डॉलर की राशि चुकाने का आदेश दिया गया है। अदालत ने रवींद्रन को निर्देश दिया कि वह बायजू अल्फा के कोष और उनसे हुई किसी भी आय, जैसे कि कैमशाफ्ट एलपी ब्याज का पूरा और सटीक हिसाब दें, जिसमें हर एक लेन-देन और उससे हुई किसी भी आय को शामिल किया जाए।




बायजू अल्फा की स्थापना उस समय हुई थी जब रवींद्रन शिक्षण प्रौद्योगिकी कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड का प्रबंधन कर रहे थे, जो बायजू ब्रांड के तहत काम करती थी। इस कंपनी ने अमेरिका के ऋणदाताओं से एक अरब डॉलर का ऋण लिया था। बाद में ऋणदाताओं ने आरोप लगाया कि बायजू अल्फा ने ऋण की शर्तों का उल्लंघन किया और कुल ऋण में से 53.3 करोड़ डॉलर गैरकानूनी तरीके से अमेरिका से बाहर ले जाया गया।

## बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई का पेश होगा बिल

नयी दिल्ली। सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने वाला विधेयक पेश करेगी।

संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में कुल 15 कार्य दिवस होंगे। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, बीमा कानून (संशोधन) विधेयक 2025, संसद के आगामी सत्र में पेश किए जाने वाले 10 विधेयकों की सूची में शामिल है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस वर्ष के बजट भाषण में बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की मौजूदा 74 प्रतिशत सीमा को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था।

# मक्का, मूंग की कीमतें घटाये केन्द्र : सिद्धरमैया

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य में मक्का और मूंग की कीमतों में भारी गिरावट की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया। सिद्धरमैया ने कहा कि इस गिरावट से किसानों में गहरी चिंता पैदा हो गई है।

सिद्धरमैया ने शुक्रवार को लिखे गए पत्र में कहा कि इस खरीफ मौसम में कर्नाटक में मक्का 17.94 लाख हेक्टेयर और मूंग 4.16 लाख हेक्टेयर में उगाई गई थी। किसानों को उम्मीद थी कि मक्का की पैदावार 54.74 लाख टन और मूंग की पैदावार 1.983 लाख टन होगी। लेकिन कीमतें गिरने के कारण किसान संकट में फंस गए हैं। सिद्धरमैया ने लिखा, कीमतें भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से बहुत नीचे गिर गई हैं, जिससे किसानों में व्यापक चिंता और परेशानियां पैदा हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मक्का के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,400 रुपये प्रति टन और मूंग के लिए 28,768 रुपये प्रति टन तय किया है। लेकिन कर्नाटक में मक्का की मौजूदा कीमतें 1,600 से 1,800 रुपये प्रति टन और मूंग की कीमत लगभग 5,400 रुपये प्रति टन तक गिर गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों की औसत कीमतें भी एमएसपी से अधिक रही हैं, लेकिन बाहरी दबाव और मांग-आपूर्ति में असंतुलन के कारण कीमतें अब रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गई हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, कर्नाटक में मक्का का 32 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन है, जो स्थानीय उद्योगों की क्षमता से बहुत अधिक है। सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि वे भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (एनएएफईडी), भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) को निर्देश दें कि वे मूल्य समर्थन योजना या किसी अन्य उचित व्यवस्था के तहत एमएसपी के अनुसार खरीदारी तुरंत शुरू करें। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में सिद्धरमैया से पूछा कि राज्य ने चयनित एथनॉल उत्पादन इकाइयों को राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ, राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ के साथ बाध्यकारी समझौते करने का निर्देश क्यों नहीं दिया।

# कोयला माफिया नेटवर्क पर ईडी ने की छापेमारी



नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में सक्रिय एक कथित कोयला माफिया नेटवर्क के खिलाफ तलाशी के दौरान 14 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और सोना जब्त किया है। ईडी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा कि कोयले के बड़े पैमाने पर अवैध खनन, चोरी, परिवहन, भंडारण और बिक्री के संबंध में शुक्रवार को दोनों राज्यों में 44 परिसरों पर छापे मारे गए।

# तेजस हादसे में जान गंवाने वाले पायलट को दी गयी श्रद्धांजलि

एजेंसी

धर्मशाला/हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के पटियालकर गांव के लोग विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत की खबर अभी तक स्वीकार नहीं कर पाए हैं।

नमांश उस तेजस लड़ाकू विमान में सवार थे, जो शनिवार को दुबई एयर शो में हवाई प्रदर्शन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। ज्यादातर ग्रामीणों ने नमांश को एक सच्चे देशभक्त और उत्कृष्ट एथलीट के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि नमांश ने दुबई एयर शो में हजारों लोगों की जान बचाने के लिए ऐन समय पर विमान का मार्ग बदलकर अपनी मौत को भी मिसाल बना दिया। नगरोटा बगवां क्षेत्र में स्याल परिवार के घर पर शनिवार सुबह से ही हृदय विदारक दृश्य देखने को मिल रहे हैं, जहां ग्रामीण नमांश की असामयिक मौत से शोक में डूबे परिजनों को सांत्वना देने की कोशिश कर रहे हैं। नमांश के चाचा जोगिंदरनाथ स्याल ने बताया कि विंग कमांडर का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह करीब नौ बजे कोयंबटूर (तमिलनाडु) के पास सुलूर वायुसेना स्टेशन पर लाया गया, जहां से उसे रविवार को कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डे ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा हमने अंतिम संस्कार की सारी तैयारियां कर ली हैं। जोगिंदरनाथ को शुक्रवार दोपहर उस समय हादसे के बारे में पता चला, जब नमांश के पिता ने उन्हें फोन किया और पूछा कि क्या उनके पास घटना के बारे में कोई जानकारी है। जोगिंदरनाथ ने बताया, मेरी पत्नी दौड़कर उनके किरायेदार के पास गई, जो कतर में काम करता है और छुट्टियों में गांव आया था। इंटरनेट पर ताजा खबरें देखने के बाद, उसने पुष्टि की कि दुर्घटनाग्रस्त हुए जेट विमान को नमांश ही उड़ा रहा था।



उन्होंने कहा, मैंने तुरंत अपने भाई से संपर्क करके उन्हें यह दुखद खबर दी। शुरू में तो उन्हें मेरी बात पर यकीन नहीं हुआ, लेकिन जब मैंने कहा कि मेरी जानकारी पुख्ता है, तो उन्हें सच्चाई का एहसास हो गया। नमांश के परिवार में उनके माता-पिता, पत्नी और छह साल की एक बेटी शामिल है। उनकी पत्नी भी भारतीय वायुसेना से जुड़ी हुई हैं। दोनों पठानकोट में अपनी पहली तैनाती के दौरान एक-दूसरे से मिले थे और फिर 2014 में शादी के बंधन में बंध गए।

## छात्र आत्महत्या मामले में सहपाठियों के बयान दर्ज

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दसवीं कक्षा के छात्र की आत्महत्या के मामले में सेंट कोलंबस स्कूल के कई छात्रों के बयान दर्ज किए हैं और मामले की जांच के तहत सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कभी अगला शाहरुख खान बनने का सपना देखने वाले 10वीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र ने महीनों तक शिक्षकों द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित किए जाने के बाद मंगलवार को राजेन्द्र प्लेस मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म से छलांग लगा दी थी। ऐसा आरोप है कि घटना वाले दिन स्कूल के एक शिक्षक ने छात्र के फिसल कर गिरने के बाद उसका मजाक बनाया और अपमानित किया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि एक डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) जब्त किया गया है।

## पेज एक का शेष

### वैश्विक विकास

पर आयोजित सत्र में कहा, अब हमारे लिए अपने विकास मानदंडों पर पुनर्विचार करने और समावेशी एवं सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। भारत के सभ्यतागत मूल्य, विशेष रूप से एकात्म मानववाद का सिद्धांत, आगे बढ़ने का मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि विश्वभर में अनेक समुदाय पर्यावरण-संतुलित, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध तथा सामाजिक रूप से एकजुट जीवनशैली को संरक्षित रखते हैं। प्रधानमंत्री ने जी-20 के अंतर्गत एक वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार के निर्माण का प्रस्ताव रखा। मोदी ने सभी क्षेत्रों में प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के दृष्टिकोण के साथ जी20-अफ्रीका कौशल विकास का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी जी20 भागीदारों द्वारा समर्थित और वित्तपोषित किया जायेगा।

उन्होंने कहा हमारा सामूहिक लक्ष्य अगले दशक के भीतर अफ्रीका में 10 लाख प्रमाणित प्रशिक्षक तैयार करना होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी, विशेषकर फेंटानिल जैसे अत्यंत खतरनाक पदार्थों के प्रसार की चुनौती से निपटने के लिए भारत ने मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा आइए मिलकर इस भयावह नशा-आतंक गठजोड़ को कमजोर करें। मोदी ने कहा इस पहल से तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करने अवैध वित्तीय प्रवाह को रोकने और आतंकवाद के लिए प्रमुख वित्तपोषण स्रोत को कमजोर करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा स्वास्थ्य आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करते समय जब हम मिलकर काम करते हैं, तो हम और भी मजबूत होते हैं। हमारा प्रयास साथी जी20 देशों से प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम तैयार करना होना चाहिए, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत तैनाती के लिए तैयार रहें। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने शिखर सम्मेलन स्थल पर मोदी का नमस्ते कहकर स्वागत किया। मोदी को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस जैसे वैश्विक नेताओं के साथ अनौपचारिक रूप से बातचीत करते देखा गया।

### सीएम योगी

हैं। अनुमान है कि लगभग डेढ़ महीने के दौरान प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु संगम पर स्नान करेंगे। हर दिन लगभग 20-25 लाख कल्पवासियों के साथ ही देश-प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र से भी लोग आएंगे। मेले को 800 हेक्टेयर में बसाने की कार्रवाई हो रही है। सात सेक्टर बनाए गए हैं। अलग-अलग रूट से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 42 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण का गठन किया था और मंडलायुक्त को इसका अध्यक्ष नामित किया था। मेला प्राधिकरण के नेतृत्व में महाकुम्भ के साथ-साथ अन्य आयोजन भी संपन्न होते हैं। माघ मेला 2026 की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। 2024 की तुलना में इसके दायरे को बढ़ाया गया है। यहां की टीम के सामने 2025 के महाकुम्भ का अनुभव है, जिसने देश-दुनिया में अमिट छाप छोड़ी थी और भारत की सनातन धर्म की परंपरा के प्रति लोगों के मन में नया उत्साह भरा था। सीएम योगी ने बताया कि माघ मेले के दृष्टिगत यूपी सरकार के सभी संबंधित विभागों को जोड़ा गया है। सिंचाई विभाग बाढ़ निरोधक उपाय करने के साथ ही जल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। यद्यपि आज संगम में 19-20 हजार क्यूसेक शुद्ध जल की उपलब्धता है, लेकिन उस समय भी 10 हजार क्यूसेक जल की उपलब्धता निरंतर बनी रहे, विभाग यह प्रयास कर रहा है। नमामि गंगे को जल की शुद्धता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पावर कॉरपोरेशन नियमित विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ इलेक्ट्रिक सेफ्टी की व्यवस्था करेगा। उप्र पावर कारपोरेशन द्वारा मेला क्षेत्र में 47 किमी. की एचटी व 360 किमी. की एलटी लाइन बिछाने और 25 अस्थायी सब स्टेशन बनाने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है।

### शीतकालीन सत्र

है, जिसका उद्देश्य व्यवसाय करने में आसानी की सुविधा के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 और एलएलपी (सीमित देयता भागीदारी) अधिनियम, 2008 में संशोधन करना है। इसके अलावा सरकार के एजेंडे में प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक (एसएमसी), 2025 है, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992, डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम, 1956 के प्रावधानों को एक तर्कसंगत एकल प्रतिभूति बाजार संहिता में समेकित करने का प्रस्ताव करता है।

### प्रदेश में

गया है। साथ ही आयोग ने बहुमंजिला इमारतों और टाउनशिप से जुड़े मामलों को निपटाने के लिए एक अलग कंसल्टेशन पेपर जारी किया। बतादें कि कंपनियों को हर साल 30 नवंबर तक नियामक आयोग में वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) का प्रस्ताव दाखिल करना होता है। इसी प्रस्ताव पर नियामक आयोग के निर्देश पर आपत्तियां और सुझाव मांगे जाते हैं। इस पर सुनवाई के बाद नई दरें तय की जाती हैं। नियामक आयोग ने पाया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में आपूर्ति के लिए 163,778.24 मिलियन यूनिट बिजली की जरूरत होगी। इसकी खरीद पर 1,10,993.33 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

बिजली वितरण कंपनियों ने 164,592.49 मिलियन यूनिट बिजली खरीद के लिए 1,12,865.33 करोड़ रुपये का अनुमानित वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) दाखिल किया था। आयोग ने डिस्कॉम द्वारा दावा किए गए 13.77 प्रतिशत के मुकाबले 13.35 प्रतिशत के वितरण घाटे को मंजूरी दी है। यूपी सरकार 17,100 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। आयोग ने उपभोक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले 86,18329 करोड़ रुपये के राजस्व को मंजूरी दे दी है। इससे सभी डिस्कॉम को 1.03.283.29 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। आयोग ने कहा है कि इससे वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजली कंपनियों को 7,710.04 करोड़ रुपये का घाटा होगा। हालांकि, एक अप्रैल 20205 तक बिजली कंपनियों के पास 18592.38 करोड़ रुपये का अनुमानित जमा अतिरिक्त है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आपूर्ति की औसत लागत 8.18 (रुपये, यूनिट) होने का अनुमान है, जबकि औसत बिलिंग दर 7.61 (रुपये, यूनिट) होने का अनुमान है। वितरण हानियों को वित्तीय वर्ष 2029-30 तक 10.74 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया गया है। लिहाजा बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव का आयोग ने कोई कारण नहीं पाया है। वही उपभोक्ता परिषद ने बिजली दर नही बढने पर नियामक आयोग का का आभार जताते हुए कहा है कि पावर कार्पोरेशन के प्रस्तावित एआरआर में बढ़ोत्तरी के खिलाफ राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में याचिकाएं दायर की थीं और बिजली दरों में प्रस्तावित इजाफे का विरोध किया था।

### 37 माओवादियों ने

विशेष क्षेत्रीय समिति का हिस्सा था। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने एक एके-47 राइफल, दो एसएलआर राइफल, चार 303 राइफल, एक जी3 राइफल और 346 राउंड गोलियां सौंपी। शिवधर रेड्डी ने कहा कि माओवादियों ने मुख्यधारा में शामिल होने की मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की अपील पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि निरंतर माओवादी विरोधी अभियान, वैचारिक मतभेद और संगठन के भीतर आंतरिक दरार ने उनके आत्मसमर्पण के निर्णय को प्रभावित किया। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों पर कुल 1.40 करोड़ रुपये का नकद इनाम है, जिसमें सांबैया और नारायण पर 20-20 लाख रुपये का इनाम है। डीजीपी ने भाकपा (माओवादी) के सभी कार्यकर्ताओं से आगे आने और मुख्यधारा में शामिल होने का आग्रह किया।

### उत्तराखण्ड में

कहा कि यह समय अधिक गति, अधिक दृढ़ता और अधिक संकल्प के साथ काम करने का है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्द 'ये दशक उत्तराखंड का दशक है' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संकल्प को साकार करना उत्तराखंड के प्रशासन का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्ष उत्तराखंड के लिए निर्णायक होंगे और हमें राज्य को ऐसे मोड़ पर लेकर जाना है, जहां हर नागरिक यह महसूस करे कि राज्य निर्णायक और सकारात्मक परिवर्तन से गुजर रहा है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन को तेजी और पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। हर योजना और निर्णय लक्ष्य आधारित और जन केंद्रित होना चाहिए। व्यवस्था ऐसी बने कि फाइलों का निस्तारण समयबद्ध हो। योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर पर तुरंत दिखाई दें हर प्रक्रिया में जवाबदेही स्पष्ट हो। मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को उनकी मूल भावना का स्मरण कराते हुए कहा कि उन्होंने यह सेवा धन, पद या सुरक्षा के लिए नहीं चुनी होगी, बल्कि राष्ट्र एवं समाज के लिए कुछ करने की भावना से चुनी होगी। उन्होंने कहा कि आपके निर्णय सीधे लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। इसलिए संवेदनशीलता, दूरदृष्टि और तथ्यपरक सोच अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी-कभी जनता की शिकायतें प्रशासन की छवि को आहत करती हैं।

लालफीताशाही, शिकायत न सुने जाने और फाइलों में अनावश्यक देरी जैसी बातें व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनता के विश्वास को सर्वोपरि रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक इतिहास में सूर्यप्रताप सिंह, टीएन शेषन, नृपेंद्र मिश्र जैसे अनेक अधिकारी ऐसे रहे हैं जिन्होंने अपनी ईमानदारी, संकल्प और जनसेवा के माध्यम से समाज में स्थायी छाप छोड़ी।

### रूस-यूक्रेन

डाल रहे हैं कि वह रूस को अपनी जमीन देने, सेना के आकार में भारी कटौती करने पर सहमत हों साथ ही यूरोप भरोसा दे कि वह यूक्रेन को कभी नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं करेगा। जेलेंस्की ने अपने वीडियो संबोधन में कहा अब यूक्रेन खुद को एक बेहद मुश्किल दौर का सामना कर सकता है। उसे या तो गरिमा खोने का जोखिम, या फिर एक महत्वपूर्ण साझेदार को खोने का खतरा (झेलना होगा)। ट्रंप की योजना के केंद्र में यूक्रेन से अपने पूर्वी डोनबास क्षेत्र के पूरे हिस्से को छोड़ देने की मांग है, जबकि उस क्षेत्र का बड़ा हिस्सा अब भी यूक्रेन के नियंत्रण में है।

### अमेरिका की

और अमेरिका से मिलने वाले जरूरी समर्थन को बनाए रखने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। अमेरिकी प्रस्ताव में यूक्रेन का कुछ क्षेत्र रूस को सौंपने का प्रावधान है, जिसे कीव कई बार खारिज कर चुका है। इसके साथ ही यूक्रेनी सेना के आकार में कटौती और नाटो सदस्यता के लिए उसके बहुप्रतीक्षित रास्ते को रोकने जैसी बातें भी शामिल हैं। इस योजना में मॉस्को की कई पुरानी मांगें जगह पाती हैं, जबकि कीव के लिए सुरक्षा गारंटियों का दायरा सीमित है।

### बंगलुरु में

ने तीन महीने पहले चोरी की साजिश रची थी। उन्होंने नकद ले जाने वाली वैन के रास्ते का मुआयना किया और वारदात को अंजाम देने के लिए बिना सीसीटीवी कैमरा वाले स्थान का चयन किया। पुलिस ने बताया कि 19 नवंबर को अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर खुद को आरबीआई अधिकारी बताकर एटीएम तक पैसा पहुंचाने वाली नकद रुपये से भरी वैन को रोका और करीब सात करोड़ रुपये लेकर फरार हो गए। यह घटना उस समय हुई जब सीएमएस इन्फो सिस्टम का वाहन जेपी नगर स्थित एक बैंक शाखा से नकदी लेकर जा रहा था।




# साउथ अफ्रीका के 6 विकेट पर 247 रन

## दूसरा टेस्ट : कुलदीप यादव ने पारी में अब तक तीन विकेट लिये, स्टब्स ने 49, बावुमा ने 41 रन बनाये

एजेंसी



गुवाहाटी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच गुवाहाटी टेस्ट के पहले दिन का खेल 8.1 ओवर पहले खत्म हो गया। खराब रोशनी के कारण पूरे 90 ओवर नहीं फेंके जा सके। बरसापारा स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी मेहमान टीम ने 6 विकेट खोकर 247 रन बना लिए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 49 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 41 रन बनाए। सेनुरन मुथुसामी 25 और विकेटकीपर काइल वेरिने 1 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। वियान मुल्डर 13, टोनी डी जॉर्जी 28, रायन रिकेल्टन 35 और ऐडन मार्करम 38 रन बनाकर आउट हुए। भारत से कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को 1-1 विकेट मिला। दूसरे दिन का खेल रविवार सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

पहले सेशन में साउथ अफ्रीका की मजबूत शुरूआत टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका ने पहले सेशन में मजबूत शुरूआत की। टीम ने 25 ओवर तक कोई विकेट नहीं गंवाया। रायन रिकेल्टन और ऐडन मार्करम टीम को 100 रन के करीब पहुंचा रहे थे। तभी 27वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने मार्करम को बोल्ड कर दिया। ऐडन 38 रन बनाकर आउट हुए, इसी के साथ टीम पहला सेशन खत्म हुआ। दूसरे सेशन में भी 1 ही विकेट गिरा दूसरे सेशन के पहले ही ओवर में साउथ अफ्रीका ने रिकेल्टन का विकेट गंवा दिया। वे 35 रन बनाने के बाद कुलदीप यादव की बॉल पर कैच हुए। यहां से ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान टेम्बा बावुमा ने सेशन में टीम का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। दूसरे सेशन के बाद साउथ अफ्रीका का स्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 156 रन रहा। तीसरे सेशन में भारत ने 4 विकेट लिए तीसरे सेशन में साउथ अफ्रीका बैकफुट पर चले गया।

यहां भारत को 4 विकेट मिले। बावुमा 41, स्टब्स 49, टोनी डी जॉर्जी 28 और वियान मुल्डर 13 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप यादव को पहले दिन 3 विकेट मिले। बुमराह, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। साउथ अफ्रीका ने 81.5 ओवर के बाद 6 विकेट खोकर 247 रन बना लिए। टीम से सेनुरन मुथुसामी 25 और काइल वेरिने 1 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दोनों दूसरे दिन साउथ अफ्रीका की पारी आगे बढ़ाएंगे। भारत से सिराज अपना 18वां ओवर पूरा करेंगे, उनके ओवर में एक गेंद बाकी है। साउथ अफ्रीका को छठा झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने टोनी डी जॉर्जी को ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। सिराज का मैच में यह पहला विकेट है। जॉर्जी 59 बॉल पर 28 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका का पांचवां विकेट 201 रन पर गिर गया है। कुलदीप यादव ने वियान मुल्डर को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। मुल्डर ने 18 गेंदों में 13 रन बनाए। कुलदीप का इस पारी में यह तीसरा विकेट है। साउथ अफ्रीका का चौथा विकेट कुलदीप यादव ने लिया।

उन्होंने ट्रिस्टन स्टब्स को स्लीप में केएल राहुल के हाथों कैच कराया। स्टब्स ने 112 बॉल पर 49 रन बनाए। कुलदीप का पारी में यह दूसरा विकेट रहा। रवींद्र जडेजा ने साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। उन्होंने 58वें ओवर की दूसरी गेंद ऑफ स्टंप के बाहर डाली जो अंदर आ गई। बावुमा ने इसे मिड-ऑफ फील्डर के ऊपर से खेलने की कोशिश की। जायसवाल ने डाइव लगाकर इसे पकड़ लिया। बावुमा ने 92 गेंदों का सामना कर 41 रन बनाए। इस विकेट के साथ उनकी और ट्रिस्टन स्टब्स की 84 रन की साझेदारी टूटी।

साउथ अफ्रीका के 150 रन पूरे हो चुके हैं। टीम ने इस दौरान दो विकेट गंवाए। टेम्बा बावुमा और ट्रिस्टन स्टब्स क्रीज पर हैं। टेस्ट में बतौर कप्तान बावुमा के 1000 रन पूरे हो गए हैं। इस फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका के लिए ऐसा करने वाले वे नौवें खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपनी 20वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की है, जो डडली नॉर्स के साथ रअ के लिए दूसरा सबसे तेज रन है और सिर्फ ग्रीम स्मिथ (17 पारी) से पीछे है। टेम्बा बावुमा और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने यह साझेदारी 94 बॉल पर पूरी की। साउथ अफ्रीका की पारी के 42वे ओवर में मैच का पहला सिक्स लगा। कुलदीप यादव ने बॉल फेंकी। स्टब्स ने क्रिज से स्टेप आउट किया और लॉन्ग-ऑन के ऊपर से गेंद बाउंड्री के बाहर पहुंचा दिया। 36वें ओवर के पूरा होने के बाद साउथ अफ्रीका के फिजियो मैदान पर आए और बावुमा की जांच किया। उनकी दाहिनी कोहनी पर चोट लगी है। 35वें ओवर की तीसरी गेंद, जो मोहम्मद सिराज ने ऑफ स्टंप के बाहर से अंदर की ओर फेंकी थी, बावुमा की कोहनी के हड्डी वाले हिस्से पर लगी। साउथ अफ्रीका के 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन पूरे हो गए हैं। टेम्बा बावुमा और ट्रिस्टन स्टब्स क्रीज पर हैं। रायन रिकेल्टन और ऐडन मार्करम आउट हो चुके हैं।

# माहित संधू ने 50 मीटर में जीता स्वर्ण पदक



नयी दिल्ली। भारत की माहित संधू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता जो उनका चौथा पदक है। माहित ने 45 शॉट के बाद कुल 456.0 अंक हासिल कर बधिर ओलंपिक खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया की डैन जियोंग ने 453.5 अंक के साथ रजत और हंगरी की मीरा ज़ुज़ाना बियातोव्स्की ने 438.6 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। माहित ने फाइनल तक पहुंचने के दौरान बधिर खेलों का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

उन्होंने क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाए और शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। माहित ने नीलिंग में 194, प्रोन में 198 और स्टैंडिंग में 193 अंक प्राप्त किए तथा पिछले वर्ष हनोवर में आयोजित विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में बनाए गए 576 अंकों के अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। भारत की नताशा जोशी ने भी 566 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वह फाइनल में 417.1 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाजों ने बधिर ओलंपिक में अब तक पांच स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य सहित 14 पदक जीते हैं। अभिनव देशवाल और चेतन हनमंत सपकाल 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा में हैं।

## फिडे ने दोहा विश्व रैपिड एंव ब्लिट्ज चैंपियनशिप में दी ढील

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने अगले महीने दोहा में होने वाली विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप के लिए आराम को तरजीह देने वाली ड्रेस संहिता की घोषणा की है जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए क्लासिक नॉन-डिस्ट्रेस्ड जींस पहनने की अनुमति होगी। एक साल पहले इसी टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के जींस पहनने से जींसगेट विवाद खड़ा हो गया था। विश्व शतरंज संचालन संस्था के अपडेट हुए नियमों के अनुसार 25 से 30 दिसंबर तक दोहा में होने वाली प्रतियोगिता के लिए पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए गहरे रंग के बिजनेस-कैजुअल ट्राउजर पहनने की अनुमति होगी जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए नीले, काले या स्लेटी रंग में क्लासिक, नॉन-डिस्ट्रेस्ड जींस भी शामिल हैं।

## संक्षेप

### दीपा के सह लेखन संस्मरण ब्रिंगइटऑन को पुरस्कार

नयी दिल्ली। भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक के सह लेखन वाले उनके संस्मरण ब्रिंग इट ऑन को शनिवार को एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फेस्टिवल (ईएसएलएफ) के स्पोर्ट्स बुक ऑफ द ईयर 2025 पुरस्कार से नवाजा गया। टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा और नमिता काला द्वारा लिखी द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर वाइफ को ईएसएलएफ की बायोग्राफी ऑफ द ईयर 2025 पुरस्कार दिया गया। इस साल का ईएसएलएफ पुरस्कार पाने वाली अन्य खेल किताबों में शिखर धवन, चंद्रेश नारायण और नमिता काला की द वन, क्रिकेट, माई लाइफ एंड मोर को ऑटोबायोग्राफी ऑफ द ईयर तथा मोहिंदर अमरनाथ और राजिंदर अमरनाथ द्वारा लिखी फीयरलेस को क्रिकेट बुक ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला।

### पूर्व विश्व चैंपियन गोलोवकिन वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष बने

वाशिंगटन। पूर्व विश्व चैंपियन गेनाडी गोलोवकिन विश्व मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। कजाकिस्तान के रहने वाले गोलोवकिन को वर्ल्ड बॉक्सिंग के अध्यक्ष पद के लिए यूनान के हरिलाओस मारिओलिस के खिलाफ चुनाव लड़ने की उम्मीद थी, लेकिन संगठन ने शुक्रवार को कहा कि जांच प्रक्रिया के बाद वह एकमात्र योग्य उम्मीदवार पाए गए हैं। गोलोवकिन ने एक प्रतिनिधि के माध्यम से जारी बयान में कहा मुझे सूचित किया गया है कि अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल एकमात्र अन्य उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

### भारत का सामना अजलन शाह में कोरिया से

इपोह। पांच बार की चैम्पियन और टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल टीम भारत 31वें सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में रविवार को कोरिया से खेलेगी। अजलन शाह कप 23 से 30 नवंबर के बीच खेला जायेगा। भारत 2019 में उपविजेता रहने के बाद इसमे पहली बार खेल रहा है। इस बार भारत, बेल्जियम, कनाडा, कोरिया, न्यूजीलैंड और मलेशिया की टीमें भाग लेंगी जो राउंड रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी। शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी। संजय की कप्तानी वाली भारतीय टीम 24 नवंबर को बेल्जियम से खेलेगी जबकि 26 नवंबर को मलेशिया और 27 नवंबर को न्यूजीलैंड से सामना होगा। आखिरी लीग मैच 29 नवंबर को कनाडा से खेलना है।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दिल्ली की अगुआई करेंगे नीतीश राणा



एजेंसी

नयी दिल्ली। नीतीश राणा को 26 नवंबर से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए शनिवार को दिल्ली की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। राणा का उत्तर प्रदेश से आने के बाद मौजूदा घरेलू सत्र में दिल्ली के लिए यह पहला टूर्नामेंट होगा।

उन्हें दिल्ली की रणजी ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिली है। आयुष बडोनी और यश ढुल दोनों की अगुआई वाली दिल्ली की टीम अब तक रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। एलीट ग्रुप डी में दिल्ली पांच मैच में आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2017-18 की चैंपियन टीम अब राणा के नेतृत्व में टी20 टूर्नामेंट में किस्मत बदलने की उम्मीद करेगी।

लेग स्पिनर दिग्वेश राठी को 23 खिलाड़ियों की टीम में जगह नहीं मिली है। अभी तक यह पता नहीं चला है कि वह चोटिल हैं या नहीं। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने कहा कि तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा, हर्षित राणा और नवदीप सैनी अगर उपलब्ध होंगे तो टीम में शामिल होंगे।

## कोबोली ने दो बार के गत चैंपियन इटली को डेविस कप फाइनल में पहुंचाया

बोलोग्ना (इटली)। फ्लेवियो कोबोली ने नाटकीय सेमीफाइनल में सात मैच प्वाइंट बचाने के बाद बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स को 6-3, 6-7 (5), 7-6 (15) से हराकर दो बार के गत चैंपियन इटली को डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा दिया। कोबोली ने खुद छह मैच प्वाइंट गंवाए लेकिन आखिर में इटली को जीत दिलाने में सफल रहे। उन्होंने शर्ट उतारकर अपने साथियों के साथ जश्न मनाया और फिर बर्ग्स को सांत्वना देने गए जो कुर्सी पर बैठकर आंसू बहा रहे थे। डेविस कप के इतिहास में 17-15 का अंतिम सेट टाईब्रेक छठा सबसे लंबा था। कोबोली ने कहा हमने अपने देश के लिए, इस जीत के लिए संघर्ष किया, लेकिन आखिरकार मेरा सपना साकार हुआ।

मैं अपनी पूरी टीम और अपने परिवार के लिए खेला। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है। कोबोली की जीत से युगल मुकाबला खेलने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि उन्होंने इटली को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। इससे पहले माटेओ बेरेटिनी ने राफेल कोलिग्नन को 6-3, 6-4 से हराकर इटली को शुरुआती बढ़त दिलाई थी।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराया

एजेंसी




हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)। मार्क चैपमैन के अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। चैपमैन (64) ने 58 गेंदों में अपना

❍ वनडे शृंखला में किया क्लीन स्वीप

चौथा एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद 40) के साथ पांचवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की जिससे न्यूजीलैंड ने 162 रन के लक्ष्य को 19.3 ओवर शेष रहते हुए छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसकी पूरी टीम 36.2 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से रोस्टन चेज ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हेनरी ने चार जबकि जैकब डफी और मिचेल सैंटनर ने दो-दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने पहला मैच सात रन से और दूसरा मैच पांच विकेट से जीता था। वहीं दूसरी ओर रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में चार मैचों में 20 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिये बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। पैर की चोट से उबरकर फिट हुए शमी ने इस सत्र में बंगाल के लिये चार रणजी मैच खेले।

पहले दो मैचों में उनके 15 विकेट की मदद से बंगाल ने उत्तराखंड और गुजरात को हराया। अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी वाली टीम में शमी के साथ तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी जगह दी गई है। शमी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली। यह तेज गेंदबाज हालांकि वापसी को बेताब है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के दौरान कहा था, मैं फिट रहकर भारतीय टीम में चयन के लिये उपलब्ध रहना चाहता हूं। अपनी फिटनेस पर चयनकर्ताओं को अपडेट करना मेरा काम नहीं है।

बंगाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के पहले मैच में 26 नवंबर को हैदराबाद में बड़ौदा से खेलेगा। वहीं दूसरी ओर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी के भारत के 30वें टेस्ट स्थल बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैच की श्रृंखला का दूसरा एवं अंतिम टेस्ट मैच यहां खेला जा रहा है। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गुवाहाटी ने इतिहास रच दिया है उएसीए स्टेडियम को भारत का 30वां टेस्ट स्थल बनते देख गर्व हो रहा है, जिसने असम की क्रिकेट को अपने चरम पर पहुंचा दिया है।

# लक्ष्य ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में

एजेंसी



सिडनी। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने शुरुआती गेम में मिली हार से उबरने के लिए जबरदस्त मानसिक दृढ़ता दिखाई और 86 मिनट तक चले सेमीफाइनल में दूसरे वरीय खिलाड़ी को 17-21, 24-22, 21-16 से हराया। वर्तमान सत्र में अभी तक कोई भी खिताब नहीं जीत पाने वाले 24 वर्षीय सेन का फाइनल में मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा। फाइनल रविवार को खेला जाएगा। तनाका ने चीनी ताइपे के पांचवीं वरीयता प्राप्त लिन चुन यि को 21 . 18, 21 . 15 से हराया। लक्ष्य शुरुआत में थोड़े ढीले दिखे, जबकि चेन अपने शॉट चयन में कहीं ज़ूयादा सटीक थे। इससे ताइवान के खिलाड़ी ने पहले गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली जो कुछ देर बाद 14-7 हो गई। लक्ष्य ने इसके बाद वापसी की। इन दोनों खिलाड़ियों ने 19-15 के स्कोर पर 44 शॉट की रैली खेली, जिसमें चेन ने जीत हासिल करके पांच गेम प्वाइंट हासिल किए। लक्ष्य ने दो गेम प्वाइंट बचाए, लेकिन फिर एक शॉट नेट में डालकर पहला गेम गंवा दिया। दूसरे गेम के शुरू में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन चेन के सटीक हमले फिर से कारगर साबित हुए और उन्होंने 7-4 की बढ़त बना ली। लेकिन लक्ष्य ने शानदार वापसी की और इंटरवल तक 11-9 की बढ़त बना ली। लक्ष्य का स्मैश बाहर चला गया, जिससे चेन ने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 कर दिया। इसके बाद एक समय स्कोर 17-17 बराबरी पर था लेकिन चेन ने लक्ष्य के नेट पर शॉट मारने पर बढ़त बना ली। ताइवान के खिलाड़ी ने इसके बाद तीन मैच प्वाइंट हासिल किए लेकिन लक्ष्य ने उनका अच्छी तरह से बचाव किया और फिर दूसरा गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। लक्ष्य ने तीसरे और निर्णायक गेम में 6-। की बढ़त बना ली। चेन ने जिस तरह का खेल पहले गेम में दिखाया था उसको वह बरकरार नहीं रख पाए। लक्ष्य ने इसका पूरा फायदा उठाकर इंटरवल तक 11-6 बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। ताइवान के खिलाड़ी ने चार मैच प्वाइंट बचाए लेकिन वह लक्ष्य को फाइनल में जगह बनाने से नहीं रोक पाए।

## लखनऊ स्कूल गेम्स 2025 का आयोजन 2 से 7 दिसंबर तक

लखनऊ। बच्चों को मोबाइल से दूर करने और दोबारा खेल के मैदानों से जोड़ने की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रगतिशील भारती फाउंडेशन ने 'लखनऊ स्कूल गेम्स-2025' के आयोजन की आधिकारिक घोषणा की। आगामी 2 से 7 दिसम्बर 2025 तक होने वाला यह आयोजन आयोजन सिर्फ खेल टूनार्मेंट ही नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस को मजबूत करने की दिशा में शुरू किया गया एक बड़ा अभियान भी है। आयोजन समिति के अध्यक्ष व गेम्स संयोजक अनुज कुमार तिवारी ने कहा कि स्क्रीन आज बच्चों के विकास की यात्रा में एक मौन प्रतिस्पर्धी बन चुकी है। एक मजबूत मन के लिए सिर्फ स्क्रीन नहीं, बल्कि एक सक्रिय खेल मैदान आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रतिस्पधाओं की शुरूआत 2 दिसंबर से होगी जबकि समापन 7 दिसंबर को होगा। इस दौरान फुटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बाक्सिंग, वॉलीबाल, साफ्ट टेनिस, योग, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स एव खो-खो की स्पधाएं होंगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के संरक्षण में होने वाले इन गेम्स के तहत 2 दिसंबर को चौक स्टेडियम में फुटबॉल टूनार्मेंट की शुरूआत होगी। फुटबॉल के मैच 2 से 6 दिसंबर तक होंगे।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया

एजेंसी



पर्थ। ट्रेविस हेड (123) ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों पर दबदबा बनाते हुए शतक जड़ा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां तीन दिन रहते एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में आठ विकेट से जीत दर्ज की। हेड ने इंग्लैंड की बैजबॉल की रणनीति पर पलटवार करते हुए 69 गेंद में शतक जड़ दिया जिससे यह एशेज क्रिकेट के शानदार सैकड़ों में शामिल हो गया। उस्मान ख्वाजा के चोटिल होने के कारण हेड को पारी का आगाज करने के लिए उतारा गया और उन्होंने मैदान में हर तरफ बाउंड्री लगाईं। जीत के लिए 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हेड ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 83 गेंद में 16 चौके और चार छक्के की मदद से 123 रन बनाए। हेड टीम को जल्दी से जीत तक पहुंचाने की कोशिश में आउट हुए जब स्कोर दो विकेट पर 192 रन था और टीम को जीत के लिए महज 13 रन की दरकार थी। मार्नस लाबुशेन ने छक्का जड़कर स्कोर बराबर किया और जब टीम दो विकेट पर 205 रन पर पहुंची तो वह 51 रन बनाकर नाबाद रहे। पर्थ में दो दिन में पांच सत्र में तीन पारियों में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा जिसमें 113 ओवर में 468 रन पर 30 विकेट गिरे। इसमें पहले दिन 19 विकेट और दूसरे दिन चाय काल से पहले 11 विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह घरेलू एशेज टेस्ट में अजेय लय 16 मैच तक बढ़ा दी, उसने 2010-11 में सीरीज गंवाने के बाद से 14 जीत और दो ड्रॉ खेले हैं। इंग्लैंड ने पहले चार सत्र में दबदबा बनाया लेकिन दूसरे दिन लंच के बाद बल्लेबाजी क्रम के लड़खड़ाने बाद नियंत्रण गंवा दिया। कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की और टीम पहली पारी में 172 रन पर ढेर हो गई। इसमें ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 58 रन देकर सात विकेट झटके। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में महज 132 रन पर सिमट गई जिसमें उसके लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर 26 रन का था जो विकेटकीपर एलेक्स कैरी का रहा। स्टोक्स ने पांच विकेट झटके। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में दूसरा विकेट पर 65 रन पर गंवाया लेकिन इसके बाद तीन खिलाड़ी एक भी रन बनाए बिना 76 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। इससे टीम दूसरी पारी में 164 रन पर सिमट गई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया के पास 205 रन के लक्ष्य का पीछा करने के लिए तीन दिन और एक सत्र था। और हेड ने एक सत्र में ही टीम को आसान जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द मैच रहे जिन्होंने मैच में कुल 10 विकेट झटके।

# पीएम ने गुतारेस और स्टार्मर से की मुलाकात

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की। मोदी ने दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के इतर स्टार्मर और गुतारेस से मुलाकात की।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जोहानिसबर्ग में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से मिलना बहुत अच्छा रहा। इस साल भारत-ब्रिटेन भागीदारी में नयी ऊर्जा आई है और हम इसे कई क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस के साथ उनकी बहुत सार्थक बातचीत हुई। जी20 नेताओं की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक विकास मानदंडों पर गहन पुनर्विचार का आह्वान किया और मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल तथा एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल बनाने का प्रस्ताव किया। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के साथ बैठक के बाद एक नयी त्रिपक्षीय प्रौद्योगिकी और नवाचार साझेदारी की घोषणा की। मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा, हमें आज ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसीआईटीआई) साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, यह पहल उभरती प्रौद्योगिकियों में तीन महाद्वीपों और तीन महासागरों में फैले लोकतांत्रिक साझेदारों के बीच सहयोग को और गहरा करेगी, साथ ही आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता, स्वच्छ ऊर्जा और कृत्रिम मेधा (एआई) के व्यापक उपयोग में मददगार साबित होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को इस मुलाकात से इतर ब्रिटिश समकक्ष केअर स्टॉर्मर और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ भी बैठक की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा जोहानिसबर्ग में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से मिलकर बहुत अच्छा लगा। इस वर्ष भारतब्रिटेन साझेदारी में नयी ऊर्जा आई है और हम इसे अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस के साथ बातचीत बहुत ही लाभदायक रही। मोदी ने जी20 नेताओं की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वैश्विक विकास के मानकों पर गहन पुनर्विचार की आवश्यकता बताई और मादक पदार्थों तथा आतंकवाद के गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए समूह की ओर से पहल तथा एक वैश्विक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया दल गठित करने का प्रस्ताव रखा।

# श्री सत्य साईं बाबा ने लाखों लोगों को सेवा के मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित : राष्ट्रपति

पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि पूज्य आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साई बाबा ने लाखों लोगों को सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। श्री सत्यसाई जिले के पुट्टपर्थी में सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सत्य साई बाबा ने इस विश्वास का प्रचार किया कि मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। मुर्मू ने कहा, श्री सत्य साई बाबा ने अध्यात्म को निस्वार्थ सेवा और व्यक्तिगत परिवर्तन से जोड़ा। साईं बाबा ने लाखों लोगों को सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति के अनुसार, सत्य साई बाबा ने अपने अनुयायियों से आध्यात्मिकता को लोक कल्याण के साथ जोड़ने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि इतने सारे देशों में उनके भक्त वंचितों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा का निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से निःस्वार्थ प्रेम का संदेश श्री सत्य साई संगठन को सेवा के वास्ते स्वयंसेवा करने के लिए प्रेरित कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा सत्य साई बाबा का संदेश है कि सभी से प्रेम करो, सभी की सेवा करो, सदैव मदद करो और कभी किसी को चोट न पहुंचाओ। यह संदेश शाश्वत और सार्वभौमिक है। सत्य साई बाबा का मानना था कि विश्व हमारी पाठशाला है और सत्य,



सदाचार, शांति, प्रेम एवं अहिंसा के पांच मानवीय मूल्य हमारा पाठ्यक्रम हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्राचीन काल से ही हमारे ज षि-मुनियों ने अपने कार्यों और वचनों से समाज का मार्गदर्शन किया है और जन कल्याण के लिए अनेक पहल की हैं। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा ने व्यापक कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से आदर्शों को वास्तविकता में बदलकर इस परंपरा का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई सेंट्रल ट्रस्ट उच्च-गुणवत्ता वाली निःशुल्क शिक्षा प्रदान करता है जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और चरित्र निर्माण का समन्वय है।

## संक्षेप

### रूस-यूक्रेन युद्ध पर दक्षिण अफ्रीका में करेंगे बैठक

कीव। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेता शनिवार को दक्षिण अफ्रीका में एक बैठक में भाग लेंगे, जहां वे रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका की प्रस्तावित योजना के विकल्प तलाशेंगे। कई यूरोपीय देशों का मानना है कि यह अमेरिकी योजना मॉस्को के हित में झुकी हुई है। रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला किए जाने के लगभग चार साल बाद यह कूटनीतिक कवायद तेज हुई है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि इस योजना के चलते यूक्रेन एक कठिन स्थिति में आ सकता है, जहां उसे अपनी संप्रभुता की रक्षा और अमेरिका से मिलने वाले जरूरी समर्थन को बनाए रखने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। यूरोपीय देशों का मानना है कि यूक्रेन का रूस के खिलाफ संघर्ष उनकी अपनी सुरक्षा और भविष्य से जुड़ा हुआ है,

इसलिए वे किसी भी शांति पहल में अपनी भागीदारी और परामर्श को आवश्यक मानते हैं। शनिवार को ये देश दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर बैठक करने की तैयारी में हैं।

# भर्ती कर साइबर धोखाधड़ी मामले में दो गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय युवाओं की भर्ती और तस्करी कर उन्हें म्यांमा के ठगी केंद्रों में भेजने के आरोप में दो व्यक्तियों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। तस्करी कर म्यांमा भेजे गए लोगों से साइबर गुलामी जैसी परिस्थितियों में रहने और साइबर धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जाता था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने दिल्ली के बवाना निवासी दानिश राजा (24) और फरीदाबाद निवासी हर्ष (30) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस



अधिकारी ने बताया, यह मामला उस वक्त सामने आया जब म्यांमा के सैन्य अधिकारियों ने 22 अक्टूबर को म्यावाड्डी में धोखाधड़ी में इस्तेमाल किये जाने वाले एक परिसर पर छापा मारा और कई भारतीयों को मुक्त कराया। इन लोगों को साइबर धोखाधड़ी किए जाने वाले परिसर में बंधक बना कर रखा गया था। उस समय से विभिन्न राज्यों के लगभग 300 भारतीयों को वापस लाया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि ये लोग कथित तौर पर दबाव में काम कर रहे थे और म्यांमा के कई धोखाधड़ी केंद्रों से अमेरिकी नागरिकों से ठगी कर रहे थे। साइबर-गुलामी से तात्पर्य मानव तस्करी से है, जिसमें व्यक्तियों के साथ फर्जी नौकरी का प्रस्ताव देकर उनसे ठगी कराई जाती है और फिर उन्हें संगठित साइबर-धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल करने के लिए शारीरिक या मानसिक रूप से मजबूर किया जाता है।

# उद्योगपति की बेटी की शादी में पहुंचीं हस्तियां

एजेंसी

उदयपुर। अमेरिकी उद्योगपति राजू रामलिंगा मंटेना की बेटी नेत्रा मंटेना की शादी के कार्यक्रम झीलों की नगरी उदयपुर में शुरू हो गए हैं, जहां शुक्रवार रात सिटी पैलेस के माणक चौक में संगीत सेरेमनी में कई बॉलीवुड कलाकार शामिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम की मेजबानी करण जौहर और सोफी चौधरी ने की। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक अभिनेता रणवीर सिंह ने अपनी परफॉर्मेंस से भीड़ में जोश भर दिया। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और उनकी गर्लफ्रेंड को भी डांस फ्लोर पर आने का आग्रह किया। अभिनेत्री कृति सेनन ने अपने हिट गाने परम सुंदरी पर परफॉर्म किया, जबकि जैकलीन फर्नांडीज ने लाल छड़ी पर डांस किया। इस विवाह कार्यक्रम के प्रबंधन से जुड़ी फर्म के मुताबिक वरुण



धवन और शाहिद कपूर ने भी प्रस्तुति दी। नेत्रा मंटेना की शादी भारतीय मूल के वामसी गडिराजू से हो रही है। विवाह समारोह के कार्यक्रम 21 नवंबर से 24 नवंबर तक चलेंगे। जानकारी के अनुसार समारोह में संगीत की दुनिया में जाना पहचाना नाम जेनिफर लोपेज और दक्षिण अफ्रीका के डीजे-प्रोड्यूसर ब्लैक कॉफी भी अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। डच डीजे-प्रोड्यूसर टिएस्टो ने बृहस्पतिवार रात द लीला पैलेस में प्रस्तुति दी। पारंपरिक राजस्थानी नृत्य समूह और मांगणियार कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। शादी के विभिन्न कार्यक्रम उदयपुर सिटी पैलेस के माणक चौक तथा जनाना महल के साथ-साथ जगमंदिर और द लीला पैलेस होटल में होने हैं। इस शादी के लिए द लीला पैलेस होटल को मेहमानों के स्वागत के लिए शानदार लाल थीम पर सजाया गया है। मेहराबों से पुष्प गुच्छ लटके हुए हैं और इसे शाही दरबार जैसा रूप देने के लिए बड़े-बड़े झूमर लगाए गए हैं। बैठने की जगह पर खूबसूरत कुशन और सुनहरे लैंप वाले लाल सोफे हैं। दूसरी जगहों को भी शानदार ढंग से सजाया जा रहा है।

# सरदार पटेल के योगदान को कांग्रेस ने की अनदेखी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को देश को एकजुट करने में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान की सराहना की और आरोप लगाया कि कांग्रेस की साजिश के कारण भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री को आजादी के बाद चार दशकों तक इतिहास में वह सम्मान नहीं मिल सका जिसके वह सच्चे हकदार थे।

नड्डा ने कहा कि अगर किसी ने सरदार पटेल को देश के इतिहास में सही और उचित स्थान दिया है, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। भाजपा



अध्यक्ष ने पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में ऐट150 यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाने के बाद एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं। पटेल भारत के पहले गृह मंत्री भी रहे।

नड्डा ने कहा अंग्रेज चाहते थे कि भारत कमजोर और विभाजित रहे। हमें उस मानसिकता से भी मुक्ति मिली। हमारा देश 562 रियासतों में बंटा हुआ था।

हम विदेशी शासन के अधीन रहे क्योंकि हम विभाजित थे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने दो साल के भीतर इन रियासतों को एकजुट कर एक राष्ट्र बनाया।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा, उन्होंने एक विभाजित भूमि को एक मजबूत और एकजुट भारत - एक भारत, श्रेष्ठ भारत में बदल दिया। लेकिन दुर्भाग्य से इतिहास और देश में उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, उसकी कांग्रेस के शासनकाल में कांग्रेस नेताओं ने दुर्भावनापूर्ण और स्वार्थी कारणों से अनदेखी की।

# मतदान से पहले ही भाजपा ने 100 पार्षदों के निर्विरोध जीत का किया दावा

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने स्थानीय निकाय चुनावों से पहले ही राज्य भर की नगरपालिका परिषदों और नगर पंचायतों में सत्तारूढ़ दल के 100 पार्षदों के निर्विरोध चुने जाने का दावा किया है। चव्हाण ने बताया कि तीन उम्मीदवार नगरपालिका परिषदों के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए हैं। चव्हाण ने शुक्रवार को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख को कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में वास्तविक मतदान से पहले ही 100 से अधिक भाजपा पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुये हैं।




### भारतीय पायलट की मौत पर पाक के मंत्री ने जताया शोक

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दुबई एयर शो के दौरान विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले पायलट के परिवार और भारतीय वायुसेना के प्रति संवेदना जतायी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के साथ प्रतिस्पर्धा केवल आकाश में है। भारतीय वायुसेना का तेजस लड़ाकू विमान शुक्रवार को दुबई एयर शो में प्रदर्शन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें उसके पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई। आसिफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रात में पोस्ट किया, पाकिस्तान स्ट्रेटेजिक फोरम पूरे देश की तरफ से भारतीय वायुसेना और भारतीय वायुसेना के उस एचएएल एलसीए तेजस के पायलट के परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताता है, जो आज दुबई एयर शो 2025 में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### सुमित बनर्जी ने बीबीसी के बोर्ड सदस्य पद से दिया इस्तीफा

लंदन। भारतीय मूल के प्रौद्योगिकी निवेशक सुमित बनर्जी ने ब्रिटेन के सार्वजनिक प्रसारणकर्ता के शीर्ष स्तर पर कामकाज संबंधी मुद्दों को लेकर बीबीसी के गैर कार्यकारी बोर्ड सदस्य के तौर पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बनर्जी का शुक्रवार को इस्तीफा ऐसे समय में आया, जब बीबीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 2021 के भाषण को एक वृत्तचित्र के लिए संपादित करने को लेकर विवाद गहरा गया है। इस वजह से इसके शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है और बोर्ड के अध्यक्ष समीर शाह ने माफी मांगी है। अपने इस्तीफे में बनर्जी ने कहा कि महानिदेशक टिम डेवी और समाचार प्रमुख डेबोरा टर्नेस के पद छोड़ने से पहले की घटनाओं के बारे में उनसे सलाह नहीं ली गई।



# जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, सिद्धार्थनगर

पू.सं./ 8608/2025-26 — दिनांक 22 नवम्बर, 2025

**6-14 वर्ष वर्ग के बच्चों को शिक्षा सुलभ कराने एवं बच्चों का ठहराव विद्यालय पर सुनिश्चित कराने हेतु बेसिक शिक्षा प्रगति के पथ पर अग्रसर**

1. जनपद में अनियमित रूप से संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का सघन निरीक्षण कराकर 211 विद्यालयों को नोटिस पत्र निर्गत किया गया है तथा 12 विद्यालयों को बन्द कराया गया एवं 30 विद्यालयों पर अर्थदण्ड लगाया गया। वर्तमान में विद्यालयों का निरीक्षण कराकर यथोचित कार्यवाही किये जाने की प्रक्रिया गतिमान है।
2. सत्र 2025-26 में डी.बी.टी. (डाइरेक्ट बेनीफीट ट्रान्जेक्शन) के अन्तर्गत पंजीकृत / नामांकित में 237747 छात्र-छात्राओं में से 187476 छात्र-छात्राओं के माता / पिता / अभिभावक के खाते में यूनीफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर, बैंग एवं स्टेशनरी की सम्पूर्ण धनराशि प्रति छात्र / छात्रा रू. 1200 की दर से प्रथम सीधे व्यक्तिगत खाते में अन्तरित करा दिया गया है तथा 1592 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों डी.वी.टी. की धनराशि प्रेषण हेतु बैंच रेडी है जिसे छात्र-छात्राओं के माता / पिता / अभिभावक के खाते में धनराशि प्रेषित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है। अवशेष छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में बैंच तैयार कराकर डी.बी.टी. की धनराशि अन्तरित कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की की जायगी।
3. जनपद के 14 विकास खण्डों में मेडिकल कैम्प का आयोजन कराया गया जिसमें चिकित्सकों द्वारा दिव्यांग छात्र - छात्राओं का परीक्षण के उपरान्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया।
4. जनपद के चिन्हिंत 500 दिव्यांग छात्राओं के सापेक्ष सकिय 454 खातों में प्रति छात्र / छात्रा रू. 2000.00 स्टाईपेण्ड (प्रोत्साहन राशि) की धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से छात्र-छात्राओं के माता/पिता/अभिभावक के खाते में अन्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी।
5. जनपद के चिन्हित 250 दिव्यांग छात्रों के सापेक्ष सक्रिय 235 खातों में प्रति छात्र / छात्रा को 6000.00 एस्कार्ट एलाउन्स की धनराशि छात्रों के माता/पिता/अभिभावक के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से अन्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित गयी।

(शैलेश कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सिद्धार्थनगर।

Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K